# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






कमला पार्क की सड़क का दृश्य, दोपहर 1.30 बजे

## खजुराहो 46 डिग्री, 14 जिले 44 से 45 डिग्री पर, छिंदवाड़ा में 'हीटवेव'

**11** साल में तीसरी बार भोपाल इतना गर्म

# आग की 'बारिश'

- भोपाल में अप्रैल वर्ष 2016 से सोमवार तक केवल वर्ष 2019 में 43.7, 2022 में 43.3 डिग्री के बाद पारा पहुंचा 43.3 डिग्री पर, 1.1 डिग्री और बढ़ा तो टूटेंगे सभी रिकार्ड
- 7 जिलों में रात का पारा भी अब 28 से 29 डिग्री तक पहुंचा, देर रात तक तेज गर्मी से हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में सोमवार को गर्मी के तेवर और तीखे रहे। गर्म हवाओं के बीच सुबह 9 बजे से ही सूरज ने आग उगलना शुरू कर दिया। इसका नतीजा यह रहा कि खजुराहो प्रदेश में पहली बार 46 डिग्री पर दर्ज हुआ और भोपाल 11 साल में तीसरी बार इतना गर्म रहा। भीषण गर्मी के बीच 14 जिलों में पारा 44 से 45 डिग्री के बीच पहुंच गया। भोपाल में दिन का पारा 43.3 डिग्री रहा, जो वर्ष 2016 से अब तक तीसरा सबसे अधिक दिन का पारा रहा।



### 14 जिले सबसे गर्म रहे

खजुराहो में पारा 46 डिग्री के साथ ही नौगांव में पारा 45.5 डिग्री रहा है। दतिया, गुना, रायसेन, रतलाम, श्योपुर, दमोह, मंडला, रीवा, सागर, सतना, सीधी, टीकमगढ़ में पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहने से इन जिलों में भीषण गर्मी रही। इसके अलावा अधिकांश जिलों में पारा 43 से 44 डिग्री के बीच रहने से पूरे प्रदेश में लोग गर्मी से बेहाल रहे। छिंदवाड़ा में लू चली। पारा 42.8 डिग्री रहा, जो नार्मल से 4.8 डिग्री से रहा। मंगलवार को विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, झाबुआ, रतलाम, छिंदवाड़ा दवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, दमोह, सागर, पांढुर्णा जिलों में कुछ जगह हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। मंगलवार तक ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में कुछ जगह आंधी, बारिश और बादलों का असर रहेगा। इससे तापमान में कुछ कमी आएगी।


inh
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पीबीकेएस आरआर
शाम 7.30 बजे से

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


### खबर संक्षेप

#### तरबूज खाने से एक ही परिवार के 4 की मौत

मुंबई। पायधुनी इलाके में संदिग्ध फूड पॉइजनिंग से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में 40 वर्षीय अब्दुल्ला कादर, उनकी पत्नी नसरीन और दो बेटियां आयशा व ज़ैनब शामिल



हैं। बताया जा रहा है कि बिरयानी और फिर तरबूज खाया था। देर रात अचानक सबकी तबीयत बिगड़ी और इलाज के दौरान चारों ने दम तोड़ दिया। हालांकि, साथ खाना खाने वाले रिश्तेदार सुरक्षित हैं।

#### 1 मई से महंगा हो जाएगा एलपीजी सिलेंडर

नई दिल्ली। अमेरिका-ईरान युद्ध से तेल मार्केटिंग कंपनियों ने 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी



सिलेंडर पर पहले ही 60 रुपए बढ़ा दिए है। कमर्शियल की कीमतें सिर्फ एक महीने में तीन बार बढ़ीं। रिपोर्ट के अनुसार, 1 मई 26 से एलपीजी की कीमतों में बदलाव होने की आशंका है।

## मध्यप्रदेश विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र ≫ नारी शक्ति वंदन बिल पर जोरदार बहस : संकल्प पारित कांग्रेस ने विरोध करते हुए सदन से किया वॉकआउट

# सीएम ने कहा-यह संकल्प आधी आबादी को उनका हक दिलाने में 'मील का पत्थर'

सीएम ने कहा कि इस संकल्प के साथ उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति भी है कि देश की आधी आबादी को उनका 33 फीसदी आरक्षण उनकी आबादी के साथ जोड़कर देंगे, यह हम सभी के मन में संकल्प भी है और मनोभाव भी

**हरिभूमि न्यूज:भोपाल।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े शासकीय संकल्प पर मप्र विधानसभा के एक दिनी विशेष सत्र में सोमवार को जोरदार बहस हुई। इस संकल्प पर बीच-बीच में गतिरोध उत्पन्न हुआ। विपक्षी कांग्रेस ने इसके औचित्य के सवाल पर वॉकआउट कर दिया। हालांकि, सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों के बीच करीब 7 घंटे से ज्यादा समय तक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह संकल्प देश की आधी आबादी को उनका हक दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा। महिलाओं को विधानसभाओं व लोकसभा में 33 फीसदी आरक्षण मिल सकेगा। इसके बाद संकल्प पारित कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नारी शक्ति के वंदन, महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण के लिए देश की संसद एवं सभी विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण, परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर तत्काल प्रभाव से लागू करने का शासकीय संकल्प सदन में रखा। उन्होंने कहा कि इस संकल्प के साथ उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति भी है कि देश की आधी आबादी को उनका 33 फीसदी आरक्षण उनकी आबादी के साथ जोड़कर देंगे, यह हम सभी के मन में संकल्प भी है और मनोभाव भी है। उनके सदन में संकल्प पेश होते ही गहमागहमी शुरू हो गई। दोनों पक्ष से करीब आधे घंटे तक गतिरोध बना रहा। इसके बाद कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट कर दिया।



डॉ. मोहन यादव

**सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच करीब 7 घंटे से ज्यादा समय तक चर्चा**



विधानसभा की कार्यवाही देखने जाती हुईं भाजपा की महिला कार्यकर्ता

≫ **दोनों पक्ष से करीब आधे घंटे तक गतिरोध बना रहा**

≫ **मंत्री कृष्णा गौर ने अजय सिंह से कहा अब तक कान में क्या तेल डाले हुए थे?**

### विपक्ष के अशासकीय संकल्प को ग्राह्य नहीं किया गया



उमंग सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल की तरफ से अशासकीय संकल्प दिया गया था, नियम-117 में व्यवस्था है कि उसे ग्राह्य करवाकर उस पर चर्चा कराई जाए। महिलाओं को तत्काल 33 फीसदी आरक्षण वर्तमान सीटों पर दें। उन्होंने कहा कि परिसीमन, जनगणना कब होगी? इसके बजाए तत्काल आरक्षण दे दिया जाए। सिंघार ने पूछा कि शासकीय संकल्प कब दिया गया। इससे पहले मेरा अशासकीय संकल्प लगा है। बाला बच्चन ने कहा कि 2023 में नारी शक्ति वंदन कानून बना। ढाई वर्ष तक उसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने संसद के कुछ तकनीकी पहलुओं का भी जिक्र किया।

### जो पहले संकल्प देगा उसे माना जाएगा

संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्वॉइंट ऑफ आर्डर के तहत कहा कि राज्यपाल के निर्देश पर विशेष सत्र बुलाया गया है। इसके स्थाई आदेश में परपंरा होती है कि जो पहले संकल्प देगा उसे माना जाएगा। उन्होंने श्रीनिवास तिवारी के अध्यक्षीय कार्यकाल का एक उद्धरण भी दिया।

### मंत्री कृष्णा गौर ने नारी वंदन पर रखा जोरदार पक्ष

मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने सदन में नारी शक्ति के वंदन के लिए महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने के मुद्दे पर जोरदार पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर तत्काल प्रभाव से लागू करने का संकल्प सरकार की दूरदर्शिता को दिखाता है।



भोपाल के राजा भोज हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग

## एयर इंडिया फ्लाइट की भोपाल में आपात लैंडिंग

# अटकी 166 यात्रियों की सांसें, वापसी फ्लाइट रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुंबई से एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 633 में सवार 166 यात्रियों और 9 क्रू मेंबर्स को बीच हवा में अचानक तनावपूर्ण पल का सामना करना पड़ा। विमान में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते पायलट ने भोपाल के राजा भोज हवाई अड्डे पर प्राथमिकता के आधार पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी। रविवार की दोपहर 3:20 बजे विमान सुरक्षित उतर गया। हालांकि, यह पूर्ण आपातकाल की बजाए प्राथमिकता लैंडिंग श्रेणी में था, लेकिन हवाई अड्डे ने सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल तुरंत सक्रिय कर दिए। जमीन पर पहुंचने के बाद तकनीकी टीम ने विमान का निरीक्षण किया और उसे आगे की उड़ान के लिए अनुपयोगी घोषित कर दिया। नतीजतन, भोपाल से मुंबई जाने वाली वापसी फ्लाइट एआई 634 (जिसमें 178 यात्रियों की बुकिंग थी) को रद्द कर दिया गया।

≫ **विमान में तकनीकी खराबी आ गई थी**

≫ **यह पूर्ण आपातकाल की बजाए प्राथमिकता लैंडिंग श्रेणी में था**

### डीजीसीए को भी रिपोर्ट भेजी गई

एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को तकनीकी खराबी की सूचना मिलते ही एयर इंडिया की टीम ने तुरंत एक्शन लिया। एटीसी, एयरलाइन ग्राउंड ऑपरेशंस, सीआईएसएफ और हवाई अड्डे की फायर एंड रेस्क्यू टीम के बीच बेहतरीन समन्वय बना रहा। एयर इंडिया ने अभी तक खराबी की सटीकवजह नहीं बताई है।

## समाज में बदलाव लाने लौटाया दहेज

# दूल्हे ने 48 लाख का दहेज वापस कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन




■ लोटस ग्रुप के मालिक हैं दूल्हे के पिता

जिले के बंगरेड गांव में एक दूल्हे ने दुल्हन के परिवार को 48 लाख का दहेज वापस कर दिया। दरअसल, रविवार को बंगरेड के लोटस रिसॉर्ट में यह तिलक समारोह हुआ, जहां आदर्श दीप राजावत ने दहेज लेने से इनकार कर दिया। आदर्श लोटस ग्रुप के मालिक जितेंद्रसिंह राजावत के बेटे हैं। जबकि दुल्हन बिंदिया कुमारी इंदौर जिले के देपालपुर क्षेत्र के तामलपुर निवासी किसान महेंद्रसिंह पंवार की बेटी हैं।

## पहले दिन पूरी नहीं हो पाई सुनवाई!

# ओबीसी आरक्षणः आज हाईकोर्ट में है सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



■ इस मामले का निपटारा 3 महीने में होगा

हाईकोर्ट में ओबीसी आरक्षण मामले की अंतिम सुनवाई पहले दिन तय समय पर शुरू नहीं हो सकी। अन्य बेंच के उपलब्ध न होने से चीफ जस्टिस की बेंच पर काम का दबाव बढ़ गया। अब कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि मंगलवार को इस मामले को पूरा समय देकर सुनवाई की जाएगी। सरकार के द्वारा नियुक्त अधिवक्ता के सरकार के खिलाफ बहस करने पर भी उठे सवाल।

## भोजशाला केस : भड़का मुस्लिम पक्ष

# जिसे मस्जिद माना जा चुका उसे मंदिर कहना पूरा भ्रामक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



■ कोर्ट ने भोजशाला के वीडियो अपलोड किए

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में धार स्थित भोजशाला और कमाल मौला मस्जिद विवाद को लेकर चल रही सुनवाई अब तीखे टकराव में बदलती जा रही है। तीसरे हफ्ते की सुनवाई के पहले ही दिन मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट में आक्रामक रुख अपनाते हुए साफ शब्दों में कहा- जिसे पहले ही मस्जिद माना जा चुका है।

## पं. बंगाल में दूसरे चरण का चुनाव प्रचार थमा

# 142 सीटों के लिए कल होगा मतदान 1,448 उम्मीदवार चुनावी 'मैदान' में

केंद्रीय बलों के कमांडरों ने तैयारियों का जायजा लिया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के दूसरे और अंतिम चरण में 142 सीटों पर डेढ़ माह तक चला जोरदार चुनाव प्रचार सोमवार शाम 6 बजे थम गया। प्रचार के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी तथा विभिन्न दलों ने अपने उम्मीदवारों के समर्थन में रैलियां, सभाएं और रोड-शो किया।



### ऐसे होगी निगरानी

*हर पोलिंग स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और बूथों पर केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता और विशेष पुलिस पर्यवेक्षक एन के मिश्रा भी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं।*

## टवेरा से शादी समारोह से आ रहे थे

# ट्रैक्टर ट्रॉली व टवेरा वाहन की भिड़ंत में 5 की मौत, 7 घायल

आंचलखेड़ा के पास रात 2 बजे टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

आंचलखेड़ा-पिपरिया-नर्मदापुरम राज्य मार्ग पर स्थित आंचलखेड़ा के पास रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को सोयाबीन से भरा ट्रैक्टर ट्राली और टवेरा वाहन की टक्कर हो गई।

जिससे टवेरा वाहन में बैठे 5 लोगों की मौत हो गई और 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टवेरा वाहन में सवार सभी लोग बुधनी से शादी समारोह से लौट रहे थे तभी आंचलखेड़ा के पास लगभग रात्रि के 2 बजे एक ट्रैक्टर ट्राली सोयाबीन की बोरियों से भरा आ रहा तभी दोनों में भयंकर भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी तेज थी कि टवेरा वाहन के परखच्चे उड़ गए और ट्रॉली के दोनों पहिया निकलकर दूर जा गिरे और ट्राली पलट गई।

जिसमें टवेरा सवार 5 लोगों की मौत हो गई वहीं 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को नर्मदापुरम जिला अस्पताल पहुंचाया गया।



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त टवेरा वाहन

## भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर, 100% भारतीय निर्यात टैक्स-फ्री

# भारतीय कपड़ा और परिधान, चमड़ा उद्योग, चीनी मिट्टी के बर्तन कालीन, वाहन व उनके पुर्जों के निर्यात को भारी बढ़ावा मिलेगा

यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था और निर्यातकों के लिए वैश्विक बाजार में एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत

- 16 मार्च 2025 को शुरू हुई बातचीत को रिकॉर्ड नौ महीनों के भीतर संपन्न कर लिया गया
- घरेलू कृषि और डेयरी सेक्टर को इस एफटीए के दायरे से पूरी तरह बाहर रखा गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों में सोमवार को एक नए युग की शुरुआत हुई। दोनों देशों ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो व्यापार, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने वाला है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के उनके समकक्ष टॉड मैक्ले की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण समझौते को आधिकारिक रूप दिया गया। यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था और निर्यातकों के लिए वैश्विक बाजार में एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत मानी जा रही है। इस एफटीए की सबसे खास बात इसकी गति रही है।



पीयूष गोयल और टॉड मैक्ले समझौते पर आधिकारिक रूप हस्ताक्षर करते हुए

### 20 अरब डॉलर का निवेश करेगा न्यूजीलैंड

समझौते के तहत, न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में भारत में 20 अरब डॉलर का भारी-भरकम निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। यह निवेश यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) द्वारा भारत के साथ किए गए समझौते में प्रस्तावित 100 अरब डॉलर के निवेश ढांचे की तर्ज पर ही है।



प्रधानमंत्री मोदी ने बैरकपुर में चुनावी रैली में एक बार फिर गारंटी वाला मास्टरस्ट्रोक खेला

# यहां की धरती ने आजादी की पहली लड़ाई को ताकत दी थी, अब यही धरा आज बंगाल में बदलाव की राह को प्रशस्त करेगी, हमें भरोसा चाहिए, भाजपा चाहिए



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल का चुनावी रण अब अपने चरम पर है और दूसरे चरण की वोटिंग से पहले सियासी पारा उफान पर पहुंच गया है। प्रचार के आखिरी दिन राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने जनता को लुभाने के लिए वादों की बौछार कर दी है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैरकपुर में चुनावी रैली के दौरान एक बार फिर गारंटी वाला मास्टरस्ट्रोक खेलकर मुकाबले को और तेज कर दिया है।

पीएम ने 5 बड़ी गारंटियों का एलान करते हुए साफ संदेश दिया कि सत्ता परिवर्तन अब दूर नहीं है। रोजगार, भर्ती, वेतन और गांवों में काम जैसे मुद्दों को हथियार बनाकर पीएम मोदी ने दूसरे चरण के चुनावी मैदान में सीधी टक्कर का बिगुल फूंक दिया है।

### पीएम मोदी की 5 गारंटी

- पहली : रेहड़ी पटरी वालों को बैंक से दी जाएगी मदद।
- दूसरी : भर्ती तय समय और पारदर्शी तरीके से होगी।
- तीसरी : रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।
- चौथी : राज्य में 7वां वेतन आयोग का तुरंत लागू करेंगे।
- पांचवीं : पलायन रोकेंगे, गांवों में 125 दिन का रोजगार।

### 'पीएम-सीएम एक साथे तो विकास होवे दिन राते'



प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में विशाल जनसमूह उमड़ा

### 'पलटनो दरकार, चाई बीजेपी सरकार'

पीएम मोदी ने कहा कि 1857 में इसी बैरकपुर की धरती ने आजादी की पहली लड़ाई को ताकत दी थी। यही धरती आज बंगाल में परिवर्तन की राह को और प्रशस्त कर रही है। भाजपा के चुनावी नारे और बंगाल में बदलाव की बयार का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने रैली में कहा कि बंगाल में हर ओर एक ही नारा सुनाई दे रहा है 'पलटनो दरकार, चाई बीजेपी सरकार। यानी जनता बदलाव चाहती है और भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है।

### बंगाल को बचाना मेरा दायित्व

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के प्रति जो मेरा लगाव रहा है, शक्ति की भक्ति रही है। बंगाल मेरे व्यक्तिगत जीवन की आध्यात्मिक यात्रा का ऊर्जा केंद्र रहा है। बंगाल की धरती पर जो मैंने अनुभव किया है, उसे मैं अपने आप पर बहुत बड़ा आशीर्वाद समझता हूं। बंगाल की सेवा करना, सुरक्षित करना औरबचाना, ये मेरे भाग्य में भी है और मेरा दायित्व भी है। मैं इस दायित्व से पीछे नहीं हटूंगा।

### ... तो राज्य का उन्नयन दिन- रात होगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-सीएम (भाजपा) एक साथे, तो विकास होवे दिन राते (जब केंद्र में पीएम और राज्य में भाजपा का सीएम साथ होंगे, तो विकास दिन-रात होगा) का नारा दिया है। जब केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी (भाजपा) की सरकार होती है, तो विकास की गति तेज़ होती है और उन्नयन दिन-रात होता है।

ममता ने किया जीत का दावा

### मां माटी मानुष की लहर, सिर्फ वक्त का इंतजार



दूसरे चरण की वोटिंग से पहले मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने अपनी पार्टी की जीत को लेकर बड़ा दावा किया है। सोमवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए ममता ने कहा कि मां, माटी, मानुष की जीत अब भविष्यवाणी नहीं, बल्कि सिर्फ समय की बात है। उन्होंने कहा कि हाल ही में आयोजित पदयात्राओं और जनसभाओं में आम लोगों का जबरदस्त उत्साह, स्नेह और भावनात्मक समर्थन देखकर वह बेहद प्रभावित हुई हैं। ममता ने कहा कि पश्चिम बंगाल सदियों से सौहार्द, संस्कृति और सभ्यतागत गौरव का प्रतीक रहा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा बंगाल की जागरूक और एकजुट जनता लोकतांत्रिक जवाब देगी।

बंगाल में तृणमूल बनाम कांग्रेस

### उदित राज ने ममता पर लगाए पार्टी कार्यकर्ताओं पर हमले के आरोप

कांग्रेस नेता उदित राज ने राज्य की मौजूदा स्थिति के लिए सीएम ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं।



उनका कहना है कि राज्य में विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को राजनीतिक गतिविधियां करने से रोका जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब कार्यकर्ता पार्टी का झंडा लगाने की कोशिश करते हैं, तब भी उन पर हमला किया जाता है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की कथित हत्या की निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला बताया।

### टीएमसी सांसद मिताली की कार पर हमला



टीएमसी ने भाजपा पर हिंसा और गुंडागर्दी के गंभीर आरोप लगाए हैं। सांसद मिताली बाग ने भी दावा किया कि अरामबाग में उनके चुनाव प्रचार के दौरान उनकी कार पर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि हमले में लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया गया और इसके पीछे भाजपा कार्यकर्ताओं का हाथ बताया जा रहा है।

### पश्चिम बंगाल की जनता के नाम लिखा पत्र

पीएम मोदी ने एक्स पर अपना पत्र शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि बंगाल के पूरे चुनाव अभियान के दौरान मुझे अपने परिवारजनों का जो अपार स्नेह और आशीर्वाद मिला है, उसने एक नई ऊर्जा से भर दिया है। युवाशक्ति,नारीशक्ति, किसान भाई-बहन , श्रमिक या फिर कारोबारी, सभी 'विकसित बंगाल' के लिए संकल्पित हैं।

शाह के रोड शो में उमड़ी भीड़

### प्रचार के आखिरी दिन धुआंधार रोड शो लोग बोले- हमें सोनार बांग्ला चाहिए...



चुनावी प्रचार के आखिरी दिन गृहमंत्री अमित शाह ने चंदननगर में रोड शो किया। इस दौरान भारी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा। शाह ने लोगों को संबोधित करते हुए फिर से चेताया कि अगर टीएमसी के गुंडे किसी को भी परेशान करते हैं, तो 4 मई के बाद उन्हें उलटा लटकाकर सीधा किया जाएगा। राज्य में इस बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। शाह ने कहा कि वह बंगाल को बाबरी मस्जिद नहीं चाहते हैं। वह बंगाल में राम मंदिर चाहते हैं। लोगों ने कहा कि वह पश्चिम बंगाल को फिर से सोनार बांग्ला बनाना चाहते हैं।

बंगाल में फिर गरजे सीएम योगी

### दीदी सड़कों पर नमाज पढ़वाती हैं हिंदू त्योहारों पर पाबंदी लगाती हैं



उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने हुगली में जनसभा में ममता सरकार पर तीखे आरोप लगाए। सीएम योगी ने कहा कि बंगाल अब बदलाव चाहता है और टीएमसी की राजनीति तुष्टीकरण पर आधारित है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में घुसपैठ को बढ़ावा दिया जा रहा है। यहां जय श्री राम बोलने पर प्रतिबंध लगाया जाता है, मां दुर्गा पूजा और मां दुर्गा पूजा विसर्जन की मूर्ति विसर्जन के शोभा यात्रा को प्रतिबंधित किया जाता है।



### डीजीपी-आईजी का कार्यकाल 6 माह बढ़ा

केंद्र ने बंगाल के डीजीपी और महानिरीक्षक सिद्ध नाथ गुप्ता की सेवा को उनकी तय सेवानिवृत्ति तारीख 30 अप्रैल के बाद 6 महीने के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप

### गूगल मैप ने उन्नाव की जगह बरेली पहुंचा दिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गूगल मैप्स के गलत निर्देश के कारण एक



यात्री के उन्नाव के बजाय बरेली पहुंचने का मामला सामने आया है। यह घटना मैपिंग में गलतियों को उजागर करती है। प्रीति नाम की युवती को उन्नाव जाना था, लेकिन गलत लोकेशन के कारण वह बरेली पहुंच गई।

### लद्दाख में 5 नए जिले बनाने को मिली मंजूरी


**लद्दाख।** एलजी विनय कुमार सक्सेना नेलद्दाख में 5 नए जिलों



के गठन को मंजूरी दे दी है। केंद्र शासित प्रदेश में अब जिलों की संख्या बढ़कर 7 हो गई है। इसे लोगों की मांग को पूरा करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है। इनमें नुब्रा, शम, चांगथांग, जांस्कर और द्रास शामिल हैं।

### 'सरके चुनर' मामले में संजय ने मांगी माफी

**नई दिल्ली।** फिल्म 'केडी' का गाना 'सरके चुनर' काफी विवादों



में रहा है। इसके सीन्स और लिरिक्स पर लोगों ने विरोध जताया, जिसके बाद यूट्यूब से इसे हटा लिया गया। मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने संजय दत्त को समन जारी किया था। दत्त सोमवार को सुनवाई में शामिल हुए।

### पीएम मोदी पहुंचे सिक्किम राज्य को देंगे बड़ी सौगात

**गंगटोक।** पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार से 2 दिनी सिक्किम दौरे



पर पहुंचे। लोगों ने स्वागत किया। वे सिक्किम के स्थापना दिवस के 50 वर्ष पूरे होने के समापन समारोह में हिस्सा लेंगे। 4000 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर ही पहुंचे।

उत्तर भारत के कई इलाकों में अभी से दिखा गर्मी का रौद्र रूप, विभाग ने चेताया

# बांदा देश में दूसरे दिन भी 'जला', कानपुर में टूटा 56 वर्ष का रिकॉर्ड, पारा 50 तक जाएगा

### मौसम विभाग के अनुसार यहां 46 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचा पारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत के कई इलाकों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। रविवार को उत्तर प्रदेश के बांदा में 46.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो देश में सर्वाधिक गर्म रहा। एक दिन पहले भी 47.7 डिग्री पारे के साथ बांदा तप रहा था। मौसम विभाग के अनुसार 27 अप्रैल को भी अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के आसपास है, जबकि न्यूनतम पारा 27 डिग्री सेल्सियस के करीब है। अगले छह दिनों में भी पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आने के आसार नहीं हैं।

मौसम में बदलाव के भी आसार है, जिससे अधिकतम पारे में कुछ गिरावट जरूर देखने को मिल सकती है। कानपुर में अप्रैल माह में पड़ रही गर्मी ने 56 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के मौसम विभाग में उपलब्ध अप्रैल माह के आंकड़ों के मुताबिक 26 अप्रैल को पारा सबसे अधिक 44.1 डिग्री पर पहुंचा।

### रविवार को बाड़मेर और जैसलमेर में 46 डिग्री रहा



यूनतम पारा 27 डिग्री सेल्सियस के करीब

कानपुर में अप्रैल में पड़ रही गर्मी ने 56 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के अनुसार 26 अप्रैल को पारा सबसे अधिक 44.1 डिग्री पर पहुंचा। नोडल अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि वर्ष 1971 से 2026 तक अप्रैल माह में अधिकतम पारा इतना कभी नहीं गया।

### और तापमान बढ़ने की संभावना: आईएमडी

देश में बढ़ती गर्मी को लेकर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी



दी है कि कई जिलों में तापमान और बढ़ सकता है। लोगों की सेहत पर असर पड़ने का खतरा भी बढ़ गया है। डॉक्टरों का कहना है कि ज्यादा गर्मी में शरीर जल्दी पानी और जरूरी नमक खो देता है, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकती है। इससे चक्कर आना, कमजोरी, मांसपेशियों में दर्द और गंभीर स्थिति में हीट स्ट्रोक तक हो सकता है।

### महाराष्ट्र तक बरस रही आग, ओडिशा में भी तापमान बढ़ा

देशभर में गर्मी ने विकराल रूप ले लिया है और आसमान से आग बरसती महसूस हो रही है। दिल्ली हो या फिर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र या फिर ओडिशा। देशभर के लगभग-लगभग सभी राज्य बेहाल है। आम तौर पर मध्य मई से शुरू होने वाली गर्मी इस बार अलग प्रकार से कहर ढाने में लगी है। तभी तो अप्रैल से ही तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच चुका है। लू के थपेड़े लोगों को झुलसा रहे हैं और दोपहर में बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं। मौसम विभाग ने साफ चेतावनी दी है कि हालात और बिगड़ सकते हैं, ऐसे में सतर्क रहना बेहद जरूरी है।

बढ़ती गर्मी पर दिल्ली के एलजी ने सख्त हिदायत दी

### एक हफ्ते में जमीन पर दिखें प्लान , जिला मजिस्ट्रेट की होगी जिम्मेदारी



बढ़ती गर्मी को देखते हुए सोमवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गई और साफ निर्देश दिए गए कि हीट एक्शन प्लान को एक हफ्ते के भीतर प्रभावी तरीके से जमीन पर लागू किया जाए। उपराज्यपाल ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट इस पूरे अभियान में अहम भूमिका निभाएं और अपने-अपने क्षेत्रों में समन्वय के साथ काम करें। सार्वजनिक स्थानों पर गर्मी से राहत देने के लिए जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में तैयारियों की समीक्षा भी की

राज्यसभा सभापति ने दी मंजूरी

### राघव चड्ढा, संदीप समेत सात आप नेता अब भाजपा सांसद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने आप के 7 सांसदों के भाजपा में विलय को आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद उच्च सदन में आप की स्थिति कमजोर हो गई है।



संसद की आधिकारिक वेबसाइट पर भी इन सातों सांसदों को अब भाजपा सदस्य के रूप में सूचीबद्ध कर दिया गया है, जिससे राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं। इन सभी सांसदों ने शुक्रवार को सभापति को पत्र देकर स्वयं को भाजपा का हिस्सा मानने की मांग की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। आप के लिए यह झटका माना जा रहा है, क्योंकि इन सात सांसदों ने पार्टी पर उसके मूल सिद्धांतों और विचारधारा से भटकने का आरोप लगाते हुए भाजपा में शामिल होने का फैसला किया था।

### अभी हमारी याचिका पर सुनवाई नहीं की: संजय

सात राज्यसभा सांसदों के आपसे अलग होकर भाजपा में शामिल होने को राज्यसभा सभापति की



मंजूरी मिल गई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए आप नेता संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने अशोक मित्तल पर छापे पड़वाए थे। भाजपा ने कहा था कि वे बहुत भ्रष्ट हैं। आज अशोक मित्तल भाजपा में चले गए हैं। सिंह ने कहा कि सातों सांसदों ने जो विलय का पत्र दिया है, चेयरमैन ने उसका संज्ञान लिया है। मैंने उन्हें पत्र लिखा है कि संविधान की 10वीं अनुसूची केअनुसार इनकी सदस्यता रद्द होनी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि वे इस पर फैसला देंगे। अभी तक चेयरमैन साहब की ओर से हमारी याचिका पर सुनवाई नहीं हुई है।

### आप सांसद न होते तो राघव को कौन पूछता?



आप ने सोमवार को राघव चड्ढा पर तीखा हमला बोला। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उनकी शादी बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा से केवल इसलिए हो पाई क्योंकि पार्टी ने उन्हें राज्यसभा भेजा था। भारद्वाज ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर कहा कि मैंने अभी राघव का एक वीडियो देखा जिसमें वह कह रहे हैं कि जिस तरह लोग नौकरी या कंपनी बदलते हैं, उसी तरह उन्होंने अपनी पार्टी बदल ली है।

सूरत में मेरठ जैसा हत्याकांड!

### इस बार नीला ड्रम नहीं बॉक्स में छिपाई लाश, पति ही कातिल

एजेंसी ▶▶ सूरत

शहर के सलाबतपुरा इलाके से मेरठ जैसा कांड सामने आया है। हालांकि इस हत्याकांड में दो चीजें बदली हुई हैं। यहां मुस्कान की तरह पत्नी ने नहीं बल्कि पति ने घटना को अंजाम दिया और नीले ड्रम की जगह लकड़ी के बॉक्स में पत्नी की लाश को छिपाया। इसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। पति विशाल सालवी ने अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर अपराध को छिपाने के लिए बेहद शातिर तरीका अपनाया। उसने 20 अप्रैल को अपनी पत्नी और पेशे से डायटीशियन शिल्पा की



घरेलू विवाद के चलते हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने शव को छिपाने के लिए एक लकड़ी का बॉक्स तैयार किया और शव रखकर ऊपर से मोटी सीमेंट की परत चढ़ा दी, ताकि बदबू बाहर न आए और किसी को शक न हो। 20 अप्रैल को घरेलू झगड़े के दौरान विशाल ने शिल्पा की हत्या कर दी थी।

सीजेआई ने पीड़ित महिला वकील के पत्र पर लिया स्वतः संज्ञान

# अस्पतालों ने इलाज से क्यों किया इनकार? जांच करें

### तत्काल हस्तक्षेप के पत्र पर की गई सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में महिला अधिवक्ता पर कथित बर्बर हमले के मामले का सोमवार को स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस को कई सख्त निर्देश दिए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जांच की जाए कि घायल महिला को 3 अलग-अलग अस्पतालों ने भर्ती करने से कथित रूप से इनकार क्यों किया? मामले की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी को सौंपने का आदेश दिया। जांच अधिकारी महिला अधिकारी हो तो बेहतर होगा, जो एसीपी या डीसीपी रैंक की हो। सीजेआई सूर्यकांत,न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि अदालत को तत्काल हस्तक्षेप की मांग वाला पत्र मिला था, जिसके बाद स्वतः संज्ञान लिया गया। विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट अगली सुनवाई में पेश करें।



### आरोपी पति गिरफ्तार

सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पीड़िता के पति, जो हमले का मुख्य आरोपी है, को 25 और 26 अप्रैल की दरमियानी रात गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी मनोज कुमार को खजूरी खास इलाके से पकड़ा गया। आरोप है कि उसने पत्नी पर चाकू से हमला किया। उसने पारिवारिक विवाद के चलते वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है।

### एंटनी राजू की सजा बरकरार रखी

सुप्रीम कोर्ट ने केरल के पूर्व मंत्री एंटनी राजू की याचिका खारिज कर दी है। उन्होंने 1990 के चर्चित अंडरवियर सबूत छेड़छाड़ मामले में अपनी सजा पर रोक लगाने की मांग की थी। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने केरल हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा।

### जस्टिस स्वर्ण कांता की कोर्ट में अब पेश नहीं होंगे केजरीवाल

आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद




केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्माको एक पत्र लिखा है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वे अब उनके समक्ष व्यक्तिगत रूप से या वकील के माध्यम से पेश नहीं होंगे। पत्र में न्याय मिलने की उम्मीद टूटने की बात कही है।

## खबर संक्षेप


### दिनेश त्रिवेदी बांग्लादेश में उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर उनकी नियुक्ति की पुष्टि की। लिखा कि दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत का अगला हाई कमिश्नर नियुक्त किया गया है। 75 वर्षीय त्रिवेदी करियर डिप्लोमैट प्रणय वर्मा की जगह लेंगे। बैरकपुर से सांसद रहे दिनेश त्रिवेदी केंद्रीय रेल मंत्री (2011) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री भी रह चुके हैं।



### कनाडा में युवक ने सिख व्यक्ति पर किया हमला

**टोरंटो।** कनाडा में एक युवक ने एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति पर हमला कर दिया और नस्लवादी टिप्पणियां करते हुए कहा कि मेरे देश से बाहर निकलो जिसके बाद पुलिस ने इसे 'घृणा से प्रेरित हमला' मानते हुए जांच शुरू कर दी है। वुडस्टॉक पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह घटना 22 अप्रैल को ओंटारियो के वुडस्टॉक की है और युवक पर अपने कृत्यों के लिए कई आरोप लगाए गए हैं। बयान में कहा गया कि बुजुर्ग फुटपाथ पर चल रहे थे तभी एक युवक ने उन्हें धक्का दे दिया।



### अगले माह नेपाल का दौरा करेंगे मिसरी

**काठमांडू।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी अगले महीने नेपाल की यात्रा पर जा सकते हैं। मार्च में बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार के गठन के बाद भारत की ओर से यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा होगी। नेपाल के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह दौरा मई के पहले पखवाड़े में होने की उम्मीद है। यात्रा की सटीक तिथि और विवरण अभी तक तय नहीं किए गए हैं। मिसरी की यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों और भारत द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की समीक्षा एजेंडा में शामिल होगी।




## पाकिस्तान की मध्यस्थता पर ईरान ने जताई शंका, उठाए सवाल, कहा

# वे सही मध्यस्थ नहीं, ट्रंप के फायदों का रखते ध्यान, उनके खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहते

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान और अमेरिका के मध्य तनाव कम करने के उद्देश्य से पाकिस्तान की मध्यस्थता में युद्धविराम (सीजफायर) को लेकर वार्ता धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। इन प्रयासों के बीच ईरान के भीतर पाकिस्तान की भूमिका को लेकर विश्वसनीयता का संकट स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।



ईरान के सांसद और 'राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति आयोग' के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने पाकिस्तान की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए उसकी निष्पक्षता पर संदेह व्यक्त किया है। रेजाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि पाकिस्तान हमारा अच्छा दोस्त और पड़ोसी है, लेकिन वह बातचीत के लिए सही मध्यस्थ नहीं है और उसमें मध्यस्थता के लिए जरूरी विश्वसनीयता नहीं है। वे हमेशा ट्रंप के फायदों का ध्यान रखते हैं और अमेरिकियों की मर्जी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहते। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए, वे (पाकिस्तान) दुनिया को यह बताने को तैयार नहीं हैं कि अमेरिका ने पहले पाकिस्तान का प्रस्ताव मान लिया था लेकिन फिर अपनी बात से मुकर गया। वे यह नहीं कहते कि लेबनान या ब्लॉक किए गए एसेट्स के मुद्दे पर अमेरिकियों ने कमिटमेंट किए थे लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया।

### *ईरान का आरोप- अमेरिका के रवैए के कारण इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता में देरी हुई*




ईरान के विदेश मंत्री ने रूस के विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों से मुलाकात की

### *युद्ध पर रूसी मित्रों से करेंगे परामर्शः अराघची*

*ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को कहा कि उनका रूस दौरा, युद्ध के बाद समन्वय का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए एक अच्छा अवसर है कि हम युद्ध से जुड़े घटनाक्रम और वर्तमान स्थिति पर अपने रूसी मित्रों के साथ परामर्श करें। अराघची ने कहा कि अमेरिका के रवैये के कारण इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता में देरी हुई।*

### सभापति गालिबाफ बोले- ईरान के पास अहम पत्ते बाकी



इस बीच ईरान की संसद के सभापति मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि ईरान के पास भी कई अहम पत्ते हैं। गालिबाफ का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उनके पास सारे पत्ते हैं, जिनसे वे ईरान पर दबाव बना सकते हैं। अब गालिबाफ ने कहा है कि तेल की सप्लाई और मांग जैसे कई अहम पत्ते हैं, जो ईरान के पास हैं।

#### रूस का बड़ा बयान

### ईरान को डराने-धमकाने की कोशिश काम नहीं करेगी

**मॉस्को।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रूस दौरे पर मॉस्को पहुंच गए हैं। ईरान के विदेश मंत्री के दौरे के बीच ही रूस का एक बड़ा बयान सामने आया है। रूस ने कहा है कि ईरान को सैन्य ताकत का डर दिखाकर डराया-धमकाया नहीं जा सकता। वियना में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन में रूस के प्रतिनिधि मिखाइल उलयानोव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा, सैन्य तैनाती की धमकी और प्रतिबंध कड़े करने की बात ब्लैकमेलिंग है, लेकिन ईरान पर ये चाल काम नहीं करेगी। रूसी राजनयिक ने कहा कि अमेरिका को समझौते के लिए अपने रुख को नरम करना चाहिए।

#### जहाज पर सवार 12 भारतीय सुरक्षित

### *ईरान ने टोगो-फ्लैग टैंकर को बनाया निशाना*

*ईरान ने वेस्ट अफ्रीका के देश टोगो के झंडे वाले एक केमिकल टैंकर पर हमला किया, जिसमें 12 भारतीय क्रू सदस्य सवार थे। भारतीय पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक मनदीप सिंह रंधावा ने बताया, सभी भारतीय क्रू सदस्य सुरक्षित हैं। ईरान के टोगो के जहाज पर हमला ओमान के शिनास के बाहरी बंदरगाह क्षेत्र के पास किया। यह जहाज भी अन्य जहाजों के साथ आगे बढ़ रहा था।*



## हेंगली पेट्रोकेमिकल ने आरोप नकारे

# चीन की निजी रिफाइनरी पर अमेरिका ने लगाया 'प्रतिबंध'



स्कॉट बेसेंट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान से जंग के बीच अमेरिका ने चीन की प्रमुख तेल रिफाइनरी हेंगली पेट्रोकेमिकल और 40 शिपिंग कंपनियों-टैंकरों पर ईरान से तेल खरीदने के आरोप में प्रतिबंध लगा दिए हैं, जिसके बाद अब बीजिंग की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। बीजिंग ने कहा कि वो चीनी तेल रिफाइनरी पर अमेरिकी प्रतिबंधों का कड़ा विरोध करता है और अपने हितों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है। अमेरिकी वित्त विभाग का कहना है कि हेंगली रिफाइनरी साल 2023 से ही ईरानी तेल की खपत कर रही है। इस रिफाइनरी को ईरानी तेल के प्रमुख खरीदारों में से एक बताया जाता है। अमेरिका के वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट ने चीन के खिलाफ एक्शन लेते हुए कहा था कि ट्रंप प्रशासन ईरानी शासन पर वित्तीय शिकंजा कस रहा है।

### पेट्रोकेमिकल्स में बड़ा खिलाड़ी है हेंगली

*हेंगली चीन की सबसे आधुनिक और बड़े पैमाने वाली निजी रिफाइनरी कंपनियों में शामिल है। यह लियाओनिंग प्रांत में एक विशाल रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स संचालित करती है। निजी रिफाइनरियां अब चीन की कुल रिफाइनिंग क्षमता का लगभग एक-तिहाई हिस्सा हैं। हेंगली इनमें सबसे बड़े प्लेयर्स में से एक है। वहीं, स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में हेंगली कंपनी ने अमेरिकी आरोपों को निराधार बताया। कंपनी ने कहा कि उसने कभी ईरानी तेल से संबंधित कोई कारोबार नहीं किया है। सभी कच्चे तेल आपूर्तिकर्ताओं को अनुबंध के तहत यह सुनिश्चित करना होता है कि तेल अमेरिकी प्रतिबंध वाले देशों से न आए। कंपनी ने बताया कि उसके पास तीन महीने से ज्यादा का कच्चा तेल स्टॉक है और भविष्य में वह चीनी युआन में भुगतान करके तेल खरीदने की योजना बना रही है।*

### तैरते टैंकरों में तेल जमा करेगा ईरान

ईरान नाकेबंदी के चलते तेल निर्यात नहीं कर पा रहा है। प्रतिबंधों से निर्यात में रुकावट के बावजूद खर्ग द्वीप तक कच्चे तेल का बहाव 10 लाख बैरल प्रतिदिन की दर से जारी है। इस बढ़ते दबाव को कम करने के लिए ईरान ने 'फ्लोटिंग स्टोरेज' यानी समुद्र में तैरते टैंकरों के जरिए अतिरिक्त तेल जमा करने का रास्ता अपनाया है।

## रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर होगी चर्चा

# दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री करेंगे मुलाकात



एजेंसी ▶▶ सियोल

दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि है कि विदेश मंत्री चो ह्युन गुरुवार को सियोल में अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से द्विपक्षीय बातचीत करने के लिए मिलेंगे। दोनों पक्षों से मिडिल ईस्ट की मौजूदा हालात और वैश्विक ऊर्जा संकट से जुड़ी आम चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की अपने प्रतिबद्धता को फिर से सुनिश्चित करने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि वे रक्षा और रक्षा उद्योग क्षेत्र में सहयोग को गहरा करने की कोशिशों पर भी चर्चा करेंगे। इसमें मिडिल ईस्ट संकट के बीच सप्लाई चेन की अस्थिरता को दूर करने के लिए मिलकर कोशिशें शामिल हैं। यह मीटिंग 16 मार्च को दोनों शीर्ष नेताओं के फोन पर बात करने के लगभग एक महीने बाद होगी। इससे पहले 23 अप्रैल को, ईरान में दक्षिण कोरिया के स्पेशल दूत ने तेहरान में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की थी। ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री के स्पेशल दूत चुंग ब्युंग-हा ने ईरानी विदेश मंत्री अराघची के साथ अपनी मीटिंग में उम्मीद जताई थी कि डिप्लोमैटिक कोशिशों से यह लड़ाई निश्चित तौर पर खत्म हो जाएगी और इलाके में शांति और स्थिरता आएगी।

# सजे-धजे हाथियों पर ढोल की थाप



### त्रिशूर पूरम कुटामट्टम अनुष्ठान संपन्न

*त्रिशूर। केरल के त्रिशूर जिले में चल रहे प्रसिद्ध त्रिशूर पूरम 2026 समारोह के दौरान, कुदामट्टम अनुष्ठान के समय परमेक्कावु और तिरुवंबदी खंडों के हजारों लोग थक्कीनाडु मैदान में एकत्र हुए। कुदामट्टम के दौरान, सजे-धजे हाथियों पर सवार टीमें ढोल की थाप (इलांजिथारा मेलम) के बीच रंगीन और सजावटी छतरियों को तेजी से बदलती हैं। परमेक्कावु और तिरुवंबदी मंदिर समूह आमने-सामने होकर अपनी रचनात्मकता और विविधता का प्रदर्शन करते हैं। इस साल आतिशबाजी को रद्द कर दिया गया और कुदामट्टम को सामान्य 1 घंटे के बजाय 15-20 मिनट तक सीमित कर दिया गया। यह पारंपरिक आयोजन त्रिशूर में वाडक्कुनाथन मंदिर के पास होता है।*

## ईडी ने पीएमएलए कानून के तहत की कार्रवाई

# पंजाब पुलिस के निलंबित डीआईजी भुल्लर के खिलाफ मामले में 11 स्थानों पर की रेड

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य पुलिस के निलंबित उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) हरचरण सिंह भुल्लर और उनसे कथित तौर पर जुड़े संगठनों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत सोमवार को पंजाब में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़, लुधियाना, पटियाला, नाभा और जालंधर में आरोपी, उसके सहयोगियों और संदिग्ध बेनामीदारों (वे मालिक जिनके नाम पर बेनामी संपत्ति है) से जुड़े लगभग 11 परिसर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच में शामिल किया जा रहा है।



### रिश्वत मांगने का आरोप था

ईडी की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा भुल्लर के खिलाफ दर्ज किए गए एक मामले पर आधारित है, जिसमें उन पर एक आपराधिक मामले के निपटारे के लिए एक बिचौलिए के माध्यम से रिश्वत मांगने और आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति का आरोप है। भुल्लर पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के पद पर रोपड़ में तैनात थे, जब उनको सीबीआई ने अक्टूबर 2025 में गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने भुल्लर के परिसर से 75 लाख रुपए नकद और 25 किलोग्राम सोने के आभूषण भी जब्त किए थे। ईडी ने अंतरराज्यीय शराब तस्करी और धन शोधन नेटवर्क के खिलाफ जांच के सिलसिले में अरुणाचल प्रदेश में नौ स्थानों पर एक साथ छापे मारे। यह गिरोह विभिन्न राज्यों में शराब पर लगने वाले कर के अंतर का फायदा उठाने के लिए अवैध गतिविधियों में संलिप्त था। अरुणाचल प्रदेश में बिक्री के लिए निर्धारित शराब को अवैध रूप से असम व अन्य राज्यों में भेजा जा रहा था।






# गवर्नर से सामने आई मनोज की झलक...

**मुंबई।** फिल्म गवर्नर से एक्टर मनोज बाजपेयी की एक इलक सामने आई है। इस फिल्म का पोस्टर चर्चा का विषय बना हुआ है। इन पोस्टर्स में मनोज बाजपेयी गवर्नर के गंभीर किरदार में नजर आ रहे हैं। उनके कंधों पर देश को एक बड़े आर्थिक संकट से बचाने की जिम्मेदारी भी है। पहले पोस्टर में वो एंबेसडर कार में चिंतित बैठे नजर आ रहे हैं। इस पर लिखा है, 'देश कगार पर था और उसने इस मुसीबत को आते देखा।' दूसरे पोस्टर में मनोज कुछ सोचते हुए नजर आए और इस पर लिखा है, 'देश दिवालिया होने की कगार पर है।

लाइफ Style



# नीतू
## अच्छी फिल्मों की तलाश में

बिहार की एक सीधी-सादी लड़की से हॉलीवुड तक का सफर करने वाली अभिनेत्री नीतू चंद्रा को अब अच्छी फिल्मों की तलाश है। उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा है कि वे अच्छी फिल्मों की तलाश में है और इसमें समय लगता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'गरम मसाला', 'ट्रैफिक सिग्नल' और 'ओए लकी! लकी ओए!' जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने बताया कि उनका ध्यान हमेशा सार्थक काम पर रहा है, न कि स्टारडम की दूसरी चकाचौंध और 'अनावश्यक' बाहरी दिखावे पर। अपने ब्रेक लेने की धारणा पर बात करते हुए उन्होंने साफ किया, मैंने कोई ब्रेक नहीं लिया। मैं अच्छी फिल्मों की तलाश करती रहती हूं। उन्होंने आगे कहा, आप यह नहीं समझते कि बिहार से आई एक लड़की को, जो बिल्कुल साधारण बैकग्राउंड से आती है, हॉलीवुड तक पहुंचने में कितना समय लगा होगा। अपने सफर के बारे में नीतू चंद्रा ने कहा, आज मैं फिर उसी जगह खड़ी हूं, जहां मैं आप सबसे दोबारा मिल पा रही हूं। मेरे पास 'एयरपोर्ट लुक्स' के लिए समय नहीं है। मेरे पास अपने अगले प्रोजेक्ट पर ध्यान देने का समय है। मैं सही काम चुनने में अपना समय लगाती हूं, ताकि मैं दर्शकों के लिए हमेशा कुछ सार्थक ला सकूं। एक्ट्रेस ने कहा कि जिंदगी में और काम के मामले में उनका मकसद हमेशा साफ रहा है। उन्होंने कहा, मेरी जिंदगी का मकसद, मेरा लक्ष्य, हमेशा अच्छा काम करते रहना और दर्शकों का प्यार पाते रहना रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# रिहैब में भर्ती हुईं ब्रिटनी...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स रिहैब में भर्ती हुई हैं। पुलिस के अनुसार वेंटुरा में ब्रिटनी को तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में रोका गया था। इस ट्रैफिक उल्लंघन के बाद उनकी मानसिक स्थिति और सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं। यह घटना उस समय हुई है, जब ब्रिटनी अपनी निजी जिंदगी और परिवार से जुड़े कई गंभीर विवादों और मुश्किलों का सामना कर रही हैं। माना जा रहा है कि इन्हीं मानसिक तनावों और पारिवारिक उलझनों के कारण उन्होंने पेशेवर मदद लेने और पुनर्वास केंद्र जाने का फैसला किया है।




# टेलर और ट्रैविस जुलाई में करेंगे मैरिज ...

**लॉस एंजेलिस।** पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट मंगेतर ट्रैविस केल्स ने अपनी शादी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। पहले चर्चा थी कि गायिका 13 जून को शादी करेंगी क्योंकि यह उनका लकी नंबर है, लेकिन अब तारीख बदल गई है। खबर के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने अपनी शादी के लिए 3 जुलाई की तारीख चुनी है। फिलहाल तो वेन्यू को गुप्त रखा गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि शादी समारोह न्यूयॉर्क में संपन्न हो सकता है। यह भी माना जा रहा था कि शादी के लिए गायिका ने रोड आइलैंड स्थित आलीशान होटल चुना है। शादी में शामिल होने वाले मेहमानों से पहले ही नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट साइन कराया गया है। यह कदम इसलिए उठाया गया है, ताकि शादी से जुड़ी कोई भी जानकारी बाहर न आ सके।



# हिंदी के लिए साई ने मांगी माफी...

**मुंबई।** साई पल्लवी आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ 'एक दिन' फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू को तैयार हैं। रिलीज से पहले फिल्म को लेकर एक इवेंट हुआ, जिसमें आमिर खान समेत फिल्म की कास्ट भी मौजूद रही। इस इवेंट में साई पल्लवी भी पहुंचीं, जहां उन्होंने इमोशनल स्पीच दिया। इस दौरान साई ने अपनी कमजोर हिंदी के लिए माफी मांगते हुए कहा कि वह उत्साहित होने के साथ-साथ थोड़ी घबराई हुई भी हैं। कार्यक्रम के दौरान जब साई पल्लवी को मंच पर बोलने के लिए बुलाया गया, तो एक्ट्रेस ने हिंदी पर अपनी सीमित पकड़ के लिए माफी मांगी। साथ ही उन्होंने वहां मौजूद लोगों को आगाह किया कि बोलते समय उनसे ग्रामेटिकल मिस्टेक हो सकती है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए साई ने स्वीकार किया कि उन्होंने हिंदी में बोलने की तैयारी नहीं की थी।



# 'इंस्पेक्टर अविनाश-2' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** रणदीप हुड्डा की सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' के दूसरे सीजन का ऐलान हो गया है। सीरीज की पहली झलक यानी टीजर रिलीज हो गया है और रणदीप हुड्डा हमेशा की तरह भौकाली अंदाज में नजर आ रहे हैं। उर्वशी रौतेला उनकी पत्नी बनी हैं। 'इंस्पेक्टर अविनाश' का दूसरा सीजन जल्द ही जियोहॉटस्टार पर प्रीमियर होने वाला है। जियो स्टूडियोज, नीरज पाठक और कृष्ण चौधरी का बनाया यह शो 1990 के दशक के उत्तर प्रदेश के बैकग्राउंड पर आधारित है। यह नया सीजन 'इंस्पेक्टर अविनाश' मिश्रा के जीवन के एक और भी गहरे और नए चैप्टर में उतरता है, एक ऐसा पुलिस अधिकारी, जिसने कभी व्यवस्था को चुनौती दी थी। इस सीरीज में उर्वशी रौतेला, अमित सियाल, अभिमन्यु सिंह, रजनीश दुग्गल, शालिन भनोट और फ्रेडी दारूवाला भी नजर आएंगे।

## टीवी मसाला

# सौतेले बेटे की जासूसी करने निकली तुलसी

**मुंबई।** चर्चित सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के दूसरे सीजन में लोगों की शादियां टूटने का सिलसिला थम नहीं रहा है। इस सीरियल में या तो किसी का तलाक हो रहा होता है, या किसी की दूसरी शादी कराने की कोशिशें चल रही होती हैं। तुलसी और मिहिर का तलाक हो ही चुका है। अब परिवार के सदस्य दोनों की दोबारा शादी की प्लानिंग कर रहे हैं। इस बीच एक और आदर्श जोड़ी के रिश्ते में दूरियां आ गई हैं। तुलसी और मिहिर के बाद विरानी परिवार में करण और नंदिनी को आदर्श जोड़ी के रूप में देखा जाता रहा है। मगर, लगता है कि करण भी अपने पिता के नक्शे-कदम पर चल पड़ा है। मिहिर का शादी से बाहर अफेयर रहा है। अब फिलहाल इस सीरियल में दिखाई जा रही कहानी के हिसाब से करण भी अपनी पत्नी नंदिनी को धोखा दे रहा है। पिछले एपिसोड में देखा गया कि नंदिनी ने करण को दूसरी महिला के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। उसने घरवालों को यह बात बताई तो किसी ने नहीं माना। बाद में तुलसी ने खुद पता लगाने का फैसला लिया, वह करण के फ्लैट पर पहुंची तो करण ने यहां भी चालाकी से सच छिपा लिया।





# हैदराबादी लहजा सीखने के लिए कर रहीं घंटों प्रैक्टिस

**चेन्नई।** दिनों नई वेब सीरीज 'गली' में अपने किरदार के लिए हैदराबाद की खास बोली और लहजे को सीखने पर काम कर रही है। अपने किरदार की तैयारी को लेकर हंसिका मोटवानी ने कहा, 'मुझे इस किरदार के लिए डायलॉग्स बोलने के तरीके पर सबसे ज्यादा काम करना पड़ा। सीरीज की कहानी हैदराबाद के पुराने शहर और चारमीनार इलाके के आसपास की दुनिया को दिखाती है, इसलिए मेरे लिए वहां की बोली को सही तरीके से समझना बेहद जरूरी था। मैं चाहती हूं कि मेरे डायलॉग्स बिल्कुल असली लगें और दर्शकों को ऐसा महसूस हो कि मेरा किरदार उसी माहौल का हिस्सा है।' हंसिका ने कहा, मैंने किसी डायलॉग ट्रेनर की मदद नहीं ली। मैंने खुद मेहनत करके अपनी तैयारी की। हालांकि, पूरी टीम साथ बैठकर कई बार वर्कशॉप करती थी, ताकि हर डायलॉग और हर शब्द सही तरीके से बोला जा सके। टीम के साथ बैठकर बार-बार डायलॉग्स पढ़ने और बोलने से मुझे काफी मदद मिली। इससे भाषा की बारीकियों को समझने का मौका मिला।' हंसिका ने कहा, यह अनुभव मेरे लिए बिल्कुल नया था। मैंने पहले कभी इस तरह की बोली या लहजे में काम नहीं किया। यही वजह थी कि शुरुआत में मुझे काफी प्रैक्टिस करनी पड़ी। किसी खास बोली में अभिनय करना आसान नहीं होता, क्योंकि अगर एक छोटा सा शब्द भी गलत बोल दिया जाए तो वह तुरंत लोगों को महसूस हो जाता है। छोटी सी गलती भी दर्शकों के तुरंत पकड़ में आ जाती है, इसलिए मैं हर शब्द के उच्चारण और बोलने के अंदाज को लेकर बहुत सावधान रहती थी।

# मेहरीन ने हिमाचल प्रदेश में रचाई शादी

**मुंबई।** अभिनेत्री महरीन पीरजादा अब शादीशुदा हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर अर्श औलख के साथ शादी की की तस्वीरें शेयर करते हुए खुशखबरी सुनाई है। महरीन ने हिमाचल प्रदेश के चैल के खूबसूरत पहाड़ों के बीच आयोजित अपनी शादी समारोह की कई मनमोहक तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, '26.04.26 अनंत, लाल दिल और बुरी नजर वाले इमोजी।' महरीन और अर्श दोनों ने बेबी पिंक रंग की पारंपरिक ड्रेस पहनी हुई थी।



उनकी शादी की तस्वीरें यहां देखें। मेहरीन द्वारा अपनी शादी की तस्वीरें पोस्ट करने के कुछ ही समय बाद, फिल्म जगत के सदस्यों सहित कई नेटिज़न्स ने कमेंट सेक्शन में अपनी शुभकामनाएं दीं। फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने लिखा, 'मुबारक।' अभिनेत्री हंसिका ने लिखा, 'बधाई हो।' वहीं, काम के मोर्चे पर, मेहरीन तेलुगु और तमिल फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्म कृष्णा गादी वीरा प्रेमा गाधा (2016) से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और तब से कई अन्य फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

# मनोज संग स्क्रीन शेयर करते आएंगी नजर

अभिनेत्री अदा शर्मा आने वाली फिल्म 'गवर्नर' में अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ काम को लेकर खुश हैं। वे इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि वह उनके साथ काम करके बहुत खुश हैं। इसके साथ ही, अभिनेत्री ने मनोज बाजपेयी की खूब प्रशंसा की।



**मुंबई।** मनोज बाजपेयी के साथ पहली बार काम करने के बारे में अदा शर्मा ने कहा, वह (बाजपेयी) इस फिल्म का चेहरा हैं। वह 'गवर्नर' में गवर्नर का रोल निभा रहे हैं। फिल्म में अपने किरदार के बारे में अदा शर्मा ने कहा, मैं उनके साथ स्क्रीन शेयर करके बहुत खुश हूं। हमारे डायरेक्टर चिन्मय मंडलेकर बहुत अच्छे हैं, जो खुद भी एक शानदार एक्टर हैं। मेरे किरदार में भी एक अच्छा सरप्राइज है और यह कुछ ऐसा है जो मैंने पहले कभी नहीं किया। चिन्मय मंडलेकर की ओर से निर्देशित इस फिल्म को सनशाइन पिक्चर्स ने प्रस्तुत किया है। विपुल अमृतलाल शाह फिल्म के प्रोड्यूसर हैं और को-प्रोड्यूसर आसीन ए. शाह हैं। इसकी कहानी सुवेंदु भट्टाचार्य, सौरभ भारत, रवि असरानी और विपुल अमृतलाल शाह ने लिखी है। यह फिल्म 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।


## स्पोर्ट्स से लेकर हॉरर और एनिमेटिड कॉमेडी का लगेगा तड़का

# मजेदार होगा वीक एंड, ओटीटी पर स्ट्रीम होगी धमाकेदार सीरीज

*मुंबई। सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' की चमक कम नहीं हो रही है। 'भूत बंगला', 'माइकल' और 'गिन्नी वेड्स सनी 2' जैसी फिल्में भी लगी हुई हैं। इसके अलावा आगामी 1 मई को जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' भी दस्तक देगी। मगर, इसके बीच ओटीटी पर इस वीक कई रोचक फिल्में और सीरीज रिलीज होने जा रही हैं।*

**ग्लोरी :** अगर आपको स्पोर्ट्स पर आधारित कंटेंट पसंद है तो इस वेब सीरीज को इस वीक देख सकते हैं। इसमें पुलकित सम्राट, दिव्येंदु, सुविंदर विक्की, जन्नत जुबैर, सयानी गुप्ता और आशुतोष राणा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी, जो बॉक्सिंग की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह क्राइम ड्रामा सीरीज है, जिसका निर्देशन करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा ने किया है।

**स्वैप्ड :** यह एक अमेरिकी एनिमेटिड कॉमेडी फिल्म है। वीकएंड पर अगर बच्चों के साथ कुछ बढ़िया देखने का मन है तो इस फिल्म को अपनी लिस्ट में जोड़ सकते हैं। इसका निर्देशन नाथन ग्रेनो ने किया है। स्काईडांस एनिमेशन द्वारा निर्मित इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन, जूनो टेम्पल, ट्रेसी मॉर्गन, सेड्रिक द एंटरटेनर और जस्टिना मचाडो ने अपनी आवाजें दी हैं। यह



1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**'राकासा':** अगर आपको हॉरर फिल्में पसंद हैं तो यह फिल्म आपके लिए है। संगीत शोभन और नयन सारिका अभिनीत तेलुगु फिल्म 'राकासा' 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और खूब तारीफ बटोरीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसका निर्देशन मानसा शर्मा ने किया। अब यह ओटीटी पर आ रही है। 'राकासा' 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में उपलब्ध है।

**माय डियरेस्ट सेनोरीटा :** यह एक स्पेनिश फिल्म है। यह 17 अप्रैल को स्पेन में रिलीज हुई। अब इसे दर्शक ओटीटी पर भी देख सकेंगे। इसका निर्देशन फर्नांडो जी. मोलिना ने किया है। यह फिल्म 1972 में इसी नाम से बनी फिल्म पर आधारित है। फिल्म कहानी एक पारंपरिक रुढ़िवादी परिवार में जन्मी इकलौती संतान एडेला पर आधारित है। इसे 01 मई को नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**बैचमेट्स :** यह एक तेलुगु वेब सीरीज है, जो इंजीनियरिंग के चार छात्रों पर आधारित है। इसमें कॉलेज लाइफ, रैगिंग के अलावा छात्र जीवन के कई अन्य पहलुओं को दिखाया जाएगा। इसे 30 अप्रैल से जियोहॉटस्टार पर देखा जा सकता है।

**द हाउस ऑफ द स्पिरिट्स :** यह एक हॉरर ड्रामा सीरीज है। यह सीरीज परिवार की कहानी है, जिसे हिंसक सामाजिक उथल-पुथल के बीच गुप्त प्रेम, क्रांति और परिवार के तानाशाह मुखिया तथा उसकी पोती के बीच की पीढ़ियों पुरानी कलह का सामना करना पड़ता है। यह सीरीज 29 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

**नए सिरे से सही एफआइआर दर्ज करने के निर्देश** | **हाजिर हुए ओमती थाना प्रभारी व एएसआई**

## हाईकोर्ट ने निरस्त कर दी दिखावटी एफआइआर

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि न्यायिक आदेशों का पालन महज औपचारिकता निभाने या दिखावा करने तक सीमित नहीं हो सकता। इस मत के साथ जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने ओमती थाना, जबलपुर में दर्ज एफआइआर अपूर्ण, भ्रामक और अदालत के आदेश की भावना के विरुद्ध पाते हुए निरस्त कर दी। साथ ही पुलिस को निर्देश दिया कि नए सिरे से सही एफआइआर दर्ज करे। कोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में ओमती थाना प्रभारी व एएसआई हाजिर रहे। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी वीरेंद्र पांडे की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता हाई कोर्ट में पदस्थ हैं और उसका वैवाहित विवाद चल रहा है। ससुराल पक्ष ने एक आपराधिक पुनरीक्षण प्रस्तुत किया था, जिसमें हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार कार्यालय के नाम से फर्जी लिफाफा तैयार कर यह दर्शाया गया कि याचिकाकर्ता को नोटिस मिल चुका है। इसी फर्जीवाड़े के आधार पर एकपक्षीय आदेश प्राप्त कर लिया गया। बाद में जब याचिकाकर्ता को इस कथित फर्जीवाड़े की जानकारी हुई, तब उसने रजिस्ट्रार हाई कोर्ट के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की। शिकायत पर रजिस्ट्रार जनरल



के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश (चतुर्थ), जबलपुर द्वारा प्रारंभिक जांच कराई गई, जिसमें संबंधित लिफाफे के फर्जी होने की पुष्टि हुई। इसके पश्चात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जबलपुर ने अपने पत्र के माध्यम से याचिकाकर्ता को एफआइआर दर्ज कराने अथवा सक्षम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता प्रदान की थी। याचिकाकर्ता ने थाने में शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब उन्होंने न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया। मजिस्ट्रेट ने थाना ओमती को एफआइआर दर्ज करने का आदेश दिया। लेकिन पुलिस ने एफआइआर के नाम पर महज औपचारिकता की पूर्ति की। आरोपियों के नाम-पते में नरसिंहपुर, ओमती, जबलपुर सहित अन्य त्रुटियां की गईं। ऐसा इसलिए ताकि भौगोलिक परेशानी सामने आए और जांच ठप रहे।

हाईकोर्ट ने सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव, एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग के एसीएस व अन्य को जारी किए नोटिस

### राजमार्गों में अवैध कट-प्वाइंट्स को चुनौती, हटाने की मांग

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर प्रदेश से गुजरने वाले राजमार्गों में अवैध कट-प्वाइंट्स को चुनौती देते हुए इन्हें हटाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया कि इनके कारण एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव, एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग के एसीएस व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। डिंडोरी निवासी सेवानिवृत्त अधिकारी महावीर सिंह ने अपना पक्ष स्वयं रखा। उन्होंने दलील दी कि जब ओला-उबर जैसी गाड़ियां दो मिनट के भीतर पहुंच जाती हैं, तो एंबुलेंस क्यों नहीं पहुंचती है। उन्होंने बताया कि भोपाल-जबलपुर हाईवे में डिवाइडर तोड़कर 300 कट बना लिए हैं, इससे स्पीड कम होती है और दुर्घटनाएं भी बढ़ती हैं।

**कैट का निर्देश, पमरे के अधिकारियों को नोटिस**

### *याचिका के अंतिम निराकरण तक असिस्टेंट लोको पायलट का एक पद रखो रिक्त*

**जबलपुर।** केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण में एक याचिका दायर कर पश्चिम मध्य रेल में असिस्टेंट लोको पायलट की चयन प्रक्रिया को चुनौती दी गई है। कैट के न्यायिक सदस्य जस्टिस एके श्रीवास्तव एवं प्रशासनिक सदस्य मल्लिका आर्य की न्यायिक पीठ ने महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल, महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे, अध्यक्ष रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, प्रिंसिपल चीफ़ पर्सनल ऑफिसर, पश्चिम मध्य रेल जबलपुर एवं प्रिंसिपल चीफ़ पर्सनल ऑफिसर पश्चिम रेलवे मुम्बई, को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कैट ने अंतरिम आदेश के तहत याचिका के अंतिम निराकरण तक एक पद रिक्त रखने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश के रहने वाले बृजमोहन राणा की ओर से याचिका दायर की गई। कोर्ट को बताया गया कि रेलवे भर्ती बोर्ड के विज्ञापन पर याचिकाकर्ता ने आवेदन दिया था और वह सभी परीक्षाओं में सफल रहा। चयन सूची में उसका रोल नंबर नहीं था। कट ऑफ मार्क्स 69.88 दर्शाया गया जबकि याचिकार्ता के नंबर 70.89 थे। इसी आधार पर चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी को चुनौती दी गई।

*रज्जाक कनेक्शन सामने आने के बाद तेज हुई कार्रवाई, मीडिया कनेक्शन और हथियार नेटवर्क की भी गहन जांच*

## बाबा, बेटा प्रिंस और अर्पित की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी

हरिभूमि, जबलपुर।





रांझी के बड़ा पत्थर नरसिंहनगर हत्याकांड में फरार मुख्य आरोपी विकास नेल्सन उर्फ बाबा ईसाई, उसका बेटा प्रिंस नेल्सन और सहयोगी अर्पित कुशवाहा की तलाश में पुलिस ने शिकंजा और कस दिया है। हत्या के बाद से फरार इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। रज्जाक पहलवान से जुड़े नेटवर्क के संकेत मिलने के बाद पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है और तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ पुराने आपराधिक कनेक्शन भी खंगाले जा रहे हैं।

### राकांई में छिपे होने की आशंका

सूत्रों के फरार आरोपियों के नरसिंहपुर जिले के करेली थाना क्षेत्र के राकांई गांव में छिपे होने की आशंका के बाद पुलिस ने वहां भी सक्रियता बढ़ा दी है। स्थानीय पुलिस और जबलपुर पुलिस के बीच समन्वय बनाकर संदिग्ध ठिकानों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों को लगाया गया है और हर संभावित स्थान पर दबिश दी जा रही है।

### पूछताछ कर जोड़ी जा रही नेटवर्क की कड़ियां

जांच में रज्जाक पहलवान नेटवर्क से जुड़े इनपुट मिलने के बाद पुराने हथियार तस्करी कनेक्शन की भी जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों को किन माध्यमों से संरक्षण या संसाधन मिल रहे थे। इसी के साथ फरार आरोपियों के संपर्क में रहे लोगों से पूछताछ कर नेटवर्क की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं।

### प्रभाव और पहुंच का चल रहा आकलन

सूत्रों के मुताबिक मीडिया कनेक्शन की चर्चाओं को भी पुलिस गंभीरता से ले रही है। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन अंदरूनी स्तर पर हर एंगल पर पड़ताल की जा रही है ताकि आरोपियों के प्रभाव और पहुंच का पूरा आकलन किया जा सके।

### सर्विलांस, मुखबिर समेत घेराबंदी तेज

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच लगातार मजबूत दिशा में बढ़ रही है और आरोपियों की घेराबंदी लगभग पूरी कर ली गई है। तकनीकी सर्विलांस, मुखबिर तंत्र और लगातार छापेमारी के जरिए जल्द ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी संभव है। पुलिस की सक्रियता से यह साफ है कि इस हत्याकांड में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

▶ छह किश्तों का विकल्प चुनने वाले हजारों उपभोक्ताओं से संपर्क, 30 तारीख तक बकाया जमा कराने बिजली विभाग का विशेष अभियान, अब तक 8 लाख की वसूली

## समाधान योजना में किश्त चूकने वालों पर फोकस, घर-घर पहुंच रही टीम

हरिभूमि, जबलपुर।

राज्य शासन की समाधान योजना के तहत बकाया बिजली बिल जमा कराने के लिए बिजली विभाग अब सक्रिय मोड में नजर आ रहा है। योजना में छूट का लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं को किसी तरह नुकसान न हो, इसके लिए विभागीय टीमें अब सीधे उनके परिसरों तक पहुंचकर संपर्क कर रही हैं और उन्हें समय पर किस्त जमा करने के लिए प्रेरित कर रही हैं।



### 3,717 उपभोक्ता योजना से बाहर

जबलपुर शहर में कुल 16,111 उपभोक्ताओं ने बकाया राशि को छह किश्तों में जमा करने का विकल्प चुना था, लेकिन समीक्षा में सामने आया कि इनमें से 3,717 उपभोक्ता लगातार दो किश्तों का भुगतान समय पर नहीं कर पाए, जिससे वे योजना के लाभ से बाहर हो गए। इसके अलावा अभी भी 6,127 ऐसे उपभोक्ता चिन्हित किए गए हैं, जो यदि इस माह किश्त जमा नहीं करते हैं तो उन्हें भी छूट का लाभ नहीं मिल सकेगा।

### घर-घर जाकर किया जा रहा संपर्क

अधीक्षण अभियंता संजय अरोरा ने बताया कि ऐसे उपभोक्ताओं को राहत दिलाने और उन्हें योजना से जोड़कर रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार से शुरू हुए इस अभियान के तहत अधिकारी और कर्मचारी घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें बकाया किश्त जमा करने के लिए समझाइश दे रहे हैं।

### 708 उपभोक्ताओं ने उठाया लाभ

अभियान के शुरुआती परिणाम भी सकारात्मक रहे हैं। सोमवार तक 708 उपभोक्ताओं से संपर्क कर लगभग 8 लाख रुपये की बकाया राशि जमा कराई जा चुकी है। विभाग का लक्ष्य है कि 30 तारीख तक अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाया जाए।

### केवल वसूली नहीं राहत का भी लाभ

बिजली विभाग का कहना है कि यह पहल केवल वसूली तक सीमित नहीं है, बल्कि उपभोक्ताओं को राहत देने और उन्हें आर्थिक रूप से व्यवस्थित भुगतान का अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विभाग की टीमों द्वारा लगातार संपर्क और मार्गदर्शन से उम्मीद है कि बड़ी संख्या में उपभोक्ता समय पर किश्त जमा कर योजना की छूट का लाभ ले सकेंगे।

त्यौहारों पर कानून व्यवस्था बनाये रखने प्रतिबंधात्मक आदेश

## बिना अनुमति नहीं होंगे किसी भी तरह के आयोजन

**जबलपुर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने आने वाले त्यौहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों के हनन को रोकने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर प्रशासनिक अधिकारियों से अनुमति प्राप्त किये बिना सभी प्रकार के आयोजनों पर रोक लगा दी है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश संपूर्ण जिले में तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और यह आगामी दो माह तक प्रभावी रहेगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इसका उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

प्रतिबंधात्मक आदेश के मुताबिक प्रशासनिक अधिकारियों से अनुमति प्राप्त किये बिना किसी भी प्रकार के आयोजन नहीं किये जा सकेंगे। अनुमति प्राप्त किये बगैर होने वाले आयोजनों को अवैध घोषित किया जायेगा तथा आयोजकों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में प्रशासनिक अनुमति के बिना रैली, धरना, प्रदर्शन के साथ-साथ भण्डारों के आयोजन पर भी रोक लगाई गई है। इसी प्रकार धार्मिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान मार्गों पर टेंट लगाना या भंडारे का आयोजन भी नहीं किया जा सकेगा, जिससे यातायात प्रभावित हो। आदेश में दो पहिया वाहन रैली को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही डीजे के इस्तेमाल पर भी रोक लगाई गई है। आदेश के अनुसार सभी को मध्यप्रदेश कोलाहल अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण नियम का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों से आपत्तिजनक नारे अथवा गाने इत्यादि प्रसारित नहीं किए जा सकेंगे। ऐसा पाए जाने पर डीजे उपलब्ध कराने वाले टेंट हाउस आदि पर भी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

आदेश में कहा गया है कि प्रशासनिक अनुमति प्राप्त आयोजनों में भी ऐसे नारे अथवा शब्दों का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा, जिनसे किसी भी धर्म अथवा वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचती हो। ऐसा पाये जाने की दशा में संबंधित त्रुटिकर्ता के साथ-साथ कार्यक्रम के आयोजकों का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा और उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जायेगी। आदेश में व्यक्तियों, संस्थाओं अथवा पशु मालिकों से कहा गया है कि वे अपने पशुओं को खुले तौर पर सडकों पर न छोड़ें और न ही सड़कों पर आने दें।

जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में घरेलू सहायकों एवं व्यावसायिक सहायकों को रखने के पहले इसकी सूचना संबंधित थाने पर विहित प्रारूप में देना अनिवार्य किया गया है। होटल, लॉज, धर्मशाला में रूकने वाले व्यक्तियों से पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लेने तथा विहित प्रारूप में इनकी सूची प्रतिदिन संबंधित थाने को देने के निर्देश होटल, लॉज, धर्मशाला संचालकों को दिये गये हैं।

**धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज होंगे मौजूद**

## 1 मई को होगा 51 कन्याओं का सामूहिक विवाह

**पनागर।** बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज की प्रेरणा से लगातार दूसरे वर्ष भी 51 कन्याओ का सामूहिक विवाह दिनांक 1 मई को वृहद आयोजन विधायक सुशील तिवारी अमन तिवारी हर्ष तिवारी द्वारा किया जा रहा है। जिसमे वर वधु को सम्पूर्ण दहेज का सामान एवम व्यवस्थाएं आयोजक समिति द्वारा की जा रही है जिसमे पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज जी की गरिमामयी उपस्तिथि में कार्यक्रम का आयोजन पाटन बायपास पर किया जावेगा। उपस्तिथि की अपील आयोजन समीति द्वारा की गई है।

निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक में सभी विभागीय प्रमुखों को दिए निर्देश

## स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यों में लाएं तेजी, टीम वर्क के साथ करें कार्य : निगमायुक्त

**जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत शहर में संचालित विभिन्न गतिविधियों और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में स्वच्छता के मानकों को और अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ विभागीय समन्वय पर विशेष जोर दिया गया। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, उद्यान, वर्कशॉप तथा विद्युत विभाग सहित अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं के अधिकारियों से बिंदुवार चर्चा की और प्रगति की जानकारी ली। निगमायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को कचरा संग्रहण और नाली सफाई में निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यान विभाग को पार्कों के रखरखाव और डिवाइडरों पर वृक्षारोपण की स्थिति सुधारने को कहा। विद्युत विभाग को स्ट्रीट लाइट्स की सुचारू व्यवस्था और लोककर्म विभाग को सड़कों के संधारण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### टीम वर्क और समन्वय पर जोर

बैठक में निगमायुक्त श्री अहिरवार ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में सफलता केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सभी विभागीय प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ एक टीम के रूप में कार्य करें ताकि धरातल पर परिणाम नजर आएं। इस अवसर पर अधिकारियों के साथ-साथ सफाई एजेंसियों के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे।

## जेईई मेन्स में आसना एम ने हासिल की पहली रैंक

**जबलपुर।** जेईई मेन्स 2026 के परिणाम में ऑल इंडिया गर्ल्स कैटेगरी में नारायणा की छात्रा आसना एम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। वहीं विभिन्न विषयों में 60 छात्रों ने 100 परसेंटाइल हासिल की है। ऑल इंडिया रैंक 100 में ओपन कैटेगरी के 29 छात्र शामिल हैं, जबकि एआईआर 1000 में ओपन कैटेगरी के 171 छात्र अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं। नारायणा कोचिंग सेंटर जबलपुर के 19 छात्रों ने जेईई मेन्स 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसमें देव कुंदनानी 98.77, अथर्व श्रीवास्तव 98.22, नयन लखेरा 97.64, श्रृष्टि शुक्ला 96.52 और आशी सिंह 95.63, विश्वरूप शर्मा 94.26 प्रतिशत प्रमुख रहे।

**पंचपर्व महाआरती महोत्सव में आम्रफलों से हुआ सहस्त्रार्चन, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब**

## माँ बगलामुखी की आराधना से शत्रुओं का होता है स्तम्भन

हरिभूमि, जबलपुर।

सिविक सेंटर मढ़ाताल स्थित श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में चल रहे पंचपर्व महाआरती महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को पीताम्बरा भगवती माँ बगलामुखी का आम्रफलों द्वारा भव्य सहस्त्रार्चन अत्यंत श्रद्धा, आस्था और वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस दिव्य अनुष्ठान में मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। यह पावन आयोजन जगद्गुरु शंकराचार्य पीठद्वयाधीश्वर महाराज श्री के निजी सचिव ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द जी महाराज एवं ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी महाराज के परम सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। अनुष्ठान के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और आरती की गूंज से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा।



### यह रहे उपस्थित

इस धार्मिक आयोजन में महेश पुरुसवानी, संदीप जैन, पंकज दुबे, डॉ. संजय मिश्रा, नीता पटेल, नितिन, आरती सराफ, तुलसी अवस्थी, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, वैभव दुबे, पीयूष दुबे, अंकित दीक्षित, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य, राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, अभिषेक उपाध्याय, गौरव चौबे सहित मीडिया प्रभारी मनोज सेन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### उपासना सनातन परंपरा में अत्यंत प्रभावशाली

इस अवसर पर ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि माँ बगलामुखी की उपासना सनातन परंपरा में अत्यंत प्रभावशाली मानी गई है। यह साधना विशेष रूप से शत्रुओं के स्तम्भन, नकारात्मक शक्तियों के नाश एवं जीवन की बाधाओं को दूर करने में सहायक होती है। उन्होंने बताया कि माँ की कृपा से साधक को वाकसिद्धि प्राप्त होती है, जिससे वह वाद-विवाद एवं न्यायिक कार्यों में सफलता अर्जित करता है और जीवन निष्कंटक बनता है।

### समस्त शक्तियाँ भी उनके समक्ष प्रभावहीन

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि माँ बगलामुखी की आराधना से पूर्व हरिद्रा गणपति का पूजन अनिवार्य है। इसके बिना साधना पूर्ण फल प्रदान नहीं करती। माँ की दिव्य शक्ति इतनी प्रबल है कि समस्त ब्रह्माण्ड की शक्तियाँ भी उनके समक्ष प्रभावहीन हो जाती हैं। अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक पूजन-अर्चन कर माँ से शत्रुनाश, सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार स्पष्ट रूप से अनुभव किया गया।

**समर कैंप, स्किल डेवलपमेंट फीस के नाम पर ठगी**

## शातिराना अंदाज में सायबर ठग सक्रिय

**जबलपुर।** सायबर ठगों ने अब समर विकेशन सीजन को अपना हथियार बना लिया है। ऑनलाईन समर कैंप, स्किल डेवलपमेंट क्लासेस के नाम पर स्कूली बच्चों के पालकों को सायबर ठग निशाना बना रहे हैं। साइबर ठगों ने अब सोशल मीडिया, फर्जी वेबसाइटों और मोबाइल एप्लीकेशन को अपना हथियार बना लिया है। ये अपराधी स्कूली बच्चों के अभिभावकों को निशाना बनाकर उनसे हजारों रुपए की ठगी कर रहे हैं। इस तरह के मामलों में जबलपुर पुलिस और सायबर सेल ने आम जनता को विशेष सावधानी बरतने और सतर्क रहने की एडवाईजरी जारी की है। साइबर अपराधी इंटरनेट सर्च इंजन पर फर्जी लिंक और वेबसाइट इस तरह से तैयार करते हैं कि वे पूरी तरह असली प्लेटफॉर्म नजर आएं। जब भी कोई अभिभावक बच्चों के लिए ऑनलाइन कोर्स सर्च करता है, तो वे अनजाने में इन जालसाजों के जाल में फंस जाते हैं।

बताया गया है कि बेहद शातिराना अंदाज में लोगों का भरोसा जीतकर ठग आकर्षक कोर्स और बहुत कम सीटों का लालच देते हैं। वे अभिभावकों को फर्जी ऐप डाउनलोड करने या सीधे बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करने के लिए प्रेरित करते हैं। पंजीकरण और फीस के नाम पर जैसे ही राशि का भुगतान किया जाता है, ठग तुरंत अपना मोबाइल नंबर बंद कर देते हैं या संबंधित व्यक्ति को ब्लॉक कर देते हैं। इस तरह भुगतान होते ही संपर्क पूरी तरह खत्म कर दिया जाता है।

### जबलपुर में प्रकाश में आए मामले



जबलपुर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से इस तरह के कई धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं। स्नेह नगर निवासी पूजा ने अपने बेटे के लिए मल्टी लैंग्वेज क्लास की खोज की थी। इंटरनेट पर मिले एक नंबर पर संपर्क करने के बाद उनसे फीस के रूप में 5 से 10 हजार रुपए लिए गए, लेकिन भुगतान के कुछ ही समय बाद वह नंबर बंद हो गया। इसी तरह विजय नगर निवासी राहुल सिंह ने एक मोबाइल ऐप डाउनलोड किया और 10 हजार रुपए जमा किए, जिसके बाद वह ऐप चलना बंद हो गया और किसी भी प्रकार का संपर्क नहीं हो पाया।

### पुलिस की सलाह

एएसपी सूर्यकांत शर्मा के अनुसार, किसी भी अनजान लिंक, ऐप या फोन कॉल पर भरोसा करना जोखिम भरा हो सकता है। ऑनलाइन भुगतान करने से पहले संबंधित संस्थान की पूरी जांच-पड़ताल करना आवश्यक है। पुलिस ने अपील की है कि यदि किसी के साथ भी इस तरह की संदिग्ध गतिविधि होती है, तो तुरंत साइबर सेल में इसकी शिकायत दर्ज कराएं ताकि अपराधियों के खिलाफ समय रहते सख्त कार्रवाई की जा सके।

## बंद रहे कृषि विक्रेताओं के प्रतिष्ठान

# अनेक समस्याओं को लेकर कृषि आदान विक्रेता संघ ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** कृषि आदान विक्रेता संगठन ने लम्बे समय से लंबित विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु देश के प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि यह संगठन देश के खाद बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं का एक रजिस्टर्ड संघ है जो लगभग 5 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है। संगठन के सदस्यों द्वारा पिछले 10 सालों से लगातार निम्नलिखित समस्याओं का सामना किया जा रहा है। और केन्द्र एवं राज्य सरकारों के संबंधित अधिकारियों तक बार-बार अपनी बात पहुंचाने के बावजूद इनका निराकरण नहीं होने के कारण 27 अप्रेल सोमवार को पूरे देश के कृषि आदान विक्रेता संघ एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर रहे।



ज्ञापन में खाद पर जबरन लिकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध उर्वरक निर्माता कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अनुपयोगी उत्पादों की जबरन लिकिंग को अपराध घोषित करने,पिछले कई वर्षों से महंगाई,लेबर चार्ज और दुकान के खर्चों में भारी वृद्धि हुई है लेकिन मार्जिन स्थिर है होलसेल स्तर पर 3 प्रतिशत और रिटेल स्तर पर 5 प्रतिशत मार्जिन सुनिश्चित किया जाए कानूनन उर्वरक की डिलीवरी विक्रेता के गोदाम तक होनी चाहिए फर्टीलाइजर कंट्रोल आर्डर का कड़ाई से पालन हो और माल विक्रेता के गोदाम तक पहुँचाया जाए। सरकारी और अन्य निजी कंपनियों ने सिक्योरिटी डिपॉजिट 10 लाख तक बढ़ा दिया है इस भारी सुरक्षा राशि को तर्कसंगत बनाया जाए या कम किया जाए,विक्रेता सीलबंद माल बेचता है यदि सैंपल फेल होता है तो निर्माता कंपनी के बजाय विक्रेता को 'प्रथम पक्ष' बनाया जाता है जो अन्यायपूर्ण है गुणवत्ता की पूरी जिम्मेदारी केवल निर्माता कंपनी पर होनी चाहिए,जीएसटी कानून में सुधार और थर्ड पार्टी लायबिलिटी' तुरंत बंद हो। इस अवसर पर कृषि आदान विक्रेता संघ के अध्यक्ष अखिलेश पटेल,संयोजन अर्जून पंजाबी, मनीष मनोचा, सचिव अशोक राय, राकेश तिवारी सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

# भेड़ाघाट चौराहा पर बन रही सड़क कर रही भ्रष्टाचार को उजागर

**भेड़ाघाट।**

**सड़क बनते ही दरार छोड़ रही**

भेड़ाघाट चौराहा से धुआंधार तक बनने वाली सड़क में नाली निर्माण में भारी पक्षपात किया जा रहा हैं सी,सी, सीमेंट सड़क की एक साइट, पट्टी को बनाया गया है वह भी कहीं चौड़ी और कहीं सकरी कर दी गई हैं देख कर लगता है कि बिना इंजीनियर की देखरेख में कार्य किया जा रहा हैं और ठेकेदार भी अधिकारियों को गुमराह कर रहा है। भेड़ाघाट चौराहा पर जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है सड़क निर्माण का कार्य ठीक ढंग से ना करके ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है 300 मीटर की सड़क में दो तीन महीने लग गये फिर भी सड़क नहीं बन पाई है आप अंदाजा लगा सकते हैं कि ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग के अधिकारों की मिली भगत से सड़क निर्माण और नाली निर्माण में भारी अनियमिताएं बरती जा रही हैं आम नागरिकों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं और ठेकेदार द्वारा भगवान भरोसे सड़क बनाई जा रही है ना कोई इंजीनियर है ना कोई जवाबदार अधिकारी उपस्थित नहीं रहता हैं मनगढ़ंत ढंग से नाली निर्माण किया जा रहा हैं पानी की सप्लाई कहां होगी उसका भी मापदंड नहीं देखा जा रहा है 20 करोड़ से ज्यादा की बनने वाली सड़क निर्माण में लीपापोती की जा रही है आम नागरिकों का कहना है कि बहु प्रतीक्षित सड़क निर्माण का घटिया निर्माण क्यों किया जा रहा है यह भी जांच का विषय है ठेकेदार पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारीक्योंमेहरबानहैंतभी तो गुणवत्ता के साथ ही निर्माण कार्य में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही हैं । लोक निर्माण विभाग में निर्माण कार्य में हीलाहवाली बरती जा रही हैं और जनप्रतिनिधि भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## घर से बाई ने साफ किए लाखों के जेवर

**जबलपुर।** गोहलपुर थानांतर्गत कृष्णा कालोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी श्रीमती सीमा पांडे ने कल दोपहर एक सोने की 5-6 ग्राम वजनी डायमंड अंगूठी व 10 ग्राम का सोने का ब्रेसलेट बेडरूम की अलमारी में साड़ी के नीचे उतार कर रख दिया था। उस समय घर में गीताबाई व भारती बाई झाड़, पोंछा लगाने का काम कर रही थी। दूसरे दिन अंगूठी व ब्रेसलेट लॉकर में रखने के लिए ढूंढ़ा तो दोनों जेवर गायब थे। दो दिनों से घर में कोई नहीं आया है। सीमा को शक है कि काम वाली बाईयों ने ही जेवर पार किए हैं। एक अन्य घटना में अधारताल थानांतर्गत निर्भय नगर में श्रीमती सुधा बागरी के घर से किसी ने सोने का हार माला, मंगलसूत्र, झुमके व कड्डोरा पार कर दिया।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 संशोधन विधेयक संसद में पारित न होने के विरोध में निंदा प्रस्ताव एवं अन्य विषयों पर प्रस्ताव पारित

**बरेला।** सोमवार को नगर परिषद की विशेष बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम–2023 संशोधन विधेयक के संसद में विपक्ष के दलों के गतिरोध के कारण पारित न होने के विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 की तैयारियों एवं आवश्यक सहयोग को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। परिषद ने स्वच्छता के स्तर को बेहतर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने का निर्णय लिया।

गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर भी गंभीर विचार-विमर्श किया गया। परिषद ने निर्देश दिए कि सभी क्षेत्रों में पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की समस्या पर त्वरित कार्यवाही हो। वहीं आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नाला-नालियों की साफ-सफाई का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। परिषद ने समय रहते सभी नालों की सफाई सुनिश्चित करने तथा जलभराव की समस्या से निपटने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने का निर्णय लिया। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, उपाध्यक्ष सोनम सोनू सोनकर, पार्षदगण दिनेश सिंह पटेल, पिंकी प्रीतम पटेल,शारदा कृष्णा बर्मन, प्रकाश चक्रवर्ती, दीपक सोनकर,दिव्या अरिहंत जैन, ममता बर्मन,राजकुमार गोंटिया, श्रीकांत उपाध्याय उपस्थित रहे। बैठक के अंत में अध्यक्ष महोदय द्वारा निंदा प्रस्ताव सर्वानुमति से पारित करने के लिए सभी उपस्थित पार्षदगणों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा शेष सभी पारित प्रस्तावों के प्रभावी क्रियान्वयन पर समय सीमा में कार्य करने पर जोर देते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

## मुड़िया मड़ौद में साइकिल वितरण

**मझौली।** मध्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़िया मड़ौद में कक्षा छठवीं और नवमीं में साइकिल वितरण किया गया।जिसमें जनप्रतिनिधि राजेश राय, गोलू पटेल, राकेश दाहिया, प्रभारी प्राचार्य आरफा फिरदौस, अंशों मेहरा, सुबोध राय, बद्री नामदेव, चतुर्भुज झारिया, नवल राठौर, आशीष तिवारी, अखिलेश पटेल सहित सभी पालकगण उपस्थित हुए।

## गौ सम्मान आह्वान अभियान

**मझौली।** तहसील के समस्त गौ सैनिकों के द्वारा नगर के बस स्टैंड से एक रैली निकाल कर तहसील कार्यालय में पहुंच कर तहसील दार को राष्ट्रपति प्रधानमंत्री राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। 27 अप्रैल 2026 अप्रैल दिन सोमवार मझौली तहसील कार्यालय में जाकर सरकार से इन विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रमुख मांग में 1. गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मानित पद प्रदान हो संपूर्ण देश में गौवंश को उचित सम्मान मिलें। 2. भारत में गौ हत्या पर पूर्णतः प्रतिबंध लगे जिससे देश की गौवंश पूर्णतः सुरक्षित रह सके। 3. गौ सेवा केन्द्रीय कानून लागू हो तथा केन्द्रीय गौ सेवा मंत्रालय का संगठन बनें। सभी गौ सैनिक, एवं धर्म रक्षक, एवं नगर वासी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे इन्द्राना रोड बस स्टैंड में एकत्रित होकर पैदल चलकर मझौली तहसीली कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा गया।

## 2 हजार 767 किसानों से खरीदा गया 1.23 लाख क्विंटल गेहूँ
## 18 हजार 553 किसानों ने कराये स्लॉट बुक

**जबलपुर।** समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया के तहत जिले में अभी तक 2 हजार 767 किसानों से 1 लाख 23 हजार 647 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। जिले में किसानों से गेहूँ का उपार्जन 60 खरीदी केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ का विक्रय करने जिले के 50 हजार 788 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया था। इनमें से अभी तक 18 हजार 553 किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराये जा चुके हैं। प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक सीमा बौरसिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अभी तक सर्वाधिक गेहूं का उपार्जन सिहोरा तहसील में हुआ है। यहाँ 781 किसानों से 31 हजार 873.5 क्विंटल गेहूं की खरीदी हो चुकी है। पाटन तहसील 28 हजार 668.9 क्विंटल की खरीदी कर दूसरे, जबलपुर तहसील 17 हजार 531 क्विंटल के साथ तीसरे, मझौली 16 हजार 249 क्विंटल के साथ चौथे तथा पनागर तहसील 12 हजार 772 क्विंटल गेहूं का उपार्जन कर पांचवे स्थान पर है। शहपुरा तहसील में 9 हजार 752.5, आधारताल में 4 हजार 048 और कुंडम तहसील में 2 हजार 355 क्विंटल गेहूं की खरीदी हो चुकी है। अभी तक पाटन तहसील के 609, मझौली के 376, जबलपुर के 352, पनागर के 292, शहपुरा के 184, आधारताल के 101 और कुंडम तहसील के 64 किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूँ का विक्रय किया जा चुका है। प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक के मुताबिक जिले में लघु और सीमांत किसानों के साथ-साथ मध्यम और बड़े किसानों को भी स्लॉट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। खरीदी केंद्रों की स्लॉट बुकिंग क्षमता भी एक हजार क्विंटल से बढ़ाकर 2 हजार 250 क्विंटल प्रत्येक दिन प्रति खरीदी केंद्र कर दी गई है। अभी तक जिले की सिहोरा तहसील के 5 हजार 466, मझौली के 3 हजार 702, पाटन के 3 हजार 176, पनागर के 2 हजार 763, जबलपुर के 1 हजार 621, शहपुरा के 839, कुंडम के 595, आधारताल के 215, गोरखपुर के 115 तथा राँझी तहसील के 61 किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराये जा चुके हैं। जिले में अभी तक स्थापित पाटन तहसील में 13, सिहोरा में 11, मझौली में 10, जबलपुर में 9, पनागर में 6, शहपुरा में 6, कुंडम में 2 तथा आधारताल, गोरखपुर और राँझी तहसील एक-एक खरीदी केंद्र स्थापित किये गये हैं।



# नमकीन गोदाम से 90 हजार चोरी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानांतर्गत कटंगी रोड शंकर नगर में आकाश नमकीन के गोदाम का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ड्राज में रखे 90 हजार नगदी ले गए। माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि मढ़ई मस्जिद रांझी निवासी रमेश साहू कटंगी रोड शंकर नगर में आकाश नमकीन के गोदाम में मैनेजर का काम करता है। गत 24 अप्रैल को रात 8 बजे उन्होंने गोदाम के सटर का ताला बंद कर घर चले गए थे। दूसरे दिन सुबह लगभग 10.30 बजे गोदाम पहुंचे तो देखा कि सटर का ताला गायब था। शटर आधी खुली थी। अंदर जाकर देखा तो गोदाम का ड्राज भी खुला था। जिसमें रखे 90 हजार रुपये गायब थे।



## माढ़ोताल, गोहलपुर अधारताल में नकबजनी
## गोदाम से 90 हजार, घरों से लाखों के जेवर चोरी

अमाढ़ोताल गोहलपुर व अधारताल थाना क्षेत्रों में चोरी को अलग-अलग वारदातों में अज्ञात चोरों ने एक नमकीन गोदाम का ताला तोडक़र 90 हजार कैश, व दो घरों से कीमती जेवर पार कर दिए। तीनों प्रकरणों में चोरी की अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद का वार्षिक खेल कैलेण्डर घोषित

**जबलपुर।। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद ने वर्ष 2026-27 के लिए अंतरक्षेत्रीय विद्युत खेल प्रतियोगिता का कैलेण्डर जारी कर दिया है। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एफके मेश्राम ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर क्षेत्र को तैराकी प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपी गई है। तैराकी प्रतियोगिता इस वर्ष जून के द्वितीय सप्ताह में आयोजित होगी।**

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद द्वारा जारी कैलेण्डर के अनुसार जून माह के तृतीय सप्ताह में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहडोल क्षेत्र द्वारा कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। रीवा क्षेत्र द्वारा जुलाई के द्वितीय सप्ताह में बैडमिंटन व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई द्वारा जुलाई के तृतीय सप्ताह में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ग्वालियर क्षेत्र अगस्त के द्वितीय सप्ताह में टेबल टेनिस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। सितंबर के प्रथम सप्ताह में टोंस जल विद्युत गृह द्वारा ब्रिज प्रतियोगिता और मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उज्जैन क्षेत्र द्वारा सितंबर के द्वितीय सप्ताह में पावर लर्फ्टिंग व बॉडी बर्ल्डिलग प्रतियोगिता की मेजबानी की जाएगी। मध्यप्रदेश पश्चिरम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के इंदौर क्षेत्र द्वारा अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में कुश्ती व सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी द्वारा अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में टग ऑफ वार (रस्साकसी) प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी द्वारा नवम्बर माह के द्वितीय सप्ताह में फुब्बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। महिलाओं प्रतियोगिता की मेजबानी श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया को सौंपी गई है। नवम्बर के तृतीय सप्ताह में महिला खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनीक्वाईट व क्रिकेट स्पर्धाएं आयोजित होंगी। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह द्वारा दिसंबर के प्रथम सप्ताह में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। दिसंबर के द्वितीय सप्ताह में सागर क्षेत्र एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर अगले वर्ष जनवरी के द्वितीय सप्ताह में क्रिकेट, भोपाल क्षेत्र जनवरी के तृतीय सप्ताह में वालीबाल, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई फरवरी के द्वितीय सप्ताह में लॉन टेनिस और संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर फरवरी के तृतीय सप्ताह में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। जबलपुर क्षेत्र को सांस्कृतिक स्पर्धा व नाटक प्रतियोगिता के आयोजन के जिम्मेदारी दी गई है। जबलपुर क्षेत्र इन प्रतियोगिताओं को क्रमशः इस वर्ष अगस्त के तृतीय सप्ताह और सितंबर के तृतीय सप्ताह में आयोजित करेगा। इस संबंध में सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं से प्रतियोगिताओं को निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। अंतर क्षेत्रीय विद्युत खेल प्रतियोगिता के आधार पर अखलि भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल प्रयितोगिता में भाग लेने वाली एमपी पावर की वभिन्नि टीमों का चयन व गठन किया जाएगा।

## जबलपुर क्षेत्र को मिली तैराकी की मेजबानी

# 200 वाहन चालकों से 85 हजार जुर्माना वसूला

### 17 आदतन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई

**जबलपुर।** जिला पुलिस बल द्वारा जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब के कारोबार तथा यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 200 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 85 हजार 500 रूपये समन शुल्क वसूला गया।कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 17 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 49 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 9 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 16 गैरम्यादी, 16 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 25 जमानती वारंट तामील किये गये तथा अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 9 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 67 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 9 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी।

### रहवासी क्षेत्रों में गोदामों को लेकर महापौर से चर्चा आज

**जबलपुर।** उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच का कहना है कि जबलपुर में 67 प्रतिशत रहवासी क्षेत्रों में ज्वलनशील सामग्री के गोदाम तथा कारखाने स्थापित किए गए है। इनसे बड़े हादसे हो सकते है। चिंता का विषय यह है कि जबलपुर में फायर ऑडिट प्रक्रिया ठप्प पड़ी है। मंच के अध्यक्ष डॉ पीजी नाजपांडे ने बताया कि इन बिंदुओं पर 28 अप्रैल को सुबह 10 बजे महापौर निवास में महापौर से चर्चा कर कार्रवाई करने का निवेदन किया जायेगा।

# रोड पार कर रहे व्यक्ति को बाईक ने टक्कर मारी

**जबलपुर।** मझौली थाना क्षेत्र में रोड पार होर रहे एक व्यक्ति को एक बाईक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करया गया। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार काकरदेही मझौली निवासी हरिलाल चौधरी सोमवार की सुबह पूरे परिवार के साथ पन्ना जाने के लिए बस के इंतजार में रोड किनारे खड़े थे। लगभग 9 बजे हरिलाल चौधरी कुछ सामान लेने के लिए रोड पार कर रहे थे तभी एक बाईक क्रमांक एमपी 21 जेजे 7014 के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए शासकीय मझौली अस्पताल ले गए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर के लिए रिफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया गया।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

रांझी थाना अतंर्गत अधारताल रोड अप ट्रेक पर अज्ञात पुरुष की ट्रेन से कटने पर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधारताल रोड अप ट्रेक पर अज्ञात पुरुष की ट्रेन से कटने पर मौत हो गई। रेलवे ट्रेकमेन सतीष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### पता पूछने के बहाने मोबाइल छीना

अधारताल थानांतर्गत कल कृषि नगर रोड अधारताल में पैदल घर जा रहे युवक से पता पूछने के बहाने स्कूटी सवार उसके हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गया। अधारताल पुलिस ने बताया कि नेताकालोनी निवासी अभय पटेल कल सुबह 8 बजे अपने बड़े पापा के घर सुभाषनगर से पैदल घर जा रहा था। जैसे ही कृषिनगर रोड अधारताल पहुंचा तभी एक एक्सेस स्कूटी से एक व्यक्ति उसके पास आया और किसी का पता पूछते हुए अचानक अभय के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गया।

**डॉ. पन्ना लाल भल्ला-** रवींद्र नगर अधारताल निवासी डॉ. पन्ना लाल भल्ला (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला सोंधिया-** कांचघर रोड शीतलामाई वार्ड निवासी श्री बृजलाल सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला सोंधिया (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तारा बाई राजपूत-** शिवाजी नगर मांडवा रामपुर निवासी श्री दीननाथ राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई राजपूत (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।**श्रीमती कंचन राजपूत-** सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्रीमती कंचन राजपूत (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।**कु. निशा सिंह ठाकुर-** लोको तलैया सिविल लाइन निवासी श्री फतेह सिंह ठाकुर की पुत्री कु. निशा सिंह ठाकुर (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विक्को बाई कोरी-** शुक्ला होटल लालमाटी सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री दशरथ कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती विक्को बाई कोरी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जुग्गो बाई झारिया-** पटेल मोहल्ला पोलीपाथर बादशाह हलवाई मंदिर के पास निवासी श्री रामधनी झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती जुग्गो बाई झारिया (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती संध्या कनौजिया-** सिद्धबाबा वार्ड हनुमान मंदिर के पास निवासी श्री अमित कनौजिया की धर्मपत्नी श्रीमती संध्या कनौजिया (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शकुन बाई सिंह-** सर्रापीपल रांझी निवासी श्री कामता सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई सिंह (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बसंत कुमार लालवानी-**




उत्सव विहार नेपियर टाउन निवासी एडवोकेट बसंत कुमार लालवानी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती भागवती बाई-** इंद्रप्रस्थ कॉलोनी सामुदायिक भवन के पास निवासी श्री सीताराम की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती बाई (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।**श्रीमती सुंदर बाई पनग्रहा-** नव निवेश कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री सतईराम पनग्रहा की धर्मपत्नी श्रीमती सुंदर बाई पनग्रहा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार चौहानी श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जय करण यादव-** शक्तिनगर भोले कुटि के पास निवासी श्री जय करण यादव (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निर्मला कुंडू-** बेलबाग पुलिस क्वाटर्स के पास निवासी श्री किशन लाल कुंडू की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला कुंडू (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम सहाय पटेल-** न्यू जगदम्बा कॉलोनी निवासी श्री राम सहाय पटेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंपा बाई कुंडे-** प्रेमसागर झंडा चौक निवासी श्री बाबू लाल कुंडे की धर्मपत्नी श्रीमती चंपा बाई कुंडे (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुष्पा जैन-** संजीवनी नगर निवासी श्री आरके जैन की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा जैन (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**लक्ष्मी गुप्ता -** सिहोरा आजाद चौक नारायण टाकीज के बगल में निवासी श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता का 44 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था । अंतिम संस्कार कुर्रे रोड़ स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे रमेश गुप्ता की पत्नी, गोपाल भोलू एवं आस्था की मां थी।



हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
संपर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# पंजाब नेशनल बैंक लाया ग्राहकों के लिए यूपीआई पर उधारी की सुविधा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने करीब 18 करोड़ ग्राहकों के लिए डिजिटल पेमेंट को और आसान बनाने के लिए फिनटेक कंपनी किवी के साथ समझौता किया हैं। किवी को क्रेडिट-ऑन-यूपीआई प्लेटफॉर्म के तौर पर जाना जाता है।

इस पहल का मकसद ग्राहकों को यूपीआई के जरिए भी क्रेडिट सुविधा उपलब्ध कराना हैं। जिससे ग्राहकों के लिए पेमेंट का तरीका और ज्यादा सुविधाजनक बन सके। इसके तहत बैंक रुपी नेटवर्क पर पीएनबी किवी क्रेडिट कार्ड लांच करेगा। इसके जरिए ग्राहक बैंक बैलेंस न होने पर भी यूपीआई से भुगतान कर पाएंगे। पंजाब नेशनल बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर का कहना हैं कि, देश में डिजिटल पेमेंट तेजी से बढ़ रहे हैं। इसमें यूपीआई की अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक के पास पूरे देश में 10,000 से ज्यादा शाखाओं का मजबूत नेटवर्क है। जिनमें से करीब 60 प्रतिशत सेमी-अर्बन और ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। इस नेटवर्क के जरिए बैंक उन लोगों तक भी औपचारिक क्रेडिट सुविधा पहुंचाने की कोशिश कर रहा है, जो अब तक इससे दूर रहे हैं।

## क्रेडिट कार्ड अब आपके मोबाइल में!

### आसान इस्तेमाल साथ में कैशबैक

यह कार्ड पूरी तरह डिजिटल होगा और यूपीआई से आसानी से जुड़ जाएगा। जिससे पेमेंट करना काफी आसान हो जाएगा। इसके साथ ही ऑनलाइन ट्रांजैक्शन पर 0.5 से 1.5 प्रतिशत तक कैशबैक भी मिलेगा। यानी यूजर्स को सुविधा के साथ-साथ कैशबैक का भी लाभ मिलेगा।




### बिना फीस के डिजिटल कार्ड

यह कार्ड पूरी तरह डिजिटल तरीके से जारी होगा। यानी ग्राहक इसके लिए घर बैठे ऑनलाइन ही अप्लाई कर सकेंगे। आवेदन करने के लिए ज्यादा कागजी झंझट भी नहीं है। जिससे प्रक्रिया आसान और तेज हो जाएगी। सबसे खास बात यह है कि इस कार्ड पर न कोई जॉइनिंग फीस लगेगी और न ही कोई सालाना शुल्क। जिससे यह आम लोगों के लिए और ज्यादा सुविधाजनक बन जाता हैं।

## भारतीय कॉरपोरेट इतिहास की सबसे बड़ी डील्स में गिना जा रही

# सन फार्मा 11.75 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर ऑर्गेनॉन एंड कंपनी का करेगी अधिग्रहण

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय दवा उद्योग के इतिहास में रविवार एक बड़े ग्लोबल टर्निंग पॉइंट के रूप में दर्ज हो गया। देश की सबसे बड़ी फार्मा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने अमेरिकी दिग्गज ऑर्गेनन को खरीदने का ऐलान कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। करीब 11.75 बिलियन डॉलर यानी लगभग 98 हजार करोड़ रुपए की यह डील भारतीय कॉरपोरेट इतिहास की सबसे बड़ी और रणनीतिक डील्स में गिनी जा रही है। इस अधिग्रहण के साथ सन फार्मा अब केवल एक भारतीय कंपनी नहीं रही बल्कि एक ग्लोबल फार्मा सुपरपावर के रूप में उभरी है। इस सौदे के पीछे कंपनी के संस्थापक दिलीप सांघवी का विजन साफ दिखता है और यह भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत का भी संकेत देता है। वित्त वर्ष 2025 तक सन फार्मा का सालाना रेवेन्यू करीब 6.48 बिलियन डॉलर था, जबकि ऑर्गेनन का

■ अमेरिकी दिग्गज ऑर्गेनन को खरीदने का ऐलान कर पूरी दुनिया को चौकाया

**खास बातें**

■ यह पूरी डील करीब 98 हजार करोड़ रुपए की मानी जा रही

■ सन फार्मा अब एक भारतीय नहीं एक ग्लोबल फार्मा सुपरपावर के रूप में उभरी




### विमेंस हेल्थ सेगमेंट में दबदबा

ऑर्गेनन की सबसे बड़ी ताकत महिलाओं के स्वास्थ्य और बायोसिमिलर्स में उसकी मजबूत पकड़ है। इस डील के बाद सन फार्मा 10 बिलियन डॉलर से बड़े विमेंस हेल्थ मार्केट में लीडर बन सकती है। फर्टिलिटी से लेकर गर्भनिरोधक दवाओं तक कंपनी की मौजूदगी अब और मजबूत होगी। ऑर्गेनन का नेटवर्क 140 से ज्यादा देशों में फैला हुआ है। इस अधिग्रहण से सन फार्मा को यूरोप और लैटिन अमेरिका जैसे बाजारों में मजबूत एंट्री मिल गई है। इससे कंपनी का ग्लोबल फुटप्रिंट 150 देशों तक पहुंच सकता है और यह किसी भी क्षेत्रीय आर्थिक झटके को झेलने में सक्षम बनेगी।

### बायोसिमिलर्स

बायोसिमिलर्स को आसान भाषा में समझें तो ये जटिल जैविक दवाओं (बायोलाजिक) की 'सटीक कॉपी' होते हैं। मसलन, एक महंगी ब्रांडेड घड़ी और उसके जैसी ही दिखने वाली और काम करने वाली दूसरी घड़ी। यह सामान्य जेनेरिक दवाओं की तरह केवल केमिकल मिक्सचर नहीं होते, बल्कि जीवित कोशिकाओं से बने होते हैं। इन्हें बनाना और रेगुलेट करना बेहद कठिन और खर्चीला काम है।

### खुशी के साथ थोड़ी चिंता भी: सांघवी

दवा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज के कार्यकारी चेयरमैन दिलीप सांघवी ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी कंपनी ऑर्गेनॉन का



अधिग्रहण 'खुशी' के साथ 'हल्की चिंता' का भी क्षण है। बड़े आकार के इस सौदे को वित्तपोषित करने के लिए कर्ज लेना होगा, जिसकी वजह से थोड़ी चिंता होना स्वाभाविक है, लेकिन कंपनी जोखिम लेने से पीछे हटने वाली नहीं है। उन्होंने कहा, हम कर्ज लेने से बचने वाली कंपनी जरूर हैं, लेकिन जोखिम से बचने वाली नहीं। ऐसे अवसर सामान्य परिस्थितियों में आसानी से नहीं मिलते।

### ग्लोबल रैंकिंग में बड़ी छलांग

करीब 13 बिलियन डॉलर के कंबाइंड रेवेन्यू के साथ सन फार्मा अब दुनिया की टॉप 12 से 15 फार्मा कंपनियों में शामिल हो सकती है। यह कंपनी को तेवा फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज और वियाट्रिस जैसे दिग्गजों के बराबर ला खड़ा करता है। साथ ही अब इसे फाइजर और नोवार्टिस की लीग में गिना जा रहा है।

# आभूषणों की बजाय अब निवेश के लिए सोना खरीद रहे भारतीय

एजेंसी ▸▸| मुंबई



अब अधिक संख्या में भारतीय आभूषणों की तुलना निवेश के लिए सोना खरीद रहे हैं। चालू वित्त वर्ष में ऐसे उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी बढ़कर 40 प्रतिशत तक होने की उम्मीद है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

■ घरेलू रेटिंग एजेंसी केयरएज ने जारी की रिपोर्ट

घरेलू रेटिंग एजेंसी केयरएज की इस रिपोर्ट के अनुसार कुल सोना की खरीद में आभूषणों की खपत का हिस्सा 2025 में गिरकर 60 प्रतिशत से नीचे आ गया, जबकि लंबी अवधि का औसत 70 प्रतिशत रहा है। केयरएज के निदेशक अखिल गोयल ने कहा कि यह दुनिया के सबसे बड़े स्वर्ण उपभोक्ताओं में एक भारत के सोना खरीदने के प्रतिरूप में एक संरचनात्मक बदलाव को दर्शाता है। गोयल ने कहा, ''भू-राजनीतिक अनिश्चितता, सोने की कीमतों में तेजी और पोर्टफोलियो विविधीकरण की प्राथमिकताएं सोने की निवेश मांग को बढ़ावा देती रहेंगी। वित्त वर्ष 2026-27 में कुल स्वर्ण खपत में निवेश की हिस्सेदारी 35-40 प्रतिशत रहने का अनुमान है।'' रिपोर्ट में कहा गया कि 60 प्रतिशत आभूषणों की खपत अभी भी 50 प्रतिशत के वैश्विक औसत से अधिक है। भारत में निवेश की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जिसका नेतृत्व गोल्ड ईटीएफ और बार तथा सिक्कों की खरीद ने किया है। यह अन्य बातों के साथ ही सुरक्षित निवेश की मांग को दर्शाता है।

### सोने की कीमत अब उच्च मूल्य वाले दौर में पहुंची

एजेंसी का मानना है कि सोने की कीमत अब एक स्थायी उच्च-मूल्य वाले दौर में प्रवेश कर चुकी हैं। इसे मांग में संरचनात्मक बदलाव, केंद्रीय बैंकों द्वारा निरंतर खरीद और वैश्विक व्यापक आर्थिक तथा भू-राजनीतिक अनिश्चितता से समर्थन मिल रहा है।

# भारतीय कंपनियों के विदेशों में किए गए अधिग्रहण में सन फार्मा शामिल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड का अमेरिका स्थित ऑर्गेनॉन एंड कंपनी के 11.75 अरब अमेरिकी डॉलर के उद्यम मूल्य पर प्रस्तावित अधिग्रहण किसी भारतीय कंपनी का दवा क्षेत्र में किया गया अब तक का सबसे बड़ा विदेशी अधिग्रहण है।

यह सौदा टाटा स्टील द्वारा कोरस ग्रुप पीएलसी के अधिग्रहण के बाद किसी भारतीय कंपनी का दूसरा सबसे बड़ा विदेशी सौदा भी है। भारतीय कंपनियों द्वारा अभी तक किए गए कुछ प्रमुख विदेशी अधिग्रहण इस प्रकार हैं:- टाटा स्टील ने 2007 में एंग्लो-डच इस्पात विनिर्माता कोरस ग्रुप पीएलसी का 12 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया। यह किसी भी भारतीय कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा विदेशी अधिग्रहण था। नकद मूल्य पर हुए इस सौदे से 2.7 करोड़ टन कच्चे इस्पात क्षमता और लगभग 84,000 कर्मचारियों वाली इकाई बनी जो उस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी थी। भारती एयरटेल ने कुवैत की जेन टेलीकॉम के अफ्रीकी कारोबार का 10.7 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया। यह भारतीय कंपनी द्वारा किया गया सबसे बड़ा दूरसंचार अधिग्रहण था जिससे कंपनी की मौजूदगी 15 अफ्रीकी देशों में हो गई। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने 2007 में नोवेलिस का छह अरब डॉलर में अधिग्रहण किया जिसमें लगभग 2.4 अरब डॉलर का कर्ज भी शामिल था। इस समझौते के तहत नोवेलिस के शेयरधारकों को प्रति शेयर 44.93 डॉलर नकद दिए गए।

■ सन फार्मा का दवा क्षेत्र में किया गया अब तक का सबसे बड़ा अधिग्रहण



### टाटा मोटर्स की इटली की इवेको में हिस्सेदारी

टाटा मोटर्स ने 2025 में इटली स्थित इवेको ग्रुप के वाणिज्यिक वाहन कारोबार (रक्षा को छोड़कर) को 3.8 अरब यूरो (लगभग 4.5 अरब डॉलर) में खरीदने पर सहमति जताई। यह भारतीय वाहन विनिर्माता का सबसे बड़ा अधिग्रहण है।

# मोबिक्विक को आरबीआई से मिला एनबीएफसी का लाइसेंस

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स ने सोमवार को कहा कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) का लाइसेंस मिल गया है। कंपनी ने बताया कि इस लाइसेंस के तहत वह अपने पूर्ण-स्वामित्व वाली इकाई मोबीक्विक फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एमएफएसपीएल) के जरिए कर्ज देने का नया कारोबार शुरू करेगी। इससे कंपनी को विनियमित ऋण सेवाओं का विस्तार करने, नए क्रेडिट उत्पाद विकसित करने और अधिक उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। कंपनी की कार्यकारी निदेशक, सह-संस्थापक और मुख्य वित्तीय अधिकारी उपासना टाकू ने कहा, एनबीएफसी लाइसेंस की मंजूरी मोबक्विक समूह के एक बड़े वित्तीय सेवा मंच के रूप में विकसित होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।





# शेयर बाजार में 3 दिन बाद तेजी लौटी, सेंसेक्स 639 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸| मुंबई

वैश्विक संकेतों में सुधार और प्रमुख कंपनियों में खरीदारी के चलते घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन की गिरावट के बाद सोमवार को तेजी लौटी। सेंसेक्स 639 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 195 अंकों की बढ़त दर्ज की गई। विश्लेषकों के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और सन फार्मा के शेयरों में जोरदार लिवाली आने से मानक सूचकांकों में उछाल देखा गया। इसके अलावा ईरान और अमेरिका के बीच तनाव घटने के संकेतों ने भी धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 639.42 अंक उछलकर 77,303.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 755.83 अंक तक चढ़कर 77,420.04 के स्तर तक पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 194.75 अंक यानी 0.81 प्रतिशत बढ़कर 24,092.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर करीब सात प्रतिशत तक उछल गया। सन फार्मा द्वारा अमेरिकी कंपनी ऑर्गेनॉन के अधिग्रहण के लिए 11.75 अरब डॉलर के सौदे की घोषणा के बाद इसमें तेज खरीदारी देखी गई। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में भी 2.88 प्रतिशत की तेजी आई।

■ सन फार्मा और रिलायंस के शेयरों में जोरदार तेजी



### सभी क्षेत्रवार सूचकांक में रही बढ़त

बाजार में चौतरफा तेजी के बीच सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। इसकी अगुवाई जन केंद्रित सेवाओं ने 2.50 प्रतिशत तेजी के साथ की जबकि स्वास्थ्य देखभाल खंड में 2.43 प्रतिशत और फोकस आईटी खंड में 2.41 प्रतिशत की बढ़त रही।

### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में रहा। यूरोपीय बाजारों में भी दोपहर कारोबार में सकारात्मक रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

# निप्पॉन लाइफ का लाभ 29 फीसदी बढ़कर 385 करोड़

**नई दिल्ली।** निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 29 प्रतिशत बढ़कर 384.48 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 298.32 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। निप्पॉन लाइफ इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 705.20 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 589.58 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2025-26 की पूरी अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 1,529.38 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे एक साल पहले 1,286.39 करोड़ रुपये था।




# चांदी 3,500 रुपए चढ़ी सोना 200 रुपए तेज

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतों में 3,500 रुपये की तेजी आई और यह 2.50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई जबकि जौहरियों एवं खुदरा विक्रेताओं की ताजा लिवाली के कारण सोने की कीमतें भी बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 200 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोमवार को सोने का कारोबार स्थिर रहा; बाज़ारों में मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच कीमतें पिछले सत्र की सीमा के भीतर ही बनी रहीं।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका-ईरान संबंधों को लेकर अनिश्चितता के कारण बाजार का रुख सतर्क बना रहा। कूटनीतिक प्रयासों में सीमित प्रगति और नई बातचीत के लिए कोई स्पष्ट समय-सीमा न होने के कारण, जिंसों और वित्तीय बाज़ारों में भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम बना रहा। अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में, हाजिर सोना और चांदी दोनों ही मामूली गिरावट के साथ क्रमशः 4,704 डॉलर और 75.60 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहे थे। मिराए एसेट शेयरखान में प्रमुख (जिंस) प्रवीण सिंह ने कहा, ''अमेरिका-ईरान बातचीत रुकने के कारण हाजिर सोने की कीमतों में गिरावट आई, जिससे तेल की कीमतें बढ़ गईं।

■ चांदी बढ़कर 2.50 लाख रुपए प्रति किलो ग्राम



### जोखिम लेने की क्षमता में सुधार

ऐसा उन रिपोर्टों के बीच हुआ जिनमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक नया प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव में परमाणु वार्ता को स्थगित करने का सुझाव भी शामिल है। शांति वार्ता को लेकर आशावाद बढ़ने और जोखिम लेने की क्षमता में सुधार होने के कारण अमेरिकी डॉलर सूचकांक में थोड़ी कमजोरी देखने को मिली।

## इस खरीफ सत्र में 64 लाख टन यूरिया आयात करने की योजना

# भारत खरीफ सत्र में यूरिया, अन्य उर्वरक करेगा आयात

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को कहा कि इस खरीफ सत्र में 64 लाख टन यूरिया और 19 लाख टन अन्य उर्वरक आयात करने की योजना बनायी जा रही है। यह खरीद योजना ऐसे समय बनायी जा रही है जब पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों के प्रभाव पर अंतर-मंत्रालयी सम्मेलन में उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने कहा कि यूरिया और डाई अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की खुदरा कीमतें अपरिवर्तित रहेंगी और खरीफ सत्र के लिए पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है। शर्मा ने कहा, "यूरिया और डीएपी जैसे उर्वरकों का एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) वही रहेगा। इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है।" यूरिया अभी भी 266.50 रुपये प्रति 45 किलोग्राम के बैग और डीएपी 1,350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम के बैग के हिसाब से बेचा जा रहा है। नियोजित आयात में से, संकट शुरू होने के बाद से 9.4 लाख टन यूरिया पहले ही प्राप्त हो चुका है।

■ सरकार 19 लाख टन अन्य उर्वरक आयात करने की योजना बना रही



### घरेलू यूरिया उत्पादन 35.4 लाख टन पहुंचा

संकट के बाद घरेलू यूरिया उत्पादन 35.4 लाख टन तक पहुंच गया है। सरकार ने खरीफ सत्र के दौरान पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 19 लाख टन गैर-यूरिया उर्वरकों के आयात के लिए एक वैश्विक निविदा भी जारी की है। इसमें 12 लाख टन डीएपी, 4 लाख टन ट्रिपल सुपरफॉस्फेट (टीएसपी) और 3 लाख टन अमोनियम सल्फेट शामिल है। यूरिया और गैर-यूरिया उर्वरकों के और आयात का फैसला घरेलू उत्पादन और मांग का आकलन करने के बाद किया जाएगा। एक अप्रैल से 26 अप्रैल की अवधि के लिए, यूरिया की उपलब्धता 18.17 लाख टन की जरूरत के मुकाबले 71.58 लाख टन रही।

### अधिकांश आयात होर्मुज के बाहर से

फरवरी में एक वैश्विक निविदा के माध्यम से 13.07 लाख टन और सुरक्षित किया गया था, जबकि 25 लाख टन और उर्वरकों के लिए निविदा जारी की गई है और इसके मई में आने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा, अधिकांश आयात होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर से हो रहे हैं। हमें पूरा भरोसा है कि हमें समय पर आपूर्ति मिल जाएगी।

### गैस की डिलीवरी बाधित होने से उत्पादन प्रभावित

घरेलू उत्पादन के बारे में शर्मा ने कहा कि मार्च में गैस की डिलीवरी बाधित होने के कारण उत्पादन पर असर पड़ा था, जिससे संयंत्र का उपयोग 60-65 प्रतिशत तक घट गया था। उन्होंने कहा, अब हमने ज्यादा कीमत पर भी गैस आयात करने के उपाय किए हैं। यूरिया इकाइयों के लिए गैस की उपलब्धता, जो पहले 60-65 प्रतिशत थी, अब 97 प्रतिशत हो गई है। इसलिए उसके बाद हमारा यूरिया उत्पादन बहुत अच्छा रहा है।

## खबर संक्षेप



### एसबीआई कार्ड के लाभ में 14 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** एसबीआई कार्ड एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (एसबीआई कार्ड) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 609 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी ने 534 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। एसबीआई ने बयान में कहा कि कंपनी की कुल आय बढ़कर 5,187 करोड़ रुपये हो गई जो गत वर्ष की समान तिमाही में 4,832 करोड़ रुपये थी। हालांकि ब्याज आय घटकर 2,382 करोड़ रुपये रह गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,415 करोड़ रुपये थी।

### डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसा बढ़कर 94.15

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को एक पैसे की मामूली बढ़त के साथ 94.15 (अस्थायी) पर बंद हुआ। वैश्विक अनिश्चितता, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के बावजूद रुपया बढ़त में रहा।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपया ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपनी शुरुआती गिरावट की भरपाई की, लेकिन कुल मिलाकर रुझान नकारात्मक बना हुआ है क्योंकि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने घरेलू मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया है।

### एनएसई ने आईजीएक्स में हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने नियामकीय मानदंडों का पालन करने के लिए इंडियन गैस एक्सचेंज (आईजीएक्स) में अपनी करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह हिस्सेदारी बिक्री पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के नियमों के अनुरूप है जिनके अनुसार किसी एक इकाई की एक्सचेंज में हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती।




### टीसीएस का सीमेंस एनर्जी से एआई रणनीतिक साझेदारी

**नई दिल्ली।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने आईटी सेवाओं, डिजिटल और औद्योगिक एआई पहल, डेटा सेंटर और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में संबंधों को मजबूत करने के लिए सीमेंस एनर्जी एजी और सीमेंस एनर्जी इंडिया के साथ प्रारंभिक समझौते किए हैं। एक बयान में कहा गया कि सीमेंस एनर्जी एजी के साथ साझेदारी का उद्देश्य कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित औद्योगिक परिवर्तन को तेज करना और टिकाऊ तथा लचीला डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार करना है।




### एको ने आईपीओ के लिए मर्चेंट बैंकर्स नियुक्त किए

**नई दिल्ली।** डिजिटल बीमा कंपनी एको ने शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की तैयारी शुरू कर दी है। घटनाक्रम से परिचित सूत्रों के अनुसार कंपनी ने आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, मॉर्गन स्टैनली और कोटक सिक्योरिटीज को 'बुक-रनिंग लीड मैनेजर' के रूप में चुना है। सूत्रों ने बताया कि बेंगलुरु स्थित यह कंपनी अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए लगभग 2 से 2.5 अरब डॉलर (लगभग 16,000 से 20,000 करोड़ रुपये) के मूल्यांकन का लक्ष्य रख रही है।



## चिंतन

# अमेरिका-ईरान वार्ता में पाक की खुली पोल

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने खुद को मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश जरूर की, लेकिन हालिया घटनाक्रम ने उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ईरानी सांसदों ने पाकिस्तान को दो टूक कह दिया कि उन्हें उस पर भरोसा नहीं है। पाकिस्तान अमेरिका के पिट्ठू की तरह काम कर रहा है। यही बात पहले ईरानी मीडिया भी कह चुका है। ईरान का खुले तौर पर पाकिस्तान पर अविश्वास जताना यह संकेत देता है कि इस्लामाबाद की कूटनीतिक भूमिका अब संदेह के घेरे में है। जिस वार्ता को पाक अपने लिए वैश्विक स्तर पर एक अवसर के रूप में देख रहा था, वही उसके लिए असहज स्थिति का कारण बनती दिख रही है। पाकिस्तान में होने वाली दूसरे दौर की वार्ता जिस तरह से शुरू होने से पहले ही रद्द हो गई। उसने साफ संकेत दे दिया है कि अब पाकिस्तान फंसने वाला है। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भाषा बोल रहे हैं। उससे ईरानी वार्ताकारों के मन में संशय होना अनायास नहीं है। वार्ता के बीच में ट्रंप का मुनीर की प्रशंसा करना स्पष्ट रूप से दिखाता है पाकिस्तान ट्रंप को किसी भी हाल में नाराज नहीं कर सकता। हालांकि इस वार्ता में पाक की हैसियत एक डाकिये से अधिक नहीं रही है। वह सिर्फ अमेरिका के प्रस्ताव को ईरान के समक्ष और ईरान के प्रस्ताव को अमेरिका समक्ष रखने का ही काम कर रहा है। अनेक विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान का समझौता करवाने के लिए बीच में कूदना कहीं न कहीं अमेरिका से ही प्रेरित है। अब देर सबेर उसकी पोल खुलना तय है। ट्रंप जैसे व्यक्ति के साथ किसी भी तरह के समझौते पर पहुंचना आसान नहीं है। उधर, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शरण में पहुंच गए हैं। अगर पुतिन इस समझौते को आगे बढ़ाने के लिए राजी होते है तो शायद इसका समाधान निकल सकता है। हालांकि ट्रंप के व्यवहार को देखते हुए दुनिया के तमाम समझदार देश इससे दूर ही रहेंगे। दरअसल, किसी भी अंतरराष्ट्रीय वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका तभी प्रभावी होती है जब दोनों पक्ष उस पर समान रूप से भरोसा करें। यहां पाकिस्तान इस कसौटी पर खरा उतरता नजर नहीं आ रहा। ईरान का यह आरोप कि पाकिस्तान अमेरिका के प्रभाव में काम कर रहा है, कोई नई बात नहीं है, लेकिन अब यह आरोप खुलकर सामने आना स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के बयानों और रुख ने भी इस धारणा को मजबूत किया है कि इस्लामाबाद स्वतंत्र कूटनीतिक रुख अपनाने में असफल रहा है। कूटनीति में संतुलन और स्वायत्तता बेहद जरूरी होती है, और यही वह क्षेत्र है जहां पाकिस्तान पिछड़ता दिख रहा है। दूसरी ओर, ईरान ने भी अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। वह किसी भी प्रकार के दबाव में आने को तैयार नहीं है और अपनी शर्तों पर ही वार्ता चाहता है। ऐसे में रूस जैसे देशों की ओर उसका झुकाव यह संकेत देता है कि वैश्विक शक्ति संतुलन में नए समीकरण बन रहे हैं। यदि रूस इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाता है, तो पाकिस्तान की भूमिका और भी सीमित हो सकती है। इस पूरे परिदृश्य से एक बड़ी सीख यह मिलती है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में केवल पहल करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि विश्वसनीयता और संतुलन बनाए रखना उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। पाकिस्तान ने जल्दबाजी में खुद को एक बड़े मंच पर लाने की कोशिश की, लेकिन तैयारी और भरोसे की कमी ने उसकी स्थिति कमजोर कर दी।

# लव जिहाद का क्राइम सिंडिकेट



अपराध
मनोज कुमार अग्रवाल

महाराष्ट्र के अमरावती जिले में 180 नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आने के बाद अब इस पर सियासत भी गरमा गई है। भाजपा ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'साजिश' बताया है। भाजपा नेताओं ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसआईटी जांच की मांग की है। आरोपी मोहम्मद अयाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, नासिक में भी सामने आए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामले ने उद्योग जगत को झकझोर कर रख दिया है। जरूरत है ऐसे मामलों में सख्त सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाए।

हाल ही में देश के तीन अलग-अलग शहरों में धर्मांतरण और लव जिहाद के मामले सामने आ रहे हैं। नासिक, अमरावती और सूरत से पुलिस ने एक ही पैटर्न पर लवजेहाद का खुलासा है। इन मामलों में पुलिस कार्रवाई कर रही है। धर्मांतरण और लव जिहाद मामलों में पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ा जा रहा है। इनके नेटवर्क तक पहुंचने का प्रयास हो रहा है। क्या विदेशी कनेक्शन भी है? इसको भी जांच हो रही है। महाराष्ट्र के अमरावती जिले से बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, 180 नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आने के बाद अब इस पर सियासत भी गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'साजिश' बताया है। भाजपा नेताओं ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसआईटी जांच की मांग की है।

अमरावती पुलिस ने मोहम्मद अयाज नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि अयाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, खासकर व्हाट्सएप और स्नैपचैट के जरिए नाबालिग लड़कियों को अपने जाल में फंसाया। जांच में पता चला है कि आरोपी ने कम से कम 180 लड़कियों का यौन शोषण किया और उनके 350 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड किए। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया है, जिसमें भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री मिली है। आरोपी फिलहाल सात दिनों की पुलिस हिरासत में है। अमरावती के अलावा नागपुर और परतवाड़ा जैसी जगहों की लड़कियों को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस पूरे मामले की गहराई से जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाने की अपील की है। वहीं, भाजपा विधायक देवयानी फरांदे ने कहा कि आईटी कंपनियों में महिलाओं के साथ अत्याचार और उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने की खबरें आ रही हैं, जो चिंताजनक है। उधर महाराष्ट्र के नासिक में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के नासिक यूनिट में सामने आए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामले ने उद्योग जगत को झकझोर कर रख दिया है। मामले की मुख्य आरोपी निदा खान को सत्र न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। वहीं, नासिक पुलिस ने उसकी धरपकड़ के लिए जाल बिछा दिया है। पुलिस के अनुसार, इस पूरे मामले में निदा खान की भूमिका बेहद संदेहास्पद है। उस पर कर्मचारियों के जबरन धर्मांतरण में शामिल होने का गंभीर आरोप है। दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक, आरोपी दानिश शेख ने पीड़िता का परिचय तौसीफ और निदा से कराया था। आरोप है कि ये लोग हिंदू देवी-देवताओं और धार्मिक प्रतीकों, विशेषकर शिवलिंग, भगवान कृष्ण और द्रौपदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करते थे, जिससे पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर धर्मांतरण के लिए उकसाया जा सके। फरार निदा खान ने अपनी दो महीने की गर्भावस्था का हवाला देते हुए गिरफ्तारी से सुरक्षा मांगी थी। हालांकि, सोमवार को कोर्ट ने उसे कोई राहत नहीं दी और अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है। जांच में सामने आया है कि इस शोषण का शिकार होने वाली अधिकांश युवतियां



मध्यमवर्गीय परिवारों से हैं, जिनकी उम्र 21 से 30 वर्ष के बीच है और वेतन लगभग 20,000 रुपये प्रतिमाह है। दूसरी ओर, टीसीएस ने स्पष्ट किया है कि कंपनी ने उत्पीड़न के आरोपों में शामिल कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। हालांकि, कंपनी का यह भी कहना है कि उन्हें आंतरिक चैनलों के माध्यम से ऐसी कोई शिकायत पहले प्राप्त नहीं हुई थी। फिलहाल, नासिक पुलिस की एसआईटी कुल नौ एफआईआर की जांच कर रही है, जिसमें छेड़छाड़, मानसिक प्रताड़ना और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसे गंभीर मामले शामिल हैं। गुजरात में सूरत के इच्छापोर इलाके में एक नाबालिग हिंदू लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। 'लव जिहाद' जैसे इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें मुख्य आरोपी मुस्लिम युवक है और उसकी मदद करने वालों में तीन मुस्लिम और एक हिंदू युवक शामिल है। सोशल मीडिया के जरिए नाबालिक हिंदू युवती को फंसाया गया था और फिर होटल में ले जाकर मुख्य आरोपी ने उससे दुष्कर्म किया था। इच्छापोर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इच्छापुर गांव में रहने वाले एक श्रमिक परिवार की कक्षा 12 में पढ़ने वाली नाबालिग बेटी को आरोपी मोहम्मद साजिद उर्फ अहद मोहम्मद जावेद पठान ने सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर अपने प्रेम जाल में फंसाया था। प्रेम का नाटक कर वह उसे बहला फुसलाकर एक होटल में ले गया। यहां उसने उसके साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाए। जब इस बात की जानकारी लड़की के परिवार को हुई, तो वे तुरंत इच्छापोर पुलिस स्टेशन पहुंचे और मामला दर्ज कराया। उधर आरोपी पुलिस द्वारा पकड़े जाने की भनक लगते ही अपने पैतृक स्थान बिहार भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पहचान छिपाने के लिए मुख्य आरोपी मोहम्मद साजिद ने अपने मित्र अभय कुमार शर्मा की मदद ली थी। अभय ने मोबाइल एडिटिंग ऐप के जरिए साजिद के आधार कार्ड में नाम बदलकर 'अभिषेक गुप्ता' (एक हिंदू नाम) कर दिया था ताकि होटल में कोई दिक्कत न हो। इसी फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर उसने होटल में कमरा बुक किया और लड़की के साथ बलात्कार किया था। यहां बता दें कि लव जिहाद वाली शादियों पर रोक लगाने की तैयारी शुरू हो गई। अपनी पहचान छिपाकर या माता-पिता को अंधेरे में रखकर शादी करना आसान नहीं होगा। इसकी इनिशिएटिव गुजरात से हुई है। राज्य सरकार ने इसके खिलाफ विधान सभा में कानून लाने की तैयारी की रही है। वहीं, हाल के दिनों में कई शहरों से जिम ट्रेनरों द्वारा महिलाओं को प्रेम जाल में फंसाकर शोषण, ब्लैकमेलिंग और जबरन वसूली के मामले सामने आए हैं। ये घटनाएं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। बीते दिनों सूरत के पाल इलाके में एक सनसनीखेज मामला सामने आया। सिटीलाइट स्थित 'पूजा एल1' जिम के 42 वर्षीय ट्रेनर शब्बीर टूंकवाला पर एक 45 वर्षीय विवाहित महिला को प्रेम जाल में फंसाने, निजी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख की फिरौती मांगने और उसके पति पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। इस तरह की तमाम वारदातों की इन दिनों झड़ी लगी हुई है लगातार देश के तमाम शहर कस्बों में एक समुदाय विशेष के शोहदे हिन्दू लड़कियों को तरह तरह से फंसा कर ब्लैक मेल कर न सिर्फ उनके धर्मांतरण का खेल खेल रहे हैं वरन अनेक मामले में उन्हें ब्लेकमेल कर अवैध देह के धंधे में धकेल दिया जाता है। सरकार को लवजेहाद और धर्मांतरण के लिए सक्रिय तमाम मजहबी फिरकापरस्त लोगों के नियंत्रण के लिए और अधिक सख्ती करनी होगी, वहीं हिन्दू समाज को भी अपनी लड़कियों को आगाह कर जागरूक करना होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क
डॉ. मोनिका शर्मा




# मनोसामाजिक जोखिमों से बचना भी आवश्यक

दुनिया के हर हिस्से में लोग कार्यस्थल पर कई जोखिमों का सामना करते हैं। कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं के अलावा कहीं कामकाजी दुनिया की स्थितियां शारीरिक स्वास्थ्य के लिए घातक होती हैं तो कहीं मानसिक सेहत के खतरा बनती हैं। इसी के चलते अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं, बीमारियों और मौतों को कम करने के लिए कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य को संबोधित विशेष दिवस मनाया जाता है। 2003 से प्रतिवर्ष मनाया जा रहा 'वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क' असल में एक अंतरराष्ट्रीय मुहिम है। जिसके अंतर्गत हर वर्ष 28 अप्रैल को कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं और बीमारियों को रोकने के लिए सुरक्षित और स्वस्थ परिवेश बनाने के लिए जागरूकता लाने का काम किया जाता है। यह दिन श्रमिकों के कल्याण और व्यावसायिक स्थल पर स्वास्थ्य सहेजने से जुड़े उनके मौलिकअधिकार के रूप में भी रेखांकित किया जाता है। साथ ही व्यवसायिक संगठनों को सुरक्षा संस्कृति अपनाने और जोखिमों को प्रबंधित करने हेतु सजग रहने का संदेश भी देता है। चिंतनीय है कि हमारे देश में बहुत क्षेत्रों में लोग असुरक्षित स्थितियों में काम करते हैं। पटाखा फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों से लेकर सीवेज सफाईकर्मियों तक, आए दिन हादसों का शिकार होते हैं। गौरतलब है कि हमारे देश में कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य का प्रबंधन अब व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता, 2020 के अंतर्गत आता है। यह कारखाना अधिनियम 1948 सहित 13 श्रम कानूनों को एकीकृत रूप है, जिसका उद्देश्य कार्यस्थलों को सुरक्षित, समावेशी और उत्पादक बनाना है। विशेषकर कारखाने, खदानों, गोदी श्रमिक यानि बंदरगाहों पर काम करने वाले कर्मचारी और मजदूर एवं निर्माण कार्य में श्रमिक उच्च जोखिम की स्थितियों में काम करते हैं। ऐसे कुछ विशेष क्षेत्रों में कार्यस्थल पर खतरे की पहचान, सुरक्षा उपकरण और स्वास्थ्य-सुरक्षा नीति का पालन करने जैसे विशेष प्रावधान हैं। साथ ही नई संहिता के तहत 50 से अधिक श्रमिकों वाले संस्थानों में महिला कर्मचारियों के लिए शिशुगृह की सुविधा भी अनिवार्य है। बावजूद इसके नियमों का पालन न करने से कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं में जान और माल दोनों का नुकसान होता है। हर साल 23 लाख से अधिक लोग कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं या बीमारियों के कारण जान गंवाते हैं। कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं और व्याधियों की वजह से वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 4 से 6 प्रतिशत हिस्से का आर्थिक नुकसान भी होता है। बीते कुछ बरसों में दूर-दराज़ के कारखानों से लेकर महानगरों के सुविधासम्पन्न दफ्तरों तक, कर्मचारियों-मजदूरों की मन की सेहत बिगड़ने के मामले भी बढ़े हैं। ज्ञात हो कि कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस के लिए 2026 का विषय आइए एक स्वस्थ मनोसामाजिक कार्य वातावरण सुनिश्चित करें ही है। असल में व्यक्ति के मानसिक-भावनात्मक एवं सामाजिक पहलुओं के बीच के गहरा संबंध होता है। मनोसामाजिक विषय मानसिक, भावनात्मक, पर्यावरण और समाज सब कुछ समेटे होता है। ऐसे में यह थीम किसी व्यक्ति की भावनाओं, विचारों और व्यवहार पर पड़ने वाले आस-पास के सामाजिक परिवेश के असर की ओर ध्यान खींचती है। साथ ही मनोसामाजिक विषय यह भी समझाता है कि साथ काम करने वाले लोगों, रिश्तों और संस्थानों को वहां काम करने वाले लोग भी प्रभावित करते हैं। दुखद है कि कार्यस्थल पर होने वाले हादसे या शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएँ जैसे चोट लगना, शोर के कारण बहरापन या मुश्किल मौसमी हालातों से होने वाली बीमारियों पर तो ध्यान जाता है पर मन-मस्तिष्क का जूझना किसी को नहीं दिखता। काम के दबाव में तनाव, अवसाद, अकेलापन और हर समय नौकरी जाने का भय भी बहुत सी स्वास्थ्यगत परेशानियों का कारण बनता है। जीवन को जोखिम में डालता है। यही वजह है कि कामकाजी दुनिया में भी स्वस्थ मनोसामाजिक कार्य वातावरण बनाना आवश्यक है। इसके लिए कार्यभार प्रबंधन, काम के घंटे निर्धारित करना और किसी भी तरह की हिंसा-शोषण से सुरक्षा वाली निष्पक्ष कार्य संस्कृति जरूरी है। समझना आवश्यक है कि कर्मचारियों की कार्यक्षमता और मनोबल बढ़ाने वाला स्वस्थ कार्य वातावरण उन्हें हर तरह के तनाव और उत्पीड़न से बचाता है। यह सीधे-सीधे कर्मचारियों और मजदूरों के मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक कल्याण से जुड़ा पहलू है। दूसरी तरह के जोखिमों को पहचानने व सुरक्षा मानकों में सुधार करने के साथ ही कार्यस्थल के माहौल को भी सकारात्मक बनाना आवश्यक है। कामकाजी जीवन की प्रबंधन शैली और सामाजिक संबंधों से भी इंसानी मन गहराई से प्रभावित होता है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## तुलसीदास द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहा: यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हर तरह का अतिक्रमण हटाया जाए

पूरे देश में कहीं भी किया गया अतिक्रमण और सरकारी भूमि पर अवैध नया-पुराना, हर प्रकार का अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाना बहुत जरूरी है। भारत 140 करोड़ व्यक्तियों का देश है। रोटी हर किसी ने खानी है, बच्चे सभी ने पालने हैं। अधिकतम लोग ये धमकियां देते हैं कि वे लोग ऐसे कब्जे नहीं करेंगे तो वे जिएंगे कैसे? इस हिसाब से, ऐसी बदमाशी देश के सभी नागरिक करने लगे तो हमारे समाज और देश का क्या हाल हो जाएगा। अतिक्रमणकारियों, तुम 'रोटी खाकर' तथा अपने 'बच्चे पालकर' देश के ऊपर कोई एहसान नहीं कर रहे हो। ये बहुत बड़ी बदमाशी, नीचता और गुंडागर्दी वाली बात हो जाती है। एक तो सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, ऊपर से कानून व प्राधिकार को चुनौती और धमकियां देना जायज नहीं है। हर तरह के अवैध कब्जे हटने चाहिए।

*-महेंद्र शर्मा, रोहतक*

## ट्रेंड


### बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे



पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद भी सात दिनों तक केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। भले ही भाजपा सत्ता में आ जाए। यह राज्य की सुरक्षा के लिए जरूरी है। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। ऐसे लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### केजरीवाल का मुखौटा उतरा



भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कांग्रेस खिलाफ 'प्रॉक्सी' की तरह इस्तेमाल किया है। अब आप एवं अरविंद केजरीवाल का मुखौटा उतर चुका है। केजरीवाल की पार्टी ने धनकुबेरों को धन के आधार पर राज्यसभा भेजा और अब इसका नाम अरबपति आदमी पार्टी हो जाना चाहिए।

-अजय माकन, कोषाध्यक्ष, कांग्रेस

### क्या सारे सांसद गलत



मैं गलत हो सकता हूं लेकिन कुल 7 सांसदों ने पार्टी छोड़ी तो क्या सारे गलत हो गए। इससे पहले भी जिन लोगों ने पार्टी छोड़ी, क्या वह भी गलत हो गए। मैं पार्टी का फाउंडर मेंबर रहा। जिस मकसद से यह पार्टी बनी थी, अब ये वह पार्टी नहीं रही।

-राघव चड्ढा, भाजपा नेता


### सरकार के इशारे पर उत्पीड़न



गाजीपुर में सपा कार्यकर्ता के साथ जो उत्पीड़न हुआ, वह सरकार के इशारे पर हुआ। इसमें सरकारी अधिकारियों व भाजपा से जुड़े लोगों की भूमिका है। भाजपा नहीं चाहती कि उनकी पार्टी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के साथ खड़ी होकर उन्हें न्याय दिलाए। -अखिलेश यादव, सपा प्रमुख

## करंट अफेयर

# एनटीपीसी का दो परमाणु इकाइयां लगाने पर विचार



ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी बिहार के बांका जिले में 700-700 मेगावाट की दो परमाणु इकाइयां स्थापित करने पर विचार कर रही है। इस परियोजना पर लगभग 25,000 करोड़ रुपये का निवेश हो सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि पटना से करीब 250 किलोमीटर दूर स्थित इस जिले में प्रस्तावित दो परमाणु इकाइयों के लिए फिलहाल व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। बिहार सरकार ने परियोजना के लिए पूरा सहयोग और जल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इन इकाइयों के लिए करीब 1,000 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। उद्योग के अनुमानों के मुताबिक, एक गीगावाट क्षमता के परमाणु संयंत्र पर 15,000 से 20,000 करोड़ रुपये का निवेश आता है। अधिकारी ने कहा कि व्यवहार्यता रिपोर्ट पूरी होने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। एनटीपीसी देश के विभिन्न स्थानों पर करीब 30 गीगावाट की परमाणु क्षमता स्थापित करने की योजना बना रही है, जो 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु क्षमता हासिल करने के सरकारी लक्ष्य के अनुरूप है।

## ऑफ बीट

# मद्यपान यकृत की बीमारी को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार



यकृत बेहद जरूरी अंग है। इंसान को जीने के लिए इसकी जरूरत होती है। यकृत चयापचय और भोजन भंडारण में योगदान देता है, रक्त का थक्का जमाने में मदद करने वाले प्रोटीन का उत्पादन करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली में अहम भूमिका निभाता है। कोशिका के स्तर पर, शराब एक विषैला पदार्थ है जिसका चयापचय (विघटन) मुख्यत: यकृत में होता है। जब शराब की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो यकृत की कोशिकाएं सूज जाती हैं और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं (यकृत की सूजन को हेपेटाइटिस कहते हैं)। समय के साथ, सूजन या क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जगह फाइब्रोसिस आ जाता है, यानी सामान्य यकृत ऊतक का स्थान नुकसान पहुंचाने वाले ऊतक ले लेते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सिरोसिस की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यकृत के कार्य करने की क्षमता में शिथिलता आ जाती है। सिरोसिस अपने आप में घातक हो सकता है और यकृत कैंसर का कारण भी बन सकता है। शराब यकृत रोग में किस प्रकार हिस्सेदार? शराब के कारण होने वाले यकृत रोग को शराब संबंधित रोग या एएलडी कहा जाता है, जिसे पहले अल्कोहलिक लिवर डिसीज कहा जाता था। ज्यादा शराब पीने वाले, अक्सर शराब सेवन विकार (एयूडी) से पीड़ित लोगों में सिरोसिस और 'लिवर फेलियर' हो सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# 'मन की बात' देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला एक सशक्त संवाद मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण का भोपाल के वीआईपी रोड स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में जनप्रतिनिधियों के साथ श्रवण किया। इस अवसर पर आमजन भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला एक सशक्त संवाद मंच है। इसके जरिए प्रधानमंत्री मोदी समाज के विभिन्न वर्गों की प्रेरक कहानियों, नवाचारों और सकारात्मक प्रयासों को सामने लाते हैं, जिससे आमजन को नई दिशा और प्रेरणा मिलती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कर कार्यक्रम को पूरे देशवासियों के मन में बिठा दिया है। उन्होंने देश को नवाचार की नई दृष्टि दी है। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को सशक्त करते हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने मन की बात का किया जनप्रतिनिधियों व आमजन के साथ श्रवण



पीएम मोदी के कार्यक्रम मन की बात सुनते सीएम डॉ. यादव, मंत्री पटेल, जिलाध्यक्ष यति।

**प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 133वें संस्करण का प्रसारण**

**प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात को बैठा दिया है देशवासियों के मन में**

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आमजनों से नारी शक्ति वंदन पर किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर मौजूद आमजनों विशेषकर युवाओं से संवाद किया। उनके साथ स्वल्पाहार कर नारी शक्ति वंदन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत बेटियों की शिक्षा की पुख्ता व्यवस्था एवं प्रोत्साहन सहायता, महिला सुरक्षा, महिला आरक्षण, इनकी आजीविका, समान वेतन और इन्हें स्वरोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन पर केंद्र सरकार तत्पर होकर प्रयास कर रही है, पर विपक्षी दलों के असहयोग के कारण यह प्रस्ताव संसद में पारित नहीं हो पाया।



### जल संरक्षण में हम हैं अव्वल: सीएम

कार्यक्रम के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'मन की बात' प्रधानमंत्री मोदी का पूरे देश को एकजुटता का सकारात्मक संदेश देने का अद्भुत प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के क्षेत्र में हमारा मध्यप्रदेश पूरे देश में अग्रणी है।

## खबर संक्षेप



### त्रिलंगा में तीन करोड़ से बनेंगी सीसी सड़क

**भोपाल।** शहर के वार्ड-51 में आने वाले त्रिलंगा क्षेत्र में तीन करोड़ रुपए की लागत से सीसी सड़कें बनेंगी और पैविंग ब्लॉक लगाए जाएंगे। उक्त निर्माण कार्यों का भूमिपूजन रविवार को महापौर मालती राय ने बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अर्चना चिटनिस की विशेष उपस्थिति में किया। इस अवसर पर पार्षद स्नेहलता भगवत रघुवंशी, डॉ. सुरजीत सिंह चौहान के अलावा जसवंत हांडा, विकास वीरानी, पियूष सिसोधिया, सुनील पांडे, भगवत सिंह रघुवंशी, श्यामसुंदर शर्मा मौजूद थे।

### जनगणना: प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को दी ट्रेनिंग



**भोपाल।** जनगणना-2027 के तहत प्रथम चरण में मकानों की गणना कार्य के लिए जोनल- चार्ज कार्यालयों में रविवार को जोन-19 में वीरेन्द्र रनटेके एवं अविनाश कुमार श्रीवास्तव ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया।

## मुख्यमंत्री कोटा जिले में श्री कृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए शामिल

# मप्र, राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगी पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंबल मैया का आशीर्वाद मप्र और राजस्थान दोनों प्रांतों को मिल रहा है। हमारा प्रदेश अनेक नदियों के उद्गम के कारण नदियों का मायका है। मप्र और राजस्थान जोड़ीदार प्रदेश हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से स्वीकृत पार्वती- काली सिंध -चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना से मप्र और राजस्थान लाभान्वित होंगे। पीकेसी प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को कोटा जिले में श्रीकृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार शामिल है। विवाह ही कुल और गोत्र को आगे बढ़ाते हुए अमरता देते हैं। विवाह से जीवन साथी के साथ बेटियों को नए माता- पिता मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि परिवारों को खर्चीले विवाहों के कारण आर्थिक कष्ट उठाने होते हैं। वर्तमान में सामूहिक विवाह काफी उपयोगी हैं। मेरे अपने बेटे का विवाह सादगी पूर्वक किया था। भगवान श्रीकृष्ण ने समाज का मार्गदर्शन किया। धर्म मार्ग पर चलने की सभी को प्रेरणा दी।

### लोकसभा अध्यक्ष बिरला एवं सीएम डॉ. यादव ने नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

**खास बातें**

- मप्र सरकार श्रीकृष्ण पाथेय का विकास कर रही: मुख्यमंत्री
- परिवारों को खर्चीले विवाहों के कारण आर्थिक कष्ट उठाने होते हैं



आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन और लोकसभा अध्यक्ष बिरला का स्वागत किया गया

### गरीबी और अमीरी की खाई को पाटने का कार्य करते हैं सामूहिक विवाह

राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन समाज में व्याप्त गरीबी और अमीरी की खाई को पाटने का कार्य करते हैं। राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि आज सर्व समाज को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री समाज के गौरव हैं। वे राजस्थान और मप्र को भाई-भाई मानते हैं। पीकेसी परियोजना से मप्र के साथ राजस्थान के किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा। राजस्थान के विधायक महंत बाबा बालक नाथ ने कहा कि योगेश्वर श्री कृष्ण ने यदुवंशी कुल में जन्म लेकर पूरे समाज को धन्य किया। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में गरीब और पिछड़ा वर्ग के परिवारों को सामूहिक विवाह में शामिल कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से शादी विवाह में फिजूल खर्ची रुकी है। कार्यक्रम में अनेक संत-वृंद, राजस्थान और मध्यप्रदेश के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### समाज के युवा सेना में शामिल होकर सीमा की कर रहे हैं रक्षा: बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज यदुवंशी समाज के युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने दायित्व निर्वहन के लिए गंभीर हैं। समाज के युवा सेना में शामिल होकर सीमा की रक्षा कर रहे हैं। बिरला ने कहा कि यह निश्चित ही प्रशंसनीय है कि यदुवंशी समाज वर्तमान सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रहा है। निःशुल्क विवाह समारोह का लाभ युवाओं को मिल रहा है। बिरला ने मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में आगमन पर प्रसन्न्ता व्यक्त की। बिरला ने नव दंपतियों को बधाई दी। प्रारंभ में ग्राम रींछी में आयोजित प्रथम निःशुल्क 38वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और लोकसभा अध्यक्ष बिरला का स्वागत किया।

# विद्यार्थी देश के निर्माण के लिए काम करें: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यप्रणाली को अद्भुत और अनुकरणीय बताते हुए कहा कि यह संगठन केवल बातों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता को व्यवहार में उतारने का कार्य करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सिलेबस के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक गौरव को भी समझें और देश के निर्माण में आगे बढ़कर काम करें।

- विद्यार्थी परिषद की पाठशाला से निकले स्व. केलकर की कार्य पद्धति को याद किया


मुख्यमंत्री डॉ. यादव घंटाघर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफोर्मेशन सेंटर गीता भवन में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिल्पकार स्वर्गीय यशवंत राव केलकर की जन्मशती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्व. यशवंत राव केलकर को परिषद के वर्तमान स्वरूप की 'नींव का पत्थर' बताया, जिन्होंने संगठन को गढ़ने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री ने अपने छात्र जीवन के संस्मरण साझा करते हुए बताया कि परिषद एक परिवार की तरह है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सीख दी कि यदि हम छोटा बनकर काम करेंगे, तभी जीवन में बड़े लक्ष्य प्राप्त कर पाएंगे। विद्यार्थी आज का नागरिक है। विद्यार्थियों में जोश के साथ होश का संतुलन बनाए रखने के लिए इसमें शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय है। वक्ताओं ने स्व. केलकर के जीवन दर्शन और संगठन की विशिष्ट कार्य पद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज किशोर तिवारी ने बताया कि आज विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसका श्रेय स्व. केलकर की ओर से विकसित की गई विशिष्ट कार्य पद्धति को जाता है। उन्होंने कहा कि स्व. केलकर केवल उपदेश नहीं देते थे, बल्कि 'जीवंत आदर्श' थे, जो गरीब विद्यार्थियों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते थे और स्वयं सहायता प्रदान करते थे। वक्ताओं ने रेखांकित किया कि विद्यार्थी परिषद एक ऐसी कार्यशाला है जिसने समाज के हर क्षेत्र को नेतृत्व दिया है।

## आरोपी को था बहन से छेड़छाड़ का शक

# दो दोस्तों पर चाकू से हमला एक की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

खुर्सीपार थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ के शक ने एक गंभीर वारदात का रूप ले लिया। अपनी बहन से कथित छेड़छाड़ से नाराज एक युवक ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। यह घटना 25 अप्रैल को बालाजी नगर में हुई थी। जानकारी के अनुसार, 28 वर्षीय रजत कुशवाहा अपने दोस्त सुनील को बाइक से उसके घर छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान आरोपी गोलू सिंह को उन दोनों पर अपनी बहन से छेड़छाड़ का शक हुआ। गुस्से में आकर उसने पहले गाली-गलौज की। इसके बाद गोलू सिंह ने जेब में रखे धारदार चाकू से दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में रजत को पेट और सीने में गंभीर चोटें आईं। सुनील के सीने, पेट और पीठ पर कई वार किए गए। घटना के बाद आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों घायलों को तत्काल सुपेला शासकीय अस्पताल पहुंचाया।



## हिन्दू महिलाओं और युवतियों को देखकर करता था अश्लील हरकतें

# अश्लील हरकत करने वाले का वायरल वीडियो देख पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शहर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक स्थित अटल परिसर में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को ठेंगा दिखाने वाला एक मामला सामने आया। एक महिला बैंकर द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो ने शहर में हड़कंप मचा दिया, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना एक दिन पुरानी बताई जा रही है। अटल परिसर के पास स्थित एक गन्ना रस सेंटर के समीप, बालोद निवासी जानी खान नामक व्यक्ति महिलाओं और युवतियों को देखकर अश्लील हरकतें और गंदे इशारे कर रहा था। वहां मौजूद एक महिला बैंकर ने इस पूरी घटना को अपने कैमरे में कैद कर लिया और सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए सवाल उठाया- क्या लड़कियां कहीं भी सुरक्षित हैं? महिला ने बताया कि आरोपी उन्हें देखकर चश्मा पहन लेता था और फिर अश्लील हरकतें करना शुरू कर देता था।

**हिन्दूवादी संगठनों का फूटा गुस्सा**



### बेहद शर्मनाक घटना

बालोद शहर में इस प्रकार के मामले सामने आना बेहद शर्मनाक है। आरोपी की मानसिकता स्पष्ट रूप से महिलाओं को निशाना बनाने की दिख रही है।

- संगीता शर्मा, अधिवक्ता (विधि विभाग, विहिप बालोद)

कड़ी से कड़ी सजा मिलना चाहिए महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ करने वाले ऐसे व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। जिस प्रकार की गंदी हरकतें की गईं, वह समाज के लिए घातक है।

- पूजा जैन, बाल संस्कार प्रमुख (विहिप संगठन)

## रंजिश के चलते रची थी हत्या की साजिश

# जमीन विवाद में सुपारी देकर हत्या कराने के मामले में उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

जिले में वर्ष 2012 के बहुचर्चित हत्याकांड में न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। पेंड्रारोड स्थित द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल की अदालत ने यह निर्णय दिया है। जमीन विवाद में युवक की सुपारी देकर हत्या कराने की दोषी मुख्य आरोपी मीराबाई को आजीवन कारावास की सजा मिली है। न्यायालय ने उस पर 2000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर उसे अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार, मरवाही थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरी निवासी मीराबाई का मृतक संजय सिंह से जमीन को लेकर पुराना विवाद था।



### डबरी तालाब में फेंक दिया था शव

आठ सितंबर 2012 को आरोपियों ने संजय सिंह की हत्या कर दी थी। शव को ग्राम ऐठी के डबरी तालाब में फेंक दिया गया था। इसका उद्देश्य साक्ष्य छिपाना था। पुलिस जांच में इस हत्याकांड में सेवका सिंह, बबलू उर्फ जगनारायण और भोलू उर्फ भोला गोंड की संलिप्तता सामने आई थी। इन तीनों आरोपियों को न्यायालय पहले ही सजा सुना चुका है।

## जीपीएम जिले के कोडगार चौकी क्षेत्र की घटना, पुलिस ने दी समझाइश

# पत्नी से परेशान युवक 100 फीट के चालू हाईटेंशन टॉवर पर चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

जीपीएम जिले की सीमा पर सोमवार को अचानक हड़कंप मच गया। एक युवक लगभग 100 फुट ऊंचे चालू हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। यह घटना जीपीएम जिले के कोडगार चौकी क्षेत्र में हुई। युवक केवल सिंह आयाम कोरबा जिले के ग्राम पंचायत सेमरा का निवासी है। वह सुबह करीब 10 बजे टावर पर चढ़ा और घंटों तक नीचे नहीं उतरा। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की भारी भीड़ भी वहां जुट गई। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बनाते हुए बिजली विभाग से समन्वय किया। करीब तीन घंटे तक चले रेस्क्यू और समझाइश के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। दोपहर करीब एक बजे वह नीचे उतरने को राजी हुआ। उसे तुरंत कोडगार शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसकी हालत सामान्य बताई है।



### मानसिक रूप से था बेहद परेशान

प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने अपनी परेशानी बताई। उसकी पत्नी समिला बाई 21 अप्रैल 2026 को बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। बाद में वह रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल हो गई। पत्नी को वापस लाने के प्रयास में उसे टालमटोल जवाब मिले। इससे वह मानसिक रूप से परेशान और नाराज हो गया था। इसी आवेश में आकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार, समय रहते कार्रवाई और समझाइश से एक बड़ी अनहोनी टल गई। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पुलिस युवक को काउंसलिंग देने की भी तैयारी कर रही है।

## महिला आरक्षण और महिला विरोधी नीतियों के विरोध में कांग्रेस का पैदल

# कांग्रेस ने कहा: जब-जब कांग्रेस सत्ता में आई है, तब-तब महिलाओं के हित व अधिकारों की रक्षा के लिए उठाए कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा सरकार की महिला विरोधी नीतियों के विरोध में रविवार को पैदल मार्च आयोजित किया गया। पैदल मार्च प्लेटिनम प्लाजा से प्रारंभ होकर टीनशेड, टॉप एंड टाउन, न्यू मार्केट होते हुए रोशनपुरा चौराहा तक निकाला गया। मार्च के माध्यम से भाजपा सरकार की नीयत और महिलाओं के प्रति उसकी कथित उपेक्षापूर्ण नीतियों को जनता के सामने उजागर किया गया। पैदल मार्च में कांग्रेस ने कहा कि जब-जब कांग्रेस सत्ता में आई है, तब महिलाओं के हित और अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, विधायक फूल सिंह बरैया, आरिफ मसूद, आतिफ अकील, पीसी शर्मा, मुकेश नायक, रीना बौरासी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, मनोज शुक्ला सहित एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पैदल मार्च में शामिल पटवारी, सिंघार, बरैया, मसूद, अकील, भूरिया।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं

जीतू पटवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आकस्मिक विशेष विधानसभा सत्र बुलाए जाने के संदर्भ में कांग्रेस पार्टी अपनी नीति स्पष्ट करते हुए मांग करती है कि देश को गुमराह करना बंद किया जाए और महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने मांग की कि लोकसभा की सभी 543 सीटों पर महिला आरक्षण तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए तथा मध्यप्रदेश विधानसभा में भी महिला आरक्षण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया जाए।

### महिला आरक्षण को बिना किसी देरी के लागू किया जाना आवश्यक: रीना

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी ने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में वास्तविक अवसर देने के लिए पूर्व प्रस्तावित महिला आरक्षण को बिना किसी देरी के लागू किया जाना आवश्यक है। राजीव गांधी, पीवी नरसिंहा राव और सोनिया गांधी के नेतृत्व में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरी निकायों में महिलाओं को आरक्षण सुनिश्चित किया गया।



# 45 दिवसीय अमर शहीद स्मृति मेला का हुआ शुभारंभ

## जबलपुर के जन-जन के लिए मनोरंजन, उल्लास और सांस्कृतिक समागम का अद्भुत केंद्र




**जबलपुर।** महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट के तत्वावधान में शहीद स्मारक प्रांगण उत्साह, उमंग और देशभक्ति के रंगों से सराबोर नजर आया, जब अमर शहीद स्मृति मेला का भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ किया गया। 45 दिनों तक चलने वाला यह मेला संस्कारधानी जबलपुर के जन-जन के लिए मनोरंजन, उल्लास और सांस्कृतिक समागम का अद्भुत केंद्र बनेगा।मेले में हर आयु वर्ग के लिए विशेष आकर्षणों की भरमार है। बच्चों के लिए रंग-बिरंगे झूले, युवाओं के लिए रोमांचक राइड्स, महिलाओं के लिए आकर्षक शॉपिंग स्टॉल्स और बुजुर्गों के लिए सुकूनभरा वातावरण, हर किसी के लिए यहां कुछ खास है। खान-पान के विविध स्वादिष्ट व्यंजनों से सजी दुकानों की खुशबू पूरे परिसर को महका रही है।इस वर्ष मेले का सबसे अनूठा आकर्षण ग्लास निर्मित थ्री-डायमेंशनल भूल-भुलैया है, जो अपनी आधुनिक तकनीक और अद्भुत संरचना के कारण लोगों को रोमांचित कर रही है। यह आकर्षण बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी के लिए कौतूहल और आनंद का केंद्र बना हुआ है।कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक नित्य निरंजन खमरिया एवं प्रख्यात उद्योगपति विश्व मोहन दास के करकमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जादूगर एस.के. निगम की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी रोचक एवं यादगार बना दिया।कार्यक्रम का संचालन प्रभावशाली अंदाज में उद्घोषक राजेश पाठक ने किया, वहीं प्रवीण कवि संतोष नेमा ने अपनी काव्य प्रस्तुति से माहौल को भावपूर्ण बना दिया। लायंस क्लब के अध्यक्ष श्री जैन की गरिमामयी उपस्थिति एवं आयोजन के विजय जयसवाल की कड़ी मेहनत प्रचार-प्रसार में पंचम झा के विशेष योगदान ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत यह मेला न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि अमर शहीदों की स्मृति को नमन करने और नई पीढ़ी को उनके बलिदान से परिचित कराने का भी एक सशक्त मंच है। आने वाले दिनों में यह मेला शहरवासियों के लिए आनंद, उमंग और प्रेरणा का केंद्र बना रहेगा।

# दुर्घटनाओं को खुला निमंत्रण दे रही बरेला से पड़वार रोड

**बरेला।** लगभग 1 वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह द्वारा बरेला से पड़वार रोड का भूमि पूजन किया गया था जिसको उपरांत लगभग अप्रैल मई से इस रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया था। इस रोड में लगभग 25 छोटी पुलिया और पांच बड़े पुल निर्माण अधीन है जिस पर तत्कालीन ठेकेदार द्वारा खुदाई करके पुलिया तो कुछ जगह बना दी है तथा कुछ जगह खुदाई करके खुली छोड़ दी हैं। वर्तमान में लगभग चार माह पूर्व ठेकेदार का निधन हो जाने के कारण कार्य रुक गया है। जिसकी वजह से बरेला से पड़वार जाने वाली दुपहिया वाहन और चार पहिया वाहन चालकों को दिक्कतोंका सामना करना पड़ रहा है वर्तमान में रोड अनेकों जगह खुदी पड़ी हुई है ।बताया जाता है कि बरेला के बाहर गोटी ताल के पास और हिनोतिया भोई के पास और परतला , पड़वार ग्राम सहित अन्य जगहों पर यह पुलिया खुदी पड़ी हुई है जिसकी वजह से दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। बताया जाता है कि विगत कुछ समय पहले इस खुली हुई पुलिया की वजह से परतला निवासी एक युवक की मृत्यु भी हो चुकी है यह रोड जगह-जगह खुद ही पड़ी हुई है जिसकी वजह से दोपहिया वाहन चालकों तक का इस रोड पर चलना दुश्वार हो रहा है। वर्तमान में ठेकेदार के निधन के पश्चात टेंडर निरस्त हो गया है जिसकी वजह से स्थिति और गंभीर हो गई है। किंतु विभाग द्वारा इन खुदी हुई पुलियों को दुरुस्त करने तथा इस रोड पर बने ऊबड़ खाबड़ गड्ढों को भरने में कोई दिलचस्पी नहीं ली जा रही है इसकी वजह से नागरिकों में असंतोष व्याप्त है। बताया जाता है कि वर्तमान में अब इस रोड को दो विभागों में विभक्त हो गई है। बरेला से लेकर जमुनिया चौकड्डा तक यह रोड वर्तमान में पीडब्ल्यूडी के पास है तथा शेष पड़वार तक रोड एन एच ए आई द्वारा सर्विस रोड बनाया जाना है किंतु दोनों विभागों द्वारा इस रोड को वर्तमान में दुरुस्त नहीं किया जा रहा है जिसका खामयाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है अब दो माह पश्चात बारिश का दौर भी प्रारंभ होने वाला है यदि शीघ्र ही इस रोड पर पड़ने वाले पुल-पुलियों को दुरुस्त नहीं किया गया तो बारिश में इस रोड से निकलना नामुमकिन हो जाएगा।

### इनका कहना है

अमृतलाल साहू रिंग रोड प्रोजेक्ट डायरेक्टर..... रिंग रोड की इस सर्विस रोड को शीघ्र ही दुरस्त किया जावेगा

आशुतोष वर्मा एसडीओ पी डब्लू डी.....शीघ्र ही कुछ दिनों में जमुनिया तक पड़ने वाली पुलियों को दुरुस्त कर दिया जाएगा।



# पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार श्रद्धा के साथ संपन्न

**जबलपुर।** सेंट पीटर एंड पॉल कैथड्रल सदर में आज पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और आध्यात्मिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। यह पावन समारोह श्रद्धेय विशप डॉ. वल्लन अरसु के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। अपने प्रेरणादायी प्रवचन में उन्होंने उम्मीदवारों को पवित्र आत्मा के वरदानों को अपने जीवन में अपनाने, विश्वास में दृढ़ बने रहने और प्रेम, सेवा तथा सच्चाई के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दृढ़ीकरण केवल एक संस्कार नहीं, बल्कि एक नई जिम्मेदारी है, मसीह के साक्षी बनकर समाज में प्रकाश फैलाना। समारोह में बड़ी संख्या में माता-पिता, धर्मशिक्षक और विश्वासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर नवयुवाओं के लिए प्रार्थना की, ताकि वे अपने विश्वास में बढ़ते रहें और समाज में आशा के दीप बनें। यह अवसर सभी के लिए आत्मिक नवीनीकरण और प्रेरणा का स्रोत बना। आज के पवित्र मिस्सा बलिदान में पल्लीपुरोहित डॉ. फादर डेविस जोर्ज एवं सह पल्लीपुरोहित जोनस मरकाम भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जॉन डेविड, मनोज अन्थोनी, क्रिस्टहोपर नरोन्हा, रेशलू पीटर आदि का सहयोग रहा।

# स्वर मल्लिका आशा भोसले को गुंजन की गीतांजलि 1 मई को

**जबलपुर।** गायन की दुनिया में विशिष्ट स्थान बनाकर दुनिया के करोड़ों लोगों को अपना प्रशंसक बनाने वाली स्वर मल्लिका आशा भोसले को उनके गाए गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए गुंजन कला सदन एवं संस्कारधानी आर्टिस्ट आर्गनाइजेशन द्वारा 'गीतांजलि' का आयोजन बबलू मैथ्यूज के संगीत निर्देशन में शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सहयोग से 01 मई 2026 को संध्या 6.30 बजे से शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में किया गया है। कार्यक्रम का आतिथ्य पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रेश खरे, एड. एसपी सूर्यकांत शर्मा, समाजसेवी दिनेश यादव एवं संदीप जैन वैष्णव करेंगे। इस अवसर पर बबलू मैथ्यूज, गायिका तृप्ति निगम एवं कमलेश नायक का सम्मान किया जाएगा। गीत- संगीत प्रेमियों से उपस्थिति की अपील आयोजक संस्थाओं ने की है।

# नरसिंह मंदिर में त्रिदिवसीय भगवान नरसिंह प्राकट्योत्सव आज से

**जबलपुर।** संस्कारधानी के सनातन धर्म संस्कृति की अलख जगाने वाले श्री नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में शताधिक वर्षों की परांपरानुसार 28 से 30 अप्रैल तक त्रिदिवसीय भगवान श्री नरसिंह प्राकट्योत्सव कार्यक्रम श्रीमद् जगतगुरु डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज के सानिध्य में आयोजित है।

भगवान श्री नरसिंह प्राकट्य महोत्सव में तीनों दिन प्रातःकाल 10 से 12 बजे तक महाभिषेक श्री नरसिंह महामंत्र जाप होगा। सायं 4 से 7 बजे तक अर्चन, हवन, तर्पण, आरती की जायेगी। गुरुवार 30 अप्रैल 2026 को भगवान श्री नृसिंह के पावन प्राकट्योत्सव प्रातः अर्चन, तर्पण, हवन भक्तजनों द्वारा श्रद्धा, भक्ति एवं धूमधाम से मनाया जायेगा। सायंकाल 7 महाआरती एवं प्रसाद वितरण होगा।

नरसिंह महामंत्र- "ॐ उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्म, नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्युमृत्युं नमाम्यहम॥" का जाप विश्व शांति और भारत की समृद्धि के लिए अनवरत किया जायेगा। महोत्सव में शामिल होकर पुण्यार्जन करने का आग्रह नरसिंह मंदिर गीता धाम भक्त



परिवार, सनातन धर्म महासभा जबलपुर ने किया है।

# नव नियुक्त पदाधिकारी ने संभाला कार्यभाल

**जबलपुर।** आशीष विश्वकर्मा, प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष, महाकौशल प्रांत, रोशन गौतेल प्रांत महामंत्री, महाकौशल प्रांत, सोनू सतनामी प्रांत संयोजक, महाकौशल प्रांत, उदय पांडे जिला अध्यक्ष, जबलपुर, एड. धर्मेन्द्र विश्वकर्मा महामंत्री, अधिवक्ता महासंघ पूर्व विधानसभा जबलपुर। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन कार्य विस्तार एवं धर्म-राष्ट्र रक्षा के दायित्व सौंपे गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी, नीलू सोनकर, संजय ढींगरा, अमरनाथ सोनकर, वीरेंद्र साहू, ओमकार पटेल ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि सभी पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

# फॉयर आडिट पर महापौर से चर्चा आज

**जबलपुर।** शहर में 67 प्रतिशत रहवासी क्षेत्रों में ज्वलनशील सामग्री के गोदाम तथा कारखाने स्थापित किए गए हैं, इनसे बड़े हादसे हो सकते हैं। चिंता का विषय यह है कि जबलपुर में फायर ऑडिट प्रक्रिया ठप पड़ी है। उक्त समस्या पर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच 28 अप्रेल को प्रातः 10 बजे महापौर निवास में महापौर से चर्चा कर कार्यवाही करने निवेदन करेगा।

# नो एंट्री बेअसर : सड़कों पर भारी वाहनों का तांडव, युवा कांग्रेस ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन

## पुलिस की मिलीभगत से शहर में घुस रहे भारी वाहन : युवा कांग्रेस

**जबलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। नो एंट्री लागू होने के बावजूद भारी वाहनों का शहर में खुलेआम प्रवेश जारी है, जिससे मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बन रही है और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर युवा कांग्रेस ने शहर अध्यक्ष सतेन्द्र (सोनू) कुकरेले और पूर्व प्रदेश सचिव राजा रैकवार के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) अंजना तिवारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है।शहर अध्यक्ष सतेन्द्र (सोनू) कुकरेले और पूर्व प्रदेश सचिव राजा रैकवार ने बताया कि शहर के कछपुरा, माल गोदाम, दीनदयाल चौक, बरेला मार्ग सहित सीमावर्ती इलाकों से रोजाना भारी वाहन बेधड़क शहर में दाखिल हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इन क्षेत्रों में तैनात पुलिस कर्मियों की



मौजूदगी के बावजूद नियमों का उल्लंघन जारी है। सीमावर्ती इलाकों में तैनात कुछ पुलिस कर्मी कार्रवाई करने की बजाय केवल वसूली में लगे हुए हैं।

हाल ही में एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें एक पुलिसकर्मी पर अपने सहयोगी के माध्यम से वसूली कराने के आरोप लगे थे। बड़ा फुहारा, गुरंदी बाजार सहित अन्य इलाकों में दिनदहाड़े भारी वाहनों से सामान उतारते देखा जा सकता है। इन वाहनों के कारण सड़कें संकरी हो जाती हैं और यातायात बाधित होता है, जिससे जाम की समस्या और भी विकराल रूप ले लेती है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस अव्यवस्था के चलते आए दिन सड़क हादसे भी सामने आ रहे हैं। बावजूद इसके, जिम्मेदार विभागों द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।युवा कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि नो एंट्री क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जाए, सीमावर्ती इलाकों में कड़ी निगरानी रखी जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो युवा कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, कपिल भोजक, अभ्युत बाजपेयी, नितिन सिंह, सौरभ यादव, समीर गढ़वाल, शिशांत सिंह ठाकुर, चिंटू ठाकुर, गोल्डी ठाकुर, प्रहलाद गोस्वामी, रोहित रैकवार, शादाब मंसूरी, अभिषेक तिवारी, अक्षय विनोदिया, मोहित वंशकार, आदेश चौबे, राजेश गुप्ता, नयन गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जनगणना कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को तुरंत रिलीव किया जाए, मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश सहारिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 01 मई से होने वाली जनगणना में लगे सभी लोक सेवकों को स्कूलों/ कार्यालयों से तत्काल कार्यमुक्त किया जाना चाहिए। 01 मई से होने वाली जनगणना (मकान गणना) में लगे समस्त लोक सेवकों को तुरंत कार्यमुक्त आदेश प्रदान किया जाए, क्योंकि उन्हें आवंटित घरों के साथ ही उस एरिया का भ्रमण करना है तथा अपने-अपने ब्लॉक में जाकर के नजरी नक्शा का भी निर्माण करना है विभागीय उच्च अधिकारियों द्वारा लोक सेवकों को HLB/ घरों और एरिया में भ्रमण के लिए समय नहीं दिया जा रहा है उन्हें डबल ड्यूटी करने को मजबूर किया जा रहा है एक तरफ लोक सेवक अपने स्कूलों में ड्यूटी देने के बाद फील्ड में जाकर कार्य करने मजबूर हैं क्योंकि उनके अधिकारी उन्हें फील्ड पर बुला रहे हैं ठीक इसी प्रकार अन्य विभाग के लोक सेवकों के साथ भी यही स्थिति बन रही है उन्हें डबल ड्यूटी करनी पड़ रही है। अतः सभी विभाग के कर्मचारी जो जनगणना में लगे हैं उन्हें तत्काल कार्यमुक्त किया जाना चाहिए, जिससे कि समय सीमा में मकान गणना का कार्य पूर्ण किया जा सके। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, हेमंत ठाकरे, रऊफ खान, राजकुमार यादव, दिनेश गोंड, गुडविन चार्ल्स, राकेश श्रीवास, फिलिप एंथोनी, दीपेश जैन, एनोस विक्टर, मनमोहन चौधरी, उमेश सिंह ठाकुर, गोपीशाह आदि ने कलेक्टर से मांग की है।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **NAZREEN ABDUL LATEEF** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **NAZREEN LATEEF** W/O ABDUL LATEEF RESIDENT OF-112, EKTA VIHAR, NEAR GANESH TEMPLE, PREM NAGAR, JABALPUR (M.P.) 482001.

# नर्मदा गौशाला की संचालन समिति को हटाने की मांग

## आदिवासी उत्थान महासंघ ने जिला पंचायत जबलपुर में ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** ग्राम पंचायत खजरी के अंतर्गत गुर्दा स्थित नर्मदा गौशाला की वर्तमान संचालन समिति को हटाने की मांग को लेकर आदिवासी उत्थान महासंघ द्वारा जिला स्तर पर पहल की गई। इस संबंध में महासंघ के प्रतिनिधियों ने एसडीएम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जबलपुर तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल को अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की। महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल एवं जिला पंचायत सदस्य अंजलि गोलू पांडेय के साथ मिलकर जिला पंचायत जबलपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम ज्ञापन, जिला पंचायत के ओएसडी राजा राज तिलक धुर्वे को सौंपा। इस दौरान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश कोल, बृजेंद्र चढ़ार सहित बड़ी संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा, जिससे मामले की गंभीरता एवं जन आक्रोश स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि उक्त गौशाला में लगातार अव्यवस्थाएं बनी हुई हैं तथा कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यवहार एवं मारपीट जैसी




गंभीर घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे क्षेत्र के आम नागरिकों, विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संगठन द्वारा यह भी बताया गया कि पूर्व में कई बार प्रशासन को इस संबंध में अवगत कराया जा चुका है, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।महासंघ एवं जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि वर्तमान संचालन समिति को तत्काल प्रभाव से हटाकर नई समिति का गठन किया जाए तथा संबंधित दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## कंपनी के 14 कार्यालय हो चुके आईएसओ द्वारा प्रमाणित

# मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यालय को मिला आईएसओ सर्टिफिकेशन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के जबलपुर मुख्यालय स्थित नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यालय को अंतरराष्ट्रीय क्वालिटी स्टैण्डर्ड आईएसओ 9001: 2015 सर्टिफिकेशन प्राप्त हो गया। पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा कार्यप्रणालियों के सतत मानकीकरण व दक्षता वृद्धि की दिशा में यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में पावर जनरेटिंग कंपनी के कुल 14 कार्यालय अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन की श्रेणी में शामिल हो चुके हैं।

**पूर्व में कम्पनी के 13 कार्यालय हो चुके आईएसओ प्रमाणित-**

मुख्य अभियंता उत्पादन भंडार, मुख्य अभियंता संचालन-संधारण जल विद्युत, मुख्य अभियंता फ्यूल मैनेजमेंट, कार्यपालक निदेशक अभियांत्रिकी व संयुक्त निदेशक COGHS कार्यालय, प्रबंध संचालक कार्यालय, डायरेक्अर टेक्नकिल, मुख्य अभियंता कारपोरेट सर्विसेस, कार्यपालक निदेशक मटेरियल मैनेजमेंट, मुख्य अभियंता परियोजना उत्पादन, मुख्य अभियंता सिविल इंजीनियरिंग, मुख्य वित्तीय अधिकारी व मुख्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय को अंतराष्ट्रीय क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम 9001:2015 प्रमाणीकरण प्राप्त हो चुका है। यह सभी कार्यालय अंतराष्ट्रीय स्तर के मानदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रहे हैं।

पावर जनरेटिंग कम्पनी के कार्यालयों को आईएसओ सर्टीफिकेशन होने पर प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम, डायरेक्टर कमर्शियल मिलिन्द भांदक्कर व कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप ने मुख्य अभियंता नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण विवेक नारद एवं कार्यालय के समस्त कार्मिकों को शुभकामनाएं व बधाई दी एवं आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी प्रकार उच्च स्तरीय क्वालिटी मानदंडों का पालन करते हुए कार्यालय कार्य करता रहेगा।

**राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़, बिलासपुर**

**नोटिस**

क्रमांक/ /सदस्य/वा.-2/रा.मं./2026 बिलासपुर, दिनांक : .2026
पुनरीक्षण प्र.क. आर.एन./02/आर./अ-23/302/2018
पेशी दिनांक 08.06.2026

**तेजभान सिंह..........पुनरीक्षणकर्ता**
**विरूद्ध**
**मो. याकूब वगैरह.....अनावेदकगण**

प्रति,

1. मोहम्मद ताहिर आ. स्व. मो. याकुब, निवासी-दुर्गेश टॉकी के सामने गौरेला तह. गौरेला जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) 2. शैलेन्द्र नाथ आ. ए.सी. नाथ, निवासी-ज्योतिपुर तह. पेण्ड्रारोड जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) 3. मृदुला मिश्रा आ. अशोक मिश्रा, निवासी-ग्राम सरस्वती नगर गौरेला, तह. गौरेला जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) 4. नेहा खत्री पति दीपक खत्री, निवासी-आजाद चौक गोरखपुर तह) जबलपुर जिला जबलपुर (म.प्र.) 5. प्रशान्त कुमार गुप्ता पिता भगवान दास गुप्ता, निवासी-पुरानी बस्ती पेण्ड्रा तह. पेण्ड्रा जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) 6. रामप्यारी राठौर पति रवि सिंह राठौर, निवासी-ग्राम बचरवार तहसील पेण्ड्रा जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) 7. सविता तिवारी उदय प्रसाद तिवारी, निवासी ग्राम खोड़री तह. पेण्ड्रारोड जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) 8. सौरभ जायसवाल आ. आनंद जायसवाल, निवासी-वार्ड क्र. 18 मरवाही, तहसील मरवाही जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) 9. रिंकी शर्मा पति सुधीर शर्मा, निवासी-गौरेला पो.आ. पेण्ड्रारोड, तह. पेण्ड्रा जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

पुनरीक्षणकर्ता तेजभान सिंह आ. दयाल सिंह निवासी-ग्राम टिकरकला तहसील पेण्ड्रारोड, जिला बिलासपुर वर्तमान जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय सदस्य राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़ बिलासपुर में पु.प्र.क्र. आर.एन./02/अ-23/302/2018 पक्षकारः तेजभान सिंह विरूद्ध मो. याकुब वगैरह, अपर आयुक्त बिलासपुर संभाग, बिलासपुर के पारित आदेश दिनांक 24.06.2017 के विरूद्ध छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत प्रस्तुत की गई है। जिसकी पेशी दिनांक 08.06.2026 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में नियत है। अतः इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता जो मामले की पूर्ण जानकारी रखते हों, के माध्यम से पेशी दिनांक 08.06.2026 दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अथवा आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यदि उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्य दिवस पर इस न्यायालय में उपस्थित होंवे।

**दिनांक 21.04.2026**
**(मा. सदस्य महो. द्वारा आदेशित) अधीक्षक**
**राजस्व मण्डल, छत्तीसगढ़ बिलासपुर**

जबलपुर, मंगलवार
28 अप्रैल 2026

# हरिभूमि सहेली



विशेषः विश्व हास्य दिवस, 3 मई

क्या आप हमेशा अपने काम में डूबी रहती हैं-काम.. काम.. बस काम। हंसी-ठिठोली से दूर, चेहरे पर जरा-सी भी मुस्कान नहीं। एक असहज जीवन, बोझिल-सा मन। यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। हंसिए जरूर। हंसी मन को संभालती है, तनावमुक्त रखती है, एक सुकून देती है। हंसी हमें सहज-सरल बनाती है। इतना ही नहीं, हंसी रिश्तों को भी जोड़ कर रखती है। हंसी हमें प्रफुल्लित रख जीवन को जीवंत बनाती है।

## हंसो-हंसाओ बने रहो जीवंत

कवर स्टोरी

कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

जन्म लिया बच्चा जो बोल नहीं पाता, वह मुस्कुराता है, हंसता है, इसी के जरिए दुनिया से अपना पहला रिश्ता बनाता है। शायद इसी कारण हंसी मात्र एक भाव नहीं, संवाद का एक खूबसूरत जरिया भी है। एक समय था, जब रिश्तों के भीतर हंसी-ठिठोली किसी जीवंत तंतु की तरह फैली रहती थी, जो उन्हें भीतर से जोड़े रखती थी। ऐसा भी नहीं है तब कामों की थकान और शिकायतें नहीं होती थीं, लेकिन इन सब पर भारी पड़ती थी-हंसी। यही हंसी, थके शरीर को एक राहत देती थी।

### हंसी के लिए नहीं चाहिए होता था खास मौका

पहले के समय में हंसी किसी खास मौके की मोहताज नहीं होती थी, वह तो रोजमर्रा की गतिविधियों में घुली-मिली रहती थी। हंसी एक ऐसा संवाद होता था, जिसमें चलते-फिरते सब शामिल हो जाते थे-छोटा, बड़ा, बूढ़ा और जवान। हर किसी के पास हंसी का अपना एक किस्सा, एक अंदाज होता था। घर के आंगन में चार औरतें बैठीं नहीं कि बातें शुरू, इन बातों के बीच हंसी अपने आप जन्म ले लेती थी। दो लोगों को हंसते देख कब स्वयं भी हंसी का फव्वारा फूट पड़ता, पता ही नहीं चलता था। इस तरह हंसी हमें आपस में जोड़ती थी।



### हंसी रिश्तों में घोलती थी मिठास

देवर-भाभी का रिश्ता तो जैसे हंसी का सबसे प्यारा संग-साथ होता था। नई बहू घर में आती, तो देवरों की शरारतें शुरू हो जातीं-कोई रास्ता रोक लेता, कोई नाम बिगाड़ देता, कभी खुद ही ऐसी बात कह बैठते कि भाभी ही नहीं, दादी, मां और बहनें भी हंसी में शामिल हो जातीं। भाभी भी कम नहीं होतीं-एक ही पंक्ति में ऐसा जवाब देती कि घर-आंगन ठहाकों से गूंज उठता। इसमें कोई मर्यादा नहीं टूटती थी- एक ऐसा अपनापन होता था, जो धीरे-धीरे रिश्तों को खोल देता था। सबसे खास बात यह होती थी कि उस समय कोई अकेला नहीं होता था। अगर किसी का चेहरा बुझा-बुझा सा दिख जाए, तो उसे यूं ही नहीं छोड़ दिया जाता। दो-चार औरतें पास बैठ जातीं और फिर शुरू हो जाती थी हल्की-फुल्की छेड़छाड़, जो धीरे-धीरे हंसी में बदल जाती। बिना समझाए, बिना समझे ही मन हल्का हो जाता था।



### महसूस होता है एक सुकून

पहले के लोग भले ही ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं होते थे, लेकिन उन्हें जीने की समझ गहरी हुआ करती थी। उन्हें यह नहीं पता था कि हंसने से शरीर में एंडॉर्फिन बनता है या डोपामिन बढ़ता है, लेकिन इतना जरूर जानते थे कि खुलकर हंसने के बाद मन हल्का हो जाता है। आज विज्ञान बताता है कि जब हम हंसते हैं तो शरीर में ऐसे तत्व सक्रिय होते हैं, जो दर्द कम करते हैं, मन को स्थिर रखते हैं और तनाव घटाते हैं। साथ बैठकर हंसने से अपनापन बढ़ता है, भरोसा मजबूत होता है। यही कारण है कि खुलकर हंसने के बाद एक सुकून-सा महसूस होता है।

### हंसी की जरूरत पहले से कहीं अधिक

आज मनुष्य पहले से अधिक सक्षम है, मजबूत है, लेकिन कहीं न कहीं पहले से ज्यादा अकेला भी हो गया है। वह सब कुछ संभाल रहा है, पर किसी से अपने मन की कहने का अवसर उसे कम मिलता है। ऐसे समय में हंसी की जरूरत पहले से कहीं अधिक है। जरूरत यह नहीं कि हम पुराने समय में लौट जाएं, बल्कि यह है कि हंसी जैसी सरल और सुंदर आदत को फिर से अपने व्यवहार में जगह दें, मिलकर हंसने की आदत डालें। लोगों से संवाद करें। अपनी बात कहें, दूसरों की सुनें और बीच-बीच में खुलकर हंसें भी। रोज नहीं तो हफ्ते में एक दिन ही सही, थोड़ा समय अपनों के लिए निकालें, उनके साथसाथ बैठें, बिना किसी खास वजह के बातें करें। और अगर कोई चुप दिखाई दे, तो उसके पास जाकर बैठें, क्योंकि सच यही है कि सिर्फ बातों से किसी का दुख-तनाव कम नहीं किया जा सकता। कई बार एक सहज, साझा हंसी ही मन का सबसे बड़ा सहारा बन जाती है। हास्य दिवस हमें यही याद दिलाता है कि हंसी कोई व्यर्थ चीज नहीं है। हंसी में जीवन को हल्का करने की ताकत है, रिश्तों को जोड़ने की ताकत है और मन को संभालने का सबसे सरल उपाय भी यही है।

आइए, हम फिर से अपने जीवन में हंसी के लिए जगह बनाएं। आंगन छोटा हो तो क्या, दिल बड़ा रखें। हम बैठकी सजाएं, ठहाके लगाएं और एक-दूसरे से दिल की कहें, मौज-मस्ती करें, चुहलबाजी करें और हंसते रहें। क्योंकि अंत में हमारे साथ जो रह जाता है, वह केवल हमारी कमाई नहीं होती, बल्कि यह होता है कि हमने अपनी उस कमाई से कितनों के चेहरे पर सच्ची मुस्कान दी है। a

## प्यार और परवाह भरे हों छुट्टियों के दिन

समर वैकेशन का समय बच्चों के लिए दिन भर की व्यस्तता वाली नियमित दिनचर्या से भले अलग हो, लेकिन इस समय का सदुपयोग जरूरी है। इसके लिए एक प्लानिंग बना ली जानी चाहिए। पैरेंट्स और बच्चे मिलकर छुट्टियों को प्यार और परवाह भरे दिन बनाएं।

बच्चे और आप
डॉ. मोनिका शर्मा



साल भर बाद आने वाली छुट्टियों यानी समर वैकेशन का समय सीमित ही होता है। यही दिन कहीं जाने या किसी के अपने घर आने के दिन भी होते हैं। इसीलिए, सही प्लानिंग बनाकर बच्चों की रुचि के मुताबिक कुछ एक्टिविटीज से जुड़ने की राह चुनना जरूरी है। असल में छुट्टियों के सही उपयोग और नियोजन के लिए पहले दिन से ही कुछ बातें तय कर लेना जरूरी है। समर क्लासेस की ज्वाइनिंग से लेकर अपने रूम को ऑर्गनाइज्ड करने और हम उम्र साथियों के खेलने-कूदने के साथ ही परिवार संग वक्त बिताने के सहज से गाइडलाइंस को इस प्लानिंग का हिस्सा बनाएं। बीते एकेडमिक ईयर या आने वाली क्लास के मुताबिक कोई होमवर्क दिया गया हो तो उसे पूरा करने को लेकर भी टाइम टेबल बनाना चाहिए।

**समझें समर क्लास की उपयोगिताः** गर्मियों की छुट्टियों में समर कैंप या क्लासेस भी बच्चों के लिए कुछ नया सीखने-समझने का अच्छा अवसर होते हैं। इस समय बच्चे अपनी हॉबी या स्किल्स निखारने के लिए कोई कोर्स कर सकते हैं। इन स्किल्स के क्लासरूम में बच्चों पर अच्छा परफॉर्म करने का कोई मानसिक दबाव नहीं होता। प्रतियोगिता से दूर सहज माहौल में बच्चे कुछ नया सीखते हैं। समर क्लासेस बच्चों को क्रिएटिव मोर्चे पर मन का करने का अवसर देते हैं। हॉबी क्लासेस में बच्चे रचनात्मक रूप से बहुत सक्रिय रहते हैं। असल में समर क्लासेस में बच्चे अपने ही आस-पास की अनदेखी-अनजानी दुनिया को एक्सप्लोर करते हैं। गिनती के दिनों के ये क्लासरूम बच्चों की क्षमता और प्रतिभा को रचनात्मकता का प्यारा कैनवास देते हैं। जिस पर बच्चे बिना किसी तनाव के अपनी मर्जी के रंग भरते हैं।



**बच्चों के लिए चुनें सही कोर्सः** सभी पैरेंट्स सोचते हैं कि गर्मी की छुट्टी में बच्चों को क्या ऐसा कोर्स कराएं कि अवकाश के दिनों में भी उनका समुचित विकास हो। जरूरी यह है कि पैरेंट्स की इच्छा से बच्चों के रुचि-रुझान का भी मेल हो। इन दिनों क्रिकेट, स्केटिंग, योग, कसरत, डांस, म्यूजिक, स्केचिंग, पेंटिंग, स्टोरी टेलिंग और पब्लिक स्पीकिंग जैसी कई तरह की क्लास चलती हैं, पर कोई भी कोर्स नहीं चुना जा सकता। ना ही हर कोर्स, हर बच्चे के लिए सही होता है। इसीलिए घर के छोटे सदस्यों की रुचि और उम्र के अनुसार ही कोर्स का चयन करना आवश्यक है। इस मोर्चे पर पैरेंट्स अपनी पसंद बिलकुल भी न थोपें। छुट्टियां खुशियों का ही समय होता है। बिना किसी के दबाव के कलात्मक गतिविधियां करने से डोपामाइन हार्मोन बढ़ता है। यह हार्मोन बच्चों को खुशी और शांत मन की सौगात देता है। प्रसन्न और पॉजिटिव माइंडसेट से किए गए ऐसे शॉर्ट-टर्म कोर्स कई बार जिंदगी भर के लिए बच्चों के शौक की बुनियाद बना देते हैं।

**घर में भी रचनात्मक गतिविधियांः**समर क्लास या समर कैंप न जाने वाले बच्चे घर में भी क्रिएटिव छुट्टियां बिता सकते हैं। समर वैकेशन में आस-पड़ोस के बच्चे मिल-जुलकर कुछ नया सीख सकते हैं। कुछ एक्टिविटीज में तो पैरेंट्स भी शामिल हो सकते हैं। बच्चों के साथ पैरेंट्स कोई नई रेसिपी बना सकते हैं। इससे बच्चे घर और रसोई के छोटे-छोटे काम करना सीखेंगे। घर में पैरेंट्स के साथ क्वालिटी टाइम बिताते हुए बच्चे घर और अपना कमरा साफ रखने और चीजों को सही जगह पर जांचने का पाठ भी पढ़ सकते हैं। फुर्सत के पलों में सहज अंदाज में दिए गए अभिभावकों के दिशा-निर्देश बच्चों को बोझ भी नहीं लगते। इतना ही नहीं बच्चे ऑनलाइन क्लासेस के जरिए भी कोई नई भाषा सीख सकते हैं। तकनीकी फील्ड में रुचि हो तो कोडिंग, रोबोटिक्स या डिजिटल आर्ट के क्लास ले सकते हैं। सुबह-शाम बच्चों के साथ इंडोर गेम्स खेलने के लिए समय निकालना भी फुर्सत में कुछ पल बिताने का बहुत प्यारा तरीका है। a

थेरेपी
डॉ. गौरव गुप्ता
सीनियर साइकिएट्रिस्ट-सीईओ
तुलसी हेल्थकेयर, गुरुग्राम

प्रेगनेंट महिलाएं शारीरिक और मानसिक रूप से हेल्दी रहने के लिए कई उपाय आजमाती हैं। इसमें लाफ्टर थेरेपी भी बहुत फायदेमंद साबित हो सकती है। इसके क्या फायदे हैं और इसे कैसे करना चाहिए, जानिए।

## प्रेगनेंट महिलाओं के लिए फायदेमंद है लाफ्टर थेरेपी



गर्भावस्था हर महिला के जीवन का सबसे खास लेकिन चुनौतीपूर्ण दौर भी होता है। इस दौरान उनके शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव, शारीरिक असामान्यता और कई तरह की चिंताएं, महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालती हैं। इस वजह से प्रेगनेंसी का दौर कुछ महिलाओं को मुश्किलों भरा लगने लगता है। ऐसे में गर्भवती महिला के मानसिक स्वास्थ्य और बच्चे की ग्रोथ पर इसका बहुत बुरा असर पड़ सकता है। ऐसे में लाफ्टर थेरेपी यानी हंसी को अपनी डेली रूटीन का हिस्सा बनाना, मां और बच्चे दोनों के लिए लाभकारी हो सकता है। आइए जानते हैं लाफ्टर थेरेपी और इससे होने वाले फायदों के बारे में।

**लाफ्टर थेरेपी क्या हैः** लाफ्टर थेरेपी एक नेचुरल हीलिंग तकनीक है, जिसमें हंसी के माध्यम से तनाव को कम किया जाता है। यह शरीर में एंडोर्फिन (हैप्पी हार्मोन) के स्तर को बढ़ाती है और कॉर्टिसोल (स्ट्रेस हार्मोन) के स्तर को घटाती है।

**लाफ्टर थेरेपी के फायदेः** तनाव और चिंता में कमी गर्भावस्था में मानसिक तनाव आम बात है। हंसी से दिमाग में सकारात्मक ऊर्जा आती है, जिससे मूड बेहतर होता है और चिंता का स्तर कम होता है।

**नींद में सुधारः** हंसी से शरीर रिलैक्स होता है, जिससे नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है। यह गर्भवती महिलाओं के लिए जरूरी है।

**इम्यूनिटी बूस्टरः** लाफ्टर थेरेपी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है। इससे संक्रमण या मौसमी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।



**हार्मोनल बैलेंस में मददः** हंसी हार्मोनल उतार और चढ़ाव को संतुलित करने में सहायक होती है, जिससे मूड स्विंग्स नियंत्रित रहते हैं।

**डिलीवरी के लिए तैयारीः** हंसने से फेफड़े और पेट की मांसपेशियां सक्रिय होती हैं, जिससे श्वसन और रक्त संचार बेहतर होता है। यह डिलीवरी के समय सहनशक्ति बढ़ाने में मदद करता है।


**शिशु पर सकारात्मक असरः** मां के हंसने से गर्भ में पल रहे शिशु तक मां की सकारात्मक भावनाएं पहुंचती हैं। खुश मां का असर शिशु के विकास पर भी बहुत सकारात्मक रूप से पड़ता है।

**कैसे करें लाफ्टर थेरेपीः** रोजाना सुबह 10-15 मिनट हंसने की आदत डालें। लाफ्टर योगा या ग्रुप एक्टिविटीज का हिस्सा बनें। कॉमेडी फिल्में या हल्के-फुल्के टीवी शो देखें। परिवार और दोस्तों के साथ हंसी-मजाक में वक्त बिताएं। a

**प्रस्तुतिः निकिता चौहान**

### तब जरूर करें डॉक्टर से कंसल्ट

लाफ्टर थेरेपी, प्रेगनेंसी के दौरान दवारहित और पूरी तरह सुरक्षित उपाय है। यह मां के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर शिशु के स्वस्थ विकास में मदद करती है। हालांकि अगर गर्भावस्था में किसी प्रकार की मेडिकल जटिलता हो तो डॉक्टर की सलाह लेकर ही इस थेरेपी को अपनाना चाहिए।


स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## गर्मी के मौसम में स्किन केयर गुलाब जल है बहुत कारगर

गुलाब जल का इस्तेमाल सुंदरता निखारने में सदियों से किया जा रहा है। शायद यही वजह है कि जब स्किन केयर की बात आती है तो गुलाब जल का नाम भी आता है। यह आपकी त्वचा और चेहरे को ठंडक प्रदान करता है, जबकि इसकी खुशबू आपको तरोताजा रखती है और मूड को बेहतर बनाती है। गर्मियों में गुलाब जल त्वचा के लिए एक नेचुरल टोनर, क्लींजर और हाइड्रेटर की तरह काम करता है। यह त्वचा को ठंडक, नमी और निखार देता है, साथ ही पीएच स्तर को संतुलित रखता है। यह टैनिंग, सनबर्न, मुंहासों और अतिरिक्त तेल को कम करने में बेहद प्रभावी है। इसे स्प्रे, टोनर या फेस पैक के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं।

**गुलाब जल स्प्रेः** एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर गुलाब जल गर्मियों की तेज धूप से स्किन को सुरक्षित रखता है। गर्मियों में रूखी, बेजान चेहरे की त्वचा को तरोताजा रखने के लिए गुलाब जल को फेस मिस्ट के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। आप इसे एक बोतल में रखकर चेहरे पर स्प्रे कर सकती हैं। इसे पूरी तरह सोखने दें। अगर आप कील, मुंहासों और दाग-धब्बों से परेशान हैं तो आप रात को सोने से पहले कॉटन बॉल की मदद से गुलाब जल लगाएं और इसे रात भर लगा रहने दें। आप इसे चेहरे पर सीधे भी स्प्रे कर सकती हैं या गुलाब जल को आइस ट्रे में जमा लें और इन आइस क्यूब को चेहरे पर हल्के-हल्के हाथों से मसाज करें। इससे तपती धूप में ठंडक मिलेगी और चेहरे पर ग्लो दिखेगा। गर्मियों के दिनों में ऑयली स्किन पर पिंपल होना आम समस्या है। इससे निपटने के लिए एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी में दो-तीन चम्मच गुलाब जल को मिलाकर बने पेस्ट को चेहरे पर लगा लें और इसे प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। पूरी तरह सूख जाने के बाद इसे ताजे ठंडे पानी से धो डालें।



**डार्क सर्कलः** गुलाब जल के उपयोग से आंखों के आस-पास डार्क सर्कल को कम करने में मदद मिलती है। इसके लिए आप प्रभावित क्षेत्र में रूई की मदद से गुलाब जल लगाएं, जिससे त्वचा में नमी बढ़ेगी और डार्क सर्कल धीरे-धीरे कम होंगे। डार्क सर्कल के लिए गुलाब जल और ठंडे दूध को अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को कॉटन बॉल की मदद से आहिस्ता-आहिस्ता आंखों को नीचे लगाकर आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो डालें। इसे सप्ताह में तीन बार आप यूज कर सकती हैं।

**फेस पैकः** पुदीने और गुलाब जल का पैक त्वचा को मुलायम बनाने में सहायक होता है। पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा सा गुलाब जल मिलकर बने पैक को चेहरे पर कुछ देर तक लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालें। a



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

## आज रात 7.30 बजे से रियान और श्रेयस की टीमों में रोमांचक मुकाबला

# अजेय रथ पर सवार पंजाब, आरआर की अग्नि परीक्षा!

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

पिछले कुछ मैचों में अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं कर पाने वाले राजस्थान रॉयल्स को मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अगर पंजाब किंग्स का अजेय रथ रोकना है तो रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान रियान पराग को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा।

रिकी पोंटिंग का मुख्य कोच का पद संभालने और श्रेयस अय्यर के कप्तान बनने के बाद पंजाब किंग्स में आमूलचूल बदलाव देखने को मिले हैं और उसने तब से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले साल उसकी टीम उप विजेता रही थी और इस साल उसने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया है।

### श्रेयस ने निभाई कप्तान के रूप में अहम भूमिका

श्रेयस ने कप्तान और बल्लेबाज के रूप में बेहद दबाव वाली परिस्थितियों में सराहनीय धैर्य का प्रदर्शन करते हुए पंजाब किंग्स के टूर्नामेंट में अब तक अजेय रहने में अहम भूमिका निभाई है। अय्यर ने शानदार कप्तानी की है, लेकिन उनकी पूरी टीम ने एकजुट होकर अपना योगदान दिया है। पंजाब किंग्स ने पिछले सत्र में आईपीएल के इतिहास के सबसे कम स्कोर का बचाव किया था और अब उसने नई दिल्ली में शनिवार को भीषण गर्मी के बावजूद रिकॉर्ड 265 रन के लक्ष्य को बेहद आसानी से हासिल कर लिया था।



मैच का समय : रात 7.30 बजे

### प्रियांश-प्रभसिमरन की विस्फोटक जोड़ी

पंजाब किंग्स की 7 मैचों में 6 जीत (एक मैच बारिश के कारण रद्द) प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की विस्फोटक सलामी जोड़ी की बदौलत संभव हो पाई हैं। इन दोनों ने दिल्ली के खिलाफ पावरप्ले में 116 रन बनाकर अपनी टीम को कोटला में रिकार्ड लक्ष्य हासिल करने में मदद की। उस मैच में पंजाब किंग्स के गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई थी, लेकिन बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों और सीमा रेखा छोटी होने के कारण उन्हें ज्यादा दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

### पंजाब का घरेलू मैदान में आखिरी मैच

पंजाब किंग्स अपने इस घरेलू मैदान पर इस सत्र का अपना आखिरी मैच खेलेगा। उसकी टीम अपने आखिरी 3 मैच धर्मशाला में खेलेगी, इसलिए उम्मीद की जा रही है कि परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ होने के कारण वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी अपना विजय अभियान जारी रखने में सफल रहेगी।

### निरंतरता बनाए रखने में नाकाम आरआर

राजस्थान रॉयल्स ने टूर्नामेंट की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन पहले 4 मैच जीतने के बाद उसने अपनी लय खो दी है। युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन टीम निरंतरता बनाए रखने में सफल नहीं रही है। उसने अब तक जो 8 मैच खेलें हैं उनमें कप्तान पराग का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, जिससे उसके मध्य क्रम पर दबाव बन रहा है। पराग ने अभी तक 8 पारियों में केवल 88 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 112.82 है। हर मैच के साथ उन पर दबाव बढ़ता जा रहा है। राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में सनराइजर्स

### हमें नहीं पता कि चंडीगढ़ में क्या होगा

पराग ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर दिन अलग-अलग मैदान, अलग-अलग मैच और उनसे निपटने के अलग-अलग तरीके होते हैं। अभी हमें नहीं पता कि चंडीगढ़ में क्या होगा। मेरे कहने का मतलब यह है कि उन्होंने दिल्ली में बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया था लेकिन चंडीगढ़ एक नया मैदान है, नई पिच है, नई मिट्टी है। इसलिए उम्मीद है कि मैच उस स्थिति तक नहीं जाएगा।'

## सिंधू उठाएगीं खिलाड़ियों के मसले बीडब्ल्यूएफ के लिए काम किया शुरू

एजेंसी ▶▶| होर्सेंस

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की परिषद के सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल शुरू कर दिया है और उन्होंने दुनिया भर के खिलाड़ियों के मसलों को उठाने का वादा किया।

बैडमिंटन की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक सिंधू ने दिसंबर में बीडब्ल्यूएफ खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के बाद बीडब्ल्यूएफ परिषद में पूर्ण मतदान का अधिकार हासिल कर लिया है। सिंधू आधिकारिक तौर पर 2025 के आखिर में परिषद में शामिल हुई थी। उन्होंने 25 अप्रैल को यहां वार्षिक आम बैठक में पहली बार हिस्सा लिया और इस तरह से उनके कार्यकाल की शुरुआत हुई।




### मेरे लिए सौभाग्य की बात : पीवी

सिंधू ने कहा, ' विश्व बैडमिंटन महासंघ के यह जिम्मेदारी निभाना और दुनिया भर के खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए वास्तव में सम्मान और सौभाग्य की बात है।'' उन्होंने कहा, बैडमिंटन ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मुझे खुशी है कि मुझे इस क्षमता से भी खेल की सेवा करने का मौका मिल रहा है।'


### शेवरोन चैंपियनशिप

## नेली फिर बनीं नंबर-1 महिला गोल्फर

एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

*अमेरिका की नेली कोर्डा शेवरोन चैंपियनशिप जीतकर फिर से दुनिया की नंबर एक महिला गोल्फर बन गई हैं। कोर्डा ने चौथे और आखिरी दौर में दो अंडर 70 के स्कोर के साथ पांच शॉट की जीत हासिल की और अपने करियर का तीसरा मेजर खिताब जीता। उन्होंने कुल 18 अंडर 270 का स्कोर बनाया। यह उनकी एलपीजीए में 17वीं और विश्व स्तर पर 21वीं जीत थी। इससे यह 27 वर्षीय अमेरिकी स्टार अगस्त के बाद पहली बार महिला विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी करने में सफल रही। कोर्डा ने न केवल शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रखी, बल्कि किसी अन्य खिलाड़ी ने उनके सामने चुनौती पेश ही नहीं की।*

## चोट के कारण एशियाई चैंपियनशिप नहीं खेल पाएंगी मीराबाई चानू




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू अगले महीने गांधीनगर में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में कंधे की चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाएंगी तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई को फरवरी में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान यह चोट लगी थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, ' राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान मीराबाई के कंधे में हल्की चोट लग गई थी। यह साल बहुत अहम है क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल होने वाले हैं और वह कोई भी जोखिम नहीं ले सकतीं।'

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

मोदीनगर में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 31 साल की मीराबाई ने कुल 205 किग्रा (89 किग्रा और 116 किग्रा) भार उठाकर 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। मीराबाई 23 जुलाई से दो अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 48 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी, जिसके बाद अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेले 2026 के लिए वह अपना वजन बढ़ाकर 53 किग्रा वर्ग में आ जाएंगी। एशियाई खेल ही एकमात्र ऐसा बड़ा टूर्नामेंट है, जिसमें मणिपुर की इस भारोत्तोलक ने अभी तक कोई पदक नहीं जीता है। साथ ही यह 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए पहला क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी होगा। एशियाई चैंपियनशिप मूल रूप से एक से 10 अप्रैल तक होनी थी लेकिन पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण इसे एक महीने से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था।

## कोको की कोर्ट पर वोमिटिंग फिर भी चौथे दौर में पहुंची



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

*अमेरिका की स्टार खिलाड़ी कोको गॉफ बीमार पड़ने और कोर्ट पर उल्टी करने के बावजूद मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंच गई हैं। पिछले साल मैड्रिड ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली गॉफ ने सोराना सिर्स्टिया के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 4-6, 7-5, 6-1 से जीत दर्ज की।*

*गॉफ ने दूसरे सेट के बीच में कोर्ट पर उल्टी कर दी थी, जिससे वह थोड़ा असहज महसूस करने लगी थी। कोको ने कहा, 'जब मैंने कोर्ट पर उल्टी कर दी, तो मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। इसके बाद पहले और दूसरे गेम के बाद मुझे लग रहा था कि जैसे मेरी सारी ऊर्जा छीन ली गई है।' इससे पहले शनिवार को विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक अज्ञात बीमारी के कारण अमेरिकी खिलाड़ी एनली के खिलाफ मैच के बीच से हट गई थी।*

### मुझे मैच से हटना पसंद नहीं : कोको

*गॉफ ने कहा, 'मुझे मैच से हटना पसंद नहीं है। मैं ऐसा तब तक नहीं करती जब तक मुझे सच में यह न लगे कि मेरे पास कोई और विकल्प नहीं है।' गॉफ का अगला मुकाबला 13वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से होगा।*

### महिला एसए ओपन : संयुक्त 24वें स्थान पर प्रणवी



**केपटाउन।** भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स ने अंतिम दौर में एक अंडर 72 का स्कोर बनाकर इन्वेस्टेक एसए महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 24वां स्थान हासिल किया लेकिन दीक्षा डागर (76) अंतिम दिन निराशाजनक प्रदर्शन के कारण नीचे खिसक गई। दीक्षा आखिर में संयुक्त 37वें स्थान पर रहीं, जबकि अवनी प्रशांत (77) ने संयुक्त 57वां स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी वाणी कपूर, त्वेसा मलिक और हिताशी बख्शी कट में जगह बनाने से चूक गईं थीं। इस बीच इंग्लैंड की एस्मे हैमिल्टन ने दो शॉट की जीत के साथ अपना पहला एलईटी (लेडीज यूरोपियन टूर) खिताब जीता।

वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE
सत्यमेव जयते

तिमाही रिटर्न मासिक भुगतान योजना
(क्यू.आर.एम.पी)

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ₹ 5 करोड़ तक के सकल वार्षिक टर्नओवर वाले छोटे करदाताओं के लिए व्यापार सरल बनाने की दिशा में कदम




क्यू.आर.एम.पी योजना का लाभ उठाने के इच्छुक पात्र करदाता जीएसटी पोर्टल (www.gst.gov.in) पर निम्न प्रक्रिया द्वारा इस योजना का विकल्प चुन सकते हैं:

करदाता इंटरफेस पर लॉग इन करें

Services>Returns>Opt-in for quarterly return पर जाएं

वर्तमान में क्यू.आर.एम.पी योजना का लाभ उठा रहे करदाताओं को योजना के लिए पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है

लाभ

- तिमाही में सिर्फ एक बार जी.एस.टी. स्टेटमेंट/रिटर्न फॉर्म, जी.एस.टी.आर.-1 और फॉर्म जी.एस.टी.आर.-3बी में फाइल करें
- योजना को अपनाना/छोड़ना सरल
- फ्लेक्सिबल इनवॉयस दाखिल करने की सुविधा का लाभ उठाएं
- हर तिमाही में एक बार ITC और कर का स्वयं-मूल्यांकन
- तिमाही के पहले दो महीनों में फिक्स्ड सम विधि (पहले से भरा हुआ चालान) अथवा स्वयं मूल्यांकन विधि (ITC को सम्मिलित करके वास्तविक करदेयता) द्वारा मासिक कर का सरलतापूर्वक भुगतान करने की सुविधा



वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही से क्यू.आर.एम.पी योजना का विकल्प चुनने की अंतिम तिथि
30 अप्रैल, 2026

पात्र पंजीकृत व्यक्ति किसी तिमाही के लिए योजना का विकल्प, उसकी पिछली तिमाही के दूसरे महीने के पहले दिन से लेकर तिमाही के पहले महीने के अंतिम दिन तक चुन सकता है

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिसूचना सं. 81 से 85/2020-केंद्रीय कर और परिपत्र सं. 143/13/2020-जीएसटी दिनांक 10.11.2020 को देखें

जीएसटी रिटर्न दाखिल करनाः तीव्र, आसान और सरलीकृत

क्यू.आर.एम.पी योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया स्कैन करें

CBC 15502/13/0002/2627

@cbicindia @cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @CBIC india




## ओबीसी आरक्षण मामले में हाईकोर्ट में नियमित सुनवाई शुरू, आज सुबह 11 बजे से चीफ जस्टिस की बेंच में होगी

# सबसे पहले ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के खिलाफ दलीलें सुनेगी हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में सोमवार को ओबीसी आरक्षण से जुड़ी 86 याचिकाओं की सुनवाई की गई। शाम 4:35 से 5:10 बजे तक चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सुनवाई की।बेंच ने सभी पक्षों के अधिवक्ताओं से अंडरटेकिंग ली की कौन कितने समय तक बहस करेगा।इसके बाद कोर्ट ने निर्धारित किया कि सर्वप्रथम ओबीसी आरक्षण के विरुद्ध याचिकाकर्ताओं के वकीलों को सुना जाएगा। इसके बाद राज्य सरकार व फिर ओबीसी आरक्षण के पक्ष में याचिकाकर्ताओं के वकीलों को सुना जाएगा। मंगलवार को सुबह 11 बजे से आगे सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में अशिता दुबे व अन्य की ओर से दायर याचिका में ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण बढ़ाकर 27 प्रतिशत किये जाने को चुनौती दी गई थी। इसके बाद से लगातार ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के पक्ष और विपक्ष में सैकड़ों



याचिकाएं दायर हुईं। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी, ओबीसी के विशेष अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, ओबीसी वर्ग के अधिवक्ता वरुण ठाकुर, मप्र सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, सुको के वरिष्ठ अधिवक्ता केएम नटराजन खड़े हुए।

### सुप्रीम कोर्ट से वापस आए हैं मामले

दरअसल, पूर्व में मध्य प्रदेश ने ओबीसी से जुड़े प्रकरण सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित करा लिए थे। सुप्रीम कोर्ट 19 फरवरी, 2026 को इन मामलों को वापस हाईकोर्ट को ट्रांसफर कर दिया था।

**हाईकोर्ट ने कहा, गिरफ्तारी से जुड़े दस्तावेज और सीसीटीवी फुटेज भी पेश करने के निर्देश, राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया के नाम से वायरल फर्जी पत्र के मामले में कांग्रेस आईटी सेल के तीन कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी का मामला**

## तीनों आरोपियों को कल हर हाल में कोर्ट के समक्ष पेश करो

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राजस्थान पुलिस को कड़ी फटकार लगाई है। राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया के नाम से वायरल फर्जी पत्र के मामले में गिरफ्तार कांग्रेस आईटी सेल के तीन कार्यकर्ताओं को आदेश के बावजूद कोर्ट में पेश न करने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई।चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने पुलिस की ओर से बताई गई मिस कम्यूनिकेशन की वजह को नहीं माना। बेंच ने राजस्थान पुलिस को दो दिन का समय देते हुए निर्देश दिया कि निखिल, बिलाल और इनाम को 29 अप्रैल को हर हाल में कोर्ट के समक्ष पेश किया जाए। साथ ही उनकी गिरफ्तारी से जुड़े दस्तावेज और सीसीटीवी फुटेज भी प्रस्तुत किए जाएं। भोपाल के खिजर खान व अन्य की ओर से अधिवक्ता एचएस छाबड़ा ने पक्ष रख बताया कि 20 अप्रैल, 2026 की सुबह लगभग 3बजे साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, भोपाल में पुलिस द्वारा कांग्रेस आईटी सेल के तीन कार्यकर्ताओं (निखिल, बिलाल व इनाम) को अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था और उन्हें दो दिनों तक किसी भी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश नहीं किया गया है। वहीं शासन की ओर से दलील दी गई कि राजस्थान पुलिस की मौखिक सूचना पर तीनों को पुलिस थाने बुलाकर पूछताछ की गई और फिर उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया। अगले दिनh दोपहर को फिर सायबर सेल बुलाया और राजस्थान पुलिस को सौंप दिया गया। बताया गया कि हिरासत या उनकी गिरफ्तारी का कोई रिकॉर्ड या उन्हें राजस्थान पुलिस को सौंपने से संबंधित कोई दस्तावेज उन्हें नहीं भेजा गया है। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि पुलिस का पूरा बयान झूठा और मनगढ़ंत है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को 20 अप्रैल, 2026 की तड़के हिरासत में लिया गया था और उन्हें किसी भी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश नहीं किया गया। यहां तक कि ट्रांसिट रिमांड के लिए भी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश नहीं किया गया।

**मौसम ने ली करवट : पश्चिमी विक्षोप से बादल छाए**

## झोंकेदार हवाओं के बीच बूंदाबांदी की संभावना



*बीते तीन दिनों से पारा लगातार ऊपर चल रहा था। सोमवार को भी सुबह मौसम के मिजाज तल्ख थे, लेकिन दोपहर बाद अचानक आसमान पर बादल छांए और तेज झोंकेदार हवाएं चलने लगी। पारा 42.07 डिग्री पर रहा।*

**जबलपुर।** मौसम विज्ञान केन्द्र ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटे के दौरान भी जिले में ऐसा ही मौसम रहेगा। तेज झोंकेदार हवाओं के बीच कहीं कहीं वर्षा भी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोप की वजह से बादल आ गए है। पारे की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा लेकिन उमस दुगनी रफ्तार से हावी हो गई। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार बुधवार को बादल आते जाते रहेंगे, और बूंदाबांदी होगी। गुरुवार को फिर मौसम साफ होगा। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान एक पश्चिमी विक्षोभ ईरान के ऊपर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इससे एक द्रोणिका भी संबद्ध है। दक्षिणी राजस्थान एवं उससे लगे उत्तरी गुजरात पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर उत्तरी ओडिशा तक भी एक द्रोणिका बनी हुई है। बंगाल की खाड़ी में एक प्रति चक्रवात अभी भी बना हुआ है जिससे आ रही नमी से बादल छा रहे हैं। अगले 48 घंटे के दौरान मौसम प्रणालियां कमजोर पड़ जाएंगी और मौसम का मिजाज भी सुधरने लगेगा।

मौसम विज्ञान केन्द्र से बताया गया कि पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 42.07 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक, न्यूनतम तापमान 26.08 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 37 प्रतिशत और सायंकाल 24 प्रतिशत दर्ज की गई। शहर में उत्तर पश्चिमी हवाएं 6 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 45 डिग्री तापमान खजुराहो जिले में और सबसे कम 14.6 डिग्री पचमढ़ी में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 35.05 और न्यूनतम तापमान 24.02 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर सहित संभाग के अनेक जिलों में गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है।

**सरकार को दस्तावेजों की पुष्टि के लिए 2 सप्ताह का मिला समय**

## दुबई से सतीश सनपाल ने भारतीय दूतावास के जरिए भेजे वकालतनामे

**जबलपुर।** मप्र उच्च न्यायालय में सतीश सनपाल द्वारा दायर 5 पुनरीक्षण याचिकाओं में नया मोड़ आ गया है। दुबई में रह कर जबलपुर में सटटे के बडे कारोबार को संचालित करने के आरोपी सतीश सनपाल ने भारतीय दूतावास के माध्यम से हस्ताक्षरित वकालतनामें उच्च न्यायालय में पेश किए हैं। न्यायाधीश बीपी शर्मा की एकलपीठ ने उक्त दस्तावेजों की पुष्टि के लिए राज्य सरकार को दो सप्ताह का समय देते हुए मामलों की अगली सुनवाई 13 मई 26 को नियत की है। मामले में पिछले सप्ताह हुई सुनवाई पर सनपाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ तथा अधिवक्ता अनुशासित आर्य उपस्थित हुए। उन्होंने अदालत के समक्ष वह वकालतनामा प्रस्तुत किया, जिस पर याचिकाकर्ता के हस्ताक्षर हैं और जिसे दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा अग्रेषित किया गया है। याचिकाकर्ता पक्ष ने इन दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर लेने का आग्रह किया। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह तथा अधिवक्ता अमित पांडेय, आकाश मालपानी और अद्वित्य पराशर उपस्थित हुए। सरकारी पक्ष ने कहा कि प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण और सत्यापन आवश्यक है, इसलिए समय दिया जाए। एकलपीठ ने सरकारी पक्ष की यह मांग स्वीकार करते हुए दो सप्ताह की मोहलत दी।

### 5 एफआईआर को दी हैं चुनौती

गौरतलब है कि सतीश सनपाल ने अपनी याचिकाओं में दावा किया है कि वह मार्च 2020 से दुबई में रह रहा हैं और तब से भारत नहीं आया। इसके बावजूद जबलपुर के ओमती थाने में उसके खिलाफ तीन तथा सिविल लाइन्स और मदन महल थाने में एक-एक एफआईआर दर्ज की गईं। याचिकाकर्ता का दावा है कि ये मामले उसे बदनाम करने की नीयत से दर्ज किए गए हैं लिहाजा इन्हें निरस्त किया जाना चाहिए। सनपाल की याचिकाओं पर पिछली सुनवाई में राज्य सरकार ने पॉवर ऑफ अटॉर्नी के माध्यम से दायर याचिकाओं की वैधता पर आपत्ति जताई थी। इसके बाद अब भारतीय दूतावास से प्रमाणित वकालतनामा पेश किए जाने से मामले ने नया कानूनी मोड़ ले लिया है।

### मुख्यमंत्री जबलपुर पहुंचे रात्रि विश्राम के बाद आज बालाघाट जाएंगे

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का भोपाल से वायुयान द्वारा सोमवार 27 अप्रैल की रात 8.35 बजे नगर आगमन हुआ. मुख्यमंत्री यहां रात्री विश्राम करने के बाद मंगलवार की सुबह 8 बजे हेलीकाप्टर से बालाघाट के लिये रवाना होंगे. यहां बालाघाट के सूपाखार में जंगली भैंस पुनर्स्थापन का शुभारंभ करेंगे. दरअसल मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला रात्री विश्राम जबलपुर में है. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह कार्यवाह सुरेश सोनी संघ के संगठनात्मक प्रवास पर जबलपुर में हैं और केशव कुटी में रुके हुये हैं. ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि मुख्यमंत्री उनसे मिलने के लिये भोपाल से बालाघाट जाने की बजाय, जबलपुर में रात्री विश्राम का प्रोग्राम बनाकर आ रहे हैं।

**कचरे को तरसता कठौंदा प्लांट**

## हर तरफ कचरे के ढेर फिर भी 150 टन कचरा ही पहुंच रहा

**जबलपुर।** शहर में कचरा प्रबंधन की हकीकत एक अजीब विरोधाभास पेश कर रही है। सड़कों, बाजारों और मोहल्लों में जहां कचरे के ढेर आम दृश्य बन चुके हैं, वहीं शहर कठौंदा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट कचरे की कमी से जूझ रहा है। यह स्थिति न केवल नगर निगम की व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि करोड़ों की लागत से बने वेस्ट-टू-एनर्जी प्रोजेक्ट की उपयोगिता पर भी प्रश्नचिह्न लगा रही है। जानकारी के अनुसार प्लांट की स्थापित क्षमता प्रतिदिन 800 टन कचरा प्रोसेस करने की है, लेकिन हकीकत इससे काफी अलग है। सामान्य दिनों में भी प्लांट तक करीब 350 टन कचरा ही पहुंच पा रहा है, जबकि हाल ही में एक दिन यह मात्रा घटकर सिर्फ 150 टन रह गई, जिससे प्लांट ट्रिप हो गया और संचालन बाधित हो गया। प्लांट का संचालन कर रही कंपनी के अनुसार पर्याप्त और नियमित कचरा सप्लाई के बिना प्लांट को लगातार चलाना संभव नहीं है।

### हर तरफ फैला कचरा

दूसरी ओर, शहर में कचरे की स्थिति बिल्कुल उलट नजर आती है। अनुमानत करीब 450 टन कचरा रोजाना निकल रहा है, लेकिन यह कचरा व्यवस्थित तरीके से प्लांट तक नहीं पहुंच पा रहा। रविवार को सफाई व्यवस्था प्रभावित रहने के कारण कई इलाकों में कचरा उठाव नहीं हुआ, जिससे गलियों, बाजारों और मुख्य मार्गों पर कचरे के ढेर लग गए। नालियों के आसपास गंदगी फैलने से बदबू और संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है।

### कलेक्शन और ट्रांसपोर्टेशन कमजोर

विशेषज्ञों का मानना है कि समस्या कचरे की कमी नहीं, बल्कि कलेक्शन और ट्रांसपोर्ट सिस्टम की कमजोरी है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के बावजूद यदि वह प्लांट तक नहीं पहुंच रहा, तो यह स्पष्ट रूप से प्रबंधन की खामी को दर्शाता है। यदि शहर में फैले कचरे को वैज्ञानिक तरीके से प्लांट तक पहुंचाया जाए, तो एक ओर शहर की सफाई व्यवस्था सुधर सकती है और दूसरी ओर ऊर्जा उत्पादन भी बढ़ाया जा सकता है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने इस स्थिति पर चिंता जताते हुए नगर निगम से ठोस कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि एक तरफ शहर गंदगी से जूझ रहा है और दूसरी तरफ प्लांट 'कच्चे माल' के अभाव में ठप पड़ रहा है यह दोहरी विफलता है, जिसे जल्द सुधारना जरूरी है।

## प्रयागराज में हादसे का शिकार होते बची लार्डगंज पुलिस



**जबलपुर।** लार्डगंज थाने के एक एएसआई सहित तीन सदस्यों का दल सोमवार की सुबह उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लार्डगंज से लापता एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को दस्तयाब कर उत्तर प्रदेश से लौटते समय वाहन का पहिया निकल जाने से दुर्घटना का शिकार होते होते बचा । इस दुर्घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश में हुए हादसे की खबर जैसे ही जबलपुर पुलिस के आला अधिकारियों तक पहुंची तो हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के लापता होने की शिकायत लार्डगंज थाना में दर्ज कराई गई थी। तलाश के दौरान पता चला कि बच्ची बिहार में अपने किसी रिश्तेदार के यहां है। इसके बाद थाने के एएसआई राजेश वर्मा, महिला आरक्षक सरिता ठाकुर और चालक उमेश यादव की टीम बिहार पहुंची और वहां से इस टीम ने नाबालिग को सकुशल बरामद किया। इसके बाद बिहार से रविवार की रात चली पुलिस टीम का वाहन सोमवार सुबह की करीब 9 बजे जैसे ही उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित एक ओवरब्रिज पर पहुंचा कि इसी दौरान वाहन का पिछला पहिया निकल गया। इस पर ड्राइवर ने तुरंत ब्रेक लगाकर गाड़ी को नियंत्रित कर वहीं रोक दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यदि गाड़ी कुछ फीट और आगे बढ़ती तो ओवरब्रिज से नीचे गिर सकती थी।लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। वाहन में सवार सभी पुलिसकर्मी और नाबालिग सुरक्षित बताए जाते हैं।

### प्रतिस्पर्धा को लेकर चाय दुकान मालिक व पुत्र से मारपीट

**जबलपुर।** मदनमहल थानांतर्गत कल देर रात मदनमहल स्टेशन के समीप व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के चलते चार युवकों ने एक ब्राण्डेड चाय दुकान चलाने वाली महिला व उसके पुत्र के साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने चाय दुकान में तोडफ़ोड़ की। आरोपियों ने समीप ही अमृततुल्य चाय दुकान में भी तोडफ़ोड़ कर वहां खड़ी गाडियों को नाले में गिरा दिया। मदन महल पुलिस ने बताया कि बढ़ई मोहल्ला मदनमहल निवासी श्रीमती संजू उर्फ मेघा गुप्ता मदनमहल स्टेशन के समीप चाय दुकान चलाती है। कल रात लगभग 12.15 बजे मेघा गुप्ता दुकान बंद कर अपने बेटे के साथ घर जा रही थी। तभी बढ़ई मोहल्ला के सामने निक्की, किशन, शिवम चौधरी मिले। जो बोले कि तुम लोगों के दुकान चलाने से हम लोगों का धंधा नहीं चल रहा है। ऐसा कहते हुए सभी गालीगलौज करने लगे। मेघा के बेटे के विरोध करने पर तीनों ने अमन के साथ विवाद कर मारपीट की। डर के कारण मेघा व उसका बेटा अमन घर चला गया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर पता चला कि चार लडक़ों ने दुकान के सामने रखी तंदूर भट्टी, बल्ब व अन्य चीजों में तोडफ़ोड़ की है। बाद में आरोपियों ने समीप ही अमृततुल्य व मनोहर चाय दुकान में तोडफ़ोड़ कर गाडियों में तोडफ़ोड़ कर उन्हें नाले में गिरा दिया।

**नवागत महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने मीडिया से की सौजन्य भेंट**

# यात्री सुविधाओं में विस्तार एवं संरक्षा कार्यप्रणाली और नवाचार को बढ़ावा देने विशेष प्रयास

हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने मीडिया से सौजन्य भेंट करते हुए बताया कि नई रेललाइन परियोजनाओं, अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यों, अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों को गति प्रदान करने, यात्री सुविधाओं में विस्तार एवं संरक्षा कार्यप्रणाली और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यालय एवं मंडल स्तर पर नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर बेहतर रेल संचालन और उत्कृष्ट सेवाएं सुनिश्चित की जा रहीं हैं। महाप्रबंधक श्री सिंह ने कार्यालय के मंत्रणा सभागार में मीडिया कर्मियों को बताया कि पश्चिम मध्य रेल में माल लदान, यात्री संख्या एवं राजस्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 पश्चिम मध्य रेल के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर कमीशनिंग, नई लाइन बिछाने, दोहरीकरण/ तिहरीकरण, रेल फ्लाई ओवर निर्माण, स्क्रैप बिक्री, यात्री सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षित एवं सुचारु रेल परिचालन तथा तकनीकी नवाचारों के साथ उपलब्धियों से भरा वर्ष साबित हुआ। महाप्रबंधक ने बताया कि स्क्रैप निस्तारण के माध्यम से संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करते हुए अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया गया। पश्चिम मध्य रेल ने 58.07 मिलियन टन माल लदान कर अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड बनाया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.06 प्रतिशत अधिक है। कुल 1160 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जो पिछले वर्ष से 6.63 प्रतिशत अधिक है।

यात्री राजस्व ₹2572.55 करोड़ तथा माल राजस्व ₹6079.02 करोड़ रहा। कुल राजस्व ₹9126.35 करोड़ दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.99 प्रतिशत अधिक है। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के अंतर्गत 117 किमी रेल परियोजनाएँ पूर्ण की गईं, जिससे क्षमता और परिचालन दक्षता में वृद्धि हुई। जबलपुर स्टेशन के पुनर्विकास हेतु टेंडर प्रक्रिया को तेजी से किया जा रहा है। स्क्रैप निस्तारण से ₹361.7 करोड़ की आय अर्जित की गई। संरक्षा के क्षेत्र में *'कवच' प्रणाली को कोटा–मथुरा एवं कोटा–नागदा सेक्शन पर लागू किया गया तथा 87 लोकोमोटिव में इसकी स्थापना की गई। गर्मी के मौसम में यात्रियों की सुविधा हेतु पश्चिम मध्य रेल द्वारा 18 समर स्पेशल ट्रेनो से 192 ट्रिप का संचालन किया जा रहा है साथ ही 200 से अधिक ट्रेनों का संचालन पश्चिम मध्य रेल के क्षेत्र से होकर हो रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत नर्मदापुरम, शाजापुर, कटनी साउथ सहित कई स्टेशनों का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि विदिशा, सांची, हरदा सहित अन्य स्टेशनों पर कार्य अंतिम चरण में है। अधोसंरचनात्मक कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि पश्चिम मध्य रेल में नई रेललाइन परियोजनाओं में ललितपुर-खजुराहों-सतना-पन्ना-रीवा-सीधी-सिंगरौली (541 किमी) एवं रामगंजमण्डी-भोपाल (276.5 किमी) के निर्माण कार्य प्रगति पर है और निर्धारित लक्ष्य में पूरा करने के उद्देश्य से तेजी से कार्य किया जा रहा है। बीना-कटनी तीसरी लाइन (259 किमी) का संपूर्ण कार्य जनवरी 2026 में पूर्ण कर लिया गया है, इसी प्रकार रीवा-सतना दोहरीकरण (50 किमी) का केवल एक मात्र शेष रेलखंड हिनौता रामवन-तुर्की रोड (09 किमी) इस वर्ष जून 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। इसी प्रकार इटारसी-मानिकपुर रेलखंड में तीसरी लाइन का स्वीकृत कार्य का सर्वे अंतिम चरण में है, इसके पूर्ण होते ही कार्य तीव्र गति से प्रारंभ कर दिया जायेगा। अन्य स्वीकृत कार्यों में बीना-भोपाल-इटारसी चौथी लाइन का भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रगति पर है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन, स्वच्छता अभियान, बेहतर खानपान व्यवस्था तथा स्टेशन परिसरों का अपग्रेडेशन एवं सौंदर्यीकरण जैसे कार्य निरंतर किए जा रहे हैं Iऔर भविष्य में भी नए आयाम स्थापित करने के सम्पूर्ण प्रयास किये जाएंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240